

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# विश्व विजेता टाइम्स

तापमान
अधिकतम 26°C
न्यूनतम 12°C



वर्ष : 22 | अंक : 153 | लखनऊ, बुधवार, 10 फरवरी, 2021 | मूल्य : 2 रुपये | पृष्ठ - 8 | www.vishwavijetatimes.com


**एक नजर**

### राम तेरी गंगा मैली के अभिनेता राजीव कपूर का दिल का दौरा पड़ने से निधन

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता और फिल्म निर्माता राजीव कपूर ने मुंबई में दिल का दौरा पड़ने से 58 वर्ष की उम्र में अंतिम सांस ली। राजीव स्वर्गीय राज कपूर के तीन बेटों में सबसे छोटे थे, और रणधीर कपूर और स्वर्गीय ऋषि कपूर के छोटे भाई थे। उनकी मौत की खबर की पुष्टि करते हुए भाभी नीतू कपूर ने मंगलवार दोपहर को इंस्टाग्राम पर राजीव की एक तस्वीर शेयर की, जहां उन्होंने आरआईपी लिखा। ट्रेड एनालिस्ट कोमल नाहटा ने भी मंगलवार दोपहर को ट्वीट करके इस खबर की पुष्टि की। उन्होंने ट्वीट में लिखा, बहुत दुखद समाचार। राजीव (चिम्पू) कपूर का दिल का दौरा पड़ने से निधन। बॉलीवुड में अपने उपनाम चिम्पू से जाने जाने वाले राजीव ने राजकपूर की 1985 की ब्लॉकबस्टर फिल्म राम तेरी गंगा मैली में मंदाकिनी की सह-भूमिका से फेमस हुए थे। इसके अलावा उन्होंने लावा, जलजला और जबरदस्त जैसे फिल्मों में काम किया है। राजीव कपूर ने प्रेम ग्रंथ फिल्म के जरिए निर्देशन में कदम रखा था।

### लाल किला पर झंडा फहराने का आरोपी दीप सिद्धू गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की टीम ने गणतंत्र दिवस के दिन ट्रैक्टर रैली के दौरान लाल किला पर झंडा फहराने के मुख्य आरोपी दीप सिद्धू को गिरफ्तार कर लिया है। स्पेशल सेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि दक्षिण पश्चिम रेंज की टीम ने 26 जनवरी के बाद से फरार सिद्धू को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। दिल्ली पुलिस ने सिद्धू की गिरफ्तारी के लिए एक लाख रुपये का इनाम रखा था।

गौरतलब है 26 जनवरी को राजधानी में हुई हिंसक घटना और लाल किले पर सिखों का पवित्र झंडा निशान साहब फहराने के पीछे पंजाबी अभिनेता दीप सिद्धू का नाम सामने आया था।

### सुप्रीम कोर्ट ने आप नेता संजय सिंह की गिरफ्तारी पर लगाई रोक

**नई दिल्ली** ।सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को अंतरिम राहत दी और आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी, उनके खिलाफ उत्तर प्रदेश में राजद्रोह सहित विभिन्न आरोपों के तहत दर्ज एफआईआर को रद्द करने की मांग की गई। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार से पूछा कि सिंह के खिलाफ 14 एफआईआर को एक जगह पर सुनवाई के लिए एक साथ क्यों नहीं रखा गया। क्सांसद की ओर से शीर्ष अदालत में पेश हुए वरिष्ठ वकील विवेक तन्खा ने कहा कि अगर उनके मुवक्किल ने अपराध किया है, तो कृपया उसे जेल भेजें। न्यायमूर्ति अशोक भूषण की अध्यक्षता वाली शीर्ष अदालत की पीठ ने भी संजय सिंह द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के बाद यूपी सरकार को नोटिस जारी किया और मामले की सुनवाई मार्च के तीसरे सप्ताह तक के लिए निर्धारित की। सिंह की ओर से विवेक तन्खा ने कहा, ÷ये सभी भाषण हैं और मैं एक राजनीतिक नेता हूं।÷ इस पर, न्यायमूर्ति अशोक भूषण ने कहा, ÷आपको इस बात पर भी विचार करना चाहिए कि आप एक भाषण में क्या कहते हैं। आप (जाति) लोगों को उनकी जाति और धर्म के आधार पर विभाजित नहीं कर सकते हैं। न्यायमूर्ति भूषण ने कहा, ÷याचिकाकर्ता को अगली सुनवाई तक गिरफ्तार नहीं किया जा सकता है।÷ उन्होंने आगे कहा आप (संजय सिंह) एक सांसद हैं, इसलिए आपको सावधान रहना चाहिए कि आप क्या बोल रहे हैं। चूंकि आप एक सांसद हैं, गिरफ्तारी की मंजूरी राज्यसभा के सभापति से लेनी होती है। एक नोटिस जारी करें, और हम मार्च 3 सप्ताह में मामले की सुनवाई करेंगे।

**पीएम मोदी ने किया एलान**

## भारत और अफगानिस्तान के बीच शहतूत डैम को लेकर हुआ समझौता

**नई दिल्ली।**

भारत और अफगानिस्तान के राष्ट्र प्रमुखों के बीच मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से द्विपक्षीय वार्ता हुई. पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में क्षेत्रीय समस्याओं पर जोर दिया. इसी बातचीत के दौरान भारत-अफगानिस्तान के बीच शहतूत प्रोजेक्ट डैम पर अनुबंध हुआ. इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि भारत और अफगानिस्तान का इतिहास एक दूसरे से जुड़ा रहा है. खान-पान हो या साहित्य दोनों एक सोच के साथ आगे बढ़े हैं. पीएम मोदी ने कहा कि दोनों देशों का रिश्ता नदियों से भी जुड़ा है. पीएम मोदी ने आगे कहा कि दोनों देश लगातार दो दशकों से विकास के लिए काम कर रहे हैं. पीएम मोदी ने कहा कि भारत कई प्रोजेक्ट पर अफगानिस्तान में काम कर रहा है, जो हमारी दोस्ती को दर्शाता है. पीएम मोदी ने कहा कि कोई भी बाहरी शक्ति हमारी दोस्ती को रोक नहीं सकती है. अफगानिस्तान में निर्दोष नागरिकों को टारगेट बनाया जा रहा है. क्षेत्र में शांति की आवश्यकता है, ऐसे में हिंसा का बंद होना आवश्यक है. भारत-अफगानिस्तान दोनों ही अपने क्षेत्र को आतंकवाद से मुक्त देखना चाहते हैं. आपको बता दें कि 286 मिलियन डॉलर की लागत से बन रहे शहतूत डैम को काबुल में तैयार किया जाएगा. इसका निर्माण भारत करने जा रहा है. इस डैम से काबुल के लोगों को खेती और पीने के लिए पानी मिलेगा.




## गुलाम नबी आजाद की विदाई पर भावुक हुए पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने मंगलवार को एक बार फिर संसद के उच्च सदन को संबोधित किया. कांग्रेस के गुलाम नबी आजाद सहित चार सांसदों को आज सदन में विदाई दी जा रही है. इसी दौरान पीएम मोदी ने गुलाम नबी आजाद की जमकर प्रशंसा की. एक आतंकी घटना के बाद गुलाम नबी आजाद के साथ फोन पर हुई बात को याद करते हुए पीएम मोदी सदन में भावुक हो गए पीएम मोदी ने गुलाम नबी आजाद की प्रशंसा करते हुए कहा कि वो यहां के घर में बगीचे को संभालते हैं, जो कश्मीर की याद दिलाता है. पीएम मोदी ने कहा कि गुजरात के मुसाफिरों पर जब आतंकियों ने हमला किया था,

सबसे पहले गुलाम नबी आजाद जी का उनके पास फोन आया. वो फोन केवल सूचना देने का नहीं था, फोन पर गुलाम नबी आजाद के आंसू नहीं थम रहे थे. पीएम मोदी ने बताया कि उस समय प्रणब मुखर्जी रक्षा मंत्री थे, तो उनसे सेना के हवाई जहाज की व्यवस्था की मांग की. पीएम मोदी ने कहा कि उसी दौरान हवाई अड्डे से ही गुलाम नबी आजाद ने फोन किया, जैसे अपने परिवार के सदस्य की चिंता की जाती है वैसी ही आजाद जी ने उनके लिए चिंता प्रकट की. पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि सत्ता जीवन में आती रहती है, लेकिन उसे कैसे पचाना है, यह गुलाम नबी आजाद जी से सीखा जा सकता है. पीएम मोदी ने बताया कि एक मित्र के रूप में मैं आजाद जी का काफी सम्मान करता हूं.

## पीएम की 'आन्दोलनजीवी' वाली बात पर भड़के किसान



**नई दिल्ली**

राज्यसभा में पीएम मोदी का किसानों पर दिए गए बयान पर संयुक्त किसान मोर्चा ने पलटवार किया है। संयुक्त किसान मोर्चा ने पीएम मोदी द्वारा किसानों के किए गए अपमान की निंदा की है। उन्होंने कहा कि हम पीएम को याद दिलाना चाहेंगे कि वे आन्दोलनजीवी ही थे, जिन्होंने देश को औपनिवेशिक शासकों से मुक्त करवाया था और इसीलिए हमें आंदोलनजीवी होने पर गर्व भी है। किसानों ने कहा कि यह भाजपा और उसके पूर्वज ही है जिन्होंने कभी भी अंग्रेजों के विरुद्ध कोई आंदोलन नहीं किया। वे हमेशा से जन आंदोलनों के खिलाफ रहे, इसलिए वे अभी भी जन आंदोलनों से डरते हैं। संयुक्त किसान मोर्चा ने कहा कि यदि सरकार अब भी किसानों की मांगों को स्वीकार करती है, तो किसान वापस जाकर पूरी मेहनत से खेती करने के लिए ज्यादा खुश होंगे। यह सरकार का अड़ियल रवैया है, जिसके चलते ये आंदोलन लंबा खिंच रहा है जो कि आंदोलनजीवी पैदा कर रहा है। स्क्पर खाली बयानों से किसानों को किसी भी प्रकार से फायदा नहीं होगा और अतीत में भी इस प्रकार के अर्थहीन बयान दिए गए थे। किसानों को वास्तविकता में और समान रूप से टिकाऊ तरीके से तभी फायदा होगा जब सभी फसलों की कानूनी गारंटी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि हम सभी तरह के का विरोध करते है। पीएम का दृष्टिकोण भी खतरनाक है, यहां तक कि हम खुद को किसी भी विदेशी विनाशकारी विचारधारा से अलग करते हैं। हालांकि, रचनात्मक लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के साथ खड़ा है, जो विश्व में कहीं भी बुनियादी मानवाधिकारों को बनाए रखते हैं और पूरी दुनिया में तमाम न्यायसंगत विचारधारा वाले नागरिकों से समान पारस्परिकता की अपेक्षा करते हैं क्योंकि कहीं भी हो रहा अन्याय हर जगह के न्याय के लिए खतरा है।

### ट्रक और पिकअप वाहन की टक्कर में 6 की मौत

**जौनपुर ।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर जलालपुर थाना क्षेत्र के लहंगपुर गांव के पास मंगलवार को ट्रक और पिकअप की भिड़ंत में 6 लोगों की मौत हो गई। जबकि 4 लोग घायल हो गए हैं। एएसपी सिटी डॉक्टर संजय कुमार ने बताया कि वाराणसी-जौनपुर सीमा त्रिलोचन में जौनपुर राजमार्ग पर मंगलवार दाह संस्कार से लौटते समय ट्रक-पिकअप वाहन की टक्कर में 6 लोगों की मौत हो गई और चार लोग घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल और वाराणसी में भर्ती कराया गया है। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के जलालपुर गांव निवासी धनदेई देवी का निधन हो गया था। खजुरा गांव निवासी दामाद लक्ष्मीशंकर गांव के लोगों के साथ अंतिम संस्कार के लिए शव वाराणसी ले गए थे।

## 22 फरवरी को अपना अंतिम बजट पेश करेगी योगी सरकार, हो सकती है बड़ी घोषणाएं



**लखनऊ ।**

उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र की तैयारियां चरम पर हैं. राज्य की योगी आदित्यनाथ सरकार इस बार 22 फरवरी को अपना बजट पेश करने वाली है. बता दें कि योगी सरकार के कार्यकाल का ये अंतिम पूर्ण बजट होगा. उत्तर प्रदेश विधानसभा का सत्र 18 फरवरी से आरंभ होने जा रहा है, ऐसे में हर किसी की निगाह योगी सरकार के बजट पर है. उल्लेखनीय है कि अब उत्तर प्रदेश अपने चुनावी साल में प्रवेश करने जा रहा है, ऐसे में हर किसी की नज़र है कि यूपी सरकार इस बार बजट के पिटारे से क्या निकालती है. बताया जा रहा है कि इस बार यूपी सरकार की तरफ से बजट के आकार को बढ़ाया जा सकता है और ये तकरीबन साढ़े पांच लाख करोड़ रुपये हो सकता है. योगी सरकार का पिछला बजट लगभग 5 लाख 12 हजार करोड़ रुपये का रहा था. विधानसभा सत्र से पहले सभी विधायकों की कोरोना जांच भी होनी है. 14 से 17 फरवरी के बीच सभी विधायकों को कोरोना का टेस्ट कराना होगा. नेगेटिव होने के बाद ही कोई सदस्य विधानसभा की कार्यवाही में शामिल हो सकेगा. विधानसभा के अलावा 28 फरवरी से विधानमंडल का सत्र भी आरंभ हो रहा है, ऐसे में विधानमंडल के सदस्यों की भी जांच होगी।

## मनी लॉन्डरिंग केस: न्यायिक हिरासत में भेजे गए गायत्री प्रसाद प्रजापति, याचिका पर सुनवाई आज



**लखनऊ।**

दुष्कर्म के आरोप में जेल में कैद उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति की मुश्किलें लगातार बढ़ती ही जा रही हैं। अब मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय के विशेष न्यायाधीश दिनेश कुमार शर्मा (तृतीय) ने प्रजापति को न्यायिक हिरासत में भेजे जाने का आदेश दिया है। दरअसल, प्रजापति पर आरोप है कि खनन मंत्री के पद पर रहते हुए उन्होंने कई फर्म बनाकर करोड़ों रुपए के कालेधन को सफेद कर बेशुमार संपत्ति अर्जित की है। श्वष्ठ ने अकूत संपत्ति अर्जित करने के मामले में गायत्री प्रजापति से पूछताछ करने के लिए 10 दिन के लिए पुलिस रिमांड मांगी है। इसपर 10 फरवरी को सुनवाई की जाएगी। 26 अक्टूबर 2020 को प्रवर्तन निदेशालय ने गायत्री प्रजापति के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का केस दर्ज किया था। जांच के दौरान श्वष्ठ ने पाया कि प्रजापति ने खनन मंत्री रहते करोड़ों रुपए की संपत्ति अर्जित की और कई फर्म बनाकर उनमे पैसा निवेश किया था। 22 जनवरी को श्वष्ठ ने प्रोडक्शन वारंट के माध्यम से गायत्री को जेल से तलब किया था। 8 फरवरी 2021 को गायत्री को जेल से विशेष अदालत के सामने पेश किया गया था, जहां अदालत ने गायत्री को न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश जारी किया।

## देशद्रोह मामला: शशि थरूर और 6 पत्रकारों को सुप्रीम कोर्ट से राहत, गिरफ्तारी पर लगी रोक

**नई दिल्ली।**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा सांसद शशि थरूर और छह अन्य पत्रकारों को फिलहाल सर्वोच्च न्यायालय से राहत मिल गई है. शीर्ष अदालत ने गणतंत्र दिवस पर निकाली गई ट्रैक्टर रैली हिंसा को लेकर किए गए इनके ट्वीट से संबंधित मामलों में किसी भी एजेंसी द्वारा गिरफ्तार करने पर रोक लगा दी है.

कोर्ट ने कहा कि दो हफ्ते बाद इस मामले की फिर सुनवाई होगी. अगली सनुवाई तक गिरफ्तारी पर रोक जारी रहेगी. मुख्य न्यायाधीश एसए बोबडे, न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना और न्यायमूर्ति वी रामासुब्रमण्यन की तीन जजों की पीठ ने इस मामले की सुनवाई की. शशि थरूर की तरफ से दाखिल की गई याचिका में राजदीप सरदेसाई, मृणाल पांडे, जफर आगा, विनोद के जोस, परेश नाथ, अनंत नाथ और उनके खिलाफ पुलिस केस को खत्म करने की मांग की थी. देश की राजधानी दिल्ली में 26 जनवरी पर ट्रैक्टर रैली के दौरान एक किसान की मौत पर भ्रामक ट्वीट करने का आरोप लगाते हुए इन सभी पर देशद्रोह समेत कई धाराओं में केस दर्ज किया गया था.

इनके खिलाफ पांच राज्यों में प्राथमिकी दर्ज की गई हैं. सुनावई के दौरान दिल्ली पुलिस की तरफ से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने किसी भी तरह की राहत का विरोध किया. मेहता ने कोर्ट में कहा कि ÷इन ट्वीट्स का गणतंत्र दिवस पर भयानक प्रभाव था.

**अपने विदाई भाषण के दौरान भावुक हुए गुलाम नबी आजाद, बोले-**

## हिन्दुस्तानी मुसलमान होने पर मुझे गर्व

**नई दिल्ली।**

कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष गुलाम नबी आजाद ने आज मंगलवार को संसद के उच्च सदन में अपने कार्यकाल के अंतिम दिन कहा कि मुझे हिंदुस्तानी मुसलमान होने पर गर्व है. राज्य सभा में वक्तव्य देते हुए गुलाम नबी आजाद भावुक हो गए. इससे पहले पीएम नरेंद्र मोदी भी गुलाम नबी आजाद के विदाई भाषण के दौरान भावुक हो गए थे गुलाम नबी आजाद ने कहा कि, मेरे कॉलेज में 14 अगस्त भी मनाया जाता था और 15 अगस्त भी. 14 अगस्त किसके लिए मनाया जाता था, आप जानते हैं. गुलाम नबी आजाद ने आगे कहा कि, मुझे हिंदुस्तानी मुस्लमान होने पर गर्व है. इस देश के मुस्लमान सबसे अधिक खुशनसीब हैं. उन्होंने कहा कि आज दुनिया भर के मुस्लिम देश आपस में लड़ रहे हैं, लेकिन भारत में ऐसा नहीं है. गुलाम नबी आजाद ने अपने भाषण में पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी को याद किया. उन्होंने कहा कि,मुझे मंत्री के रूप में इंदिरा जी और राजीव जी के साथ काम करने का अवसर मिला. सोनिया जी और राहुल जी के वक्त में पार्टी को रिप्रेजेंट करने का भी अवसर मिला. हमारी माइनॉरिटी की सरकार थी और अटल जी विपक्ष के नेता थे, उनके कार्यकाल में सदन चलना सबसे आसान रहा. कई मसलों का निराकरण करना कैसे आसान होता है, ये अटल जी से सीखा था.




### विजय माल्या को लंदन हाई कोर्ट से राहत

**नई दिल्ली।**

लंदन उच्च न्यायालय ने भगोड़े शराब कारोबारी विजय माल्या को आर्थिक मोर्चे पर राहत दी है. कोर्ट ने अपने पास जमा रकम में से माल्या को रहने और कानूनी खर्च को पूरा करने के लिए लगभग 11 लाख पाउंड निकालने की इजाजत दी है. यह सुनवाई लोन नहीं चुकाने को लेकर भारतीय स्टेट बैंक के नेतृत्व में भारतीय बैंकों की ओर से की जा रही दिवाला संबंधी कार्रवाई के तहत हुई.

भारतीय एजेंसियों ने यूके की अदालत से माल्या के प्रत्यर्पण की अपील की और लंबी कानूनी जंग के बाद यूके की अदालत ने 14 मई को माल्या के भारत प्रत्यर्पण की अपील पर मुहर लगा दी थी.

# जीआईसी में न्यायाधीश शिवेंद्र मिश्रा ने लगाई

## छात्र छात्राओं को दी विधि व कैरियर संबंधी जानकारी



**देवरिया**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में राजकीय इण्टर कॉलेज देवरिया में विद्यार्थियों को विधिक साक्षरता एवं कैरियर काउंसिलिंग हेतु शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के सचिव न्यायाधीश शिवेन्द्र कुमार मिश्र रहें। न्यायाधीश ने विद्यार्थियों को विधिक साक्षरता में उनके मूल अधिकारों तथा मूल कर्तव्यों के बारे में अवगत कराया। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान में विद्यार्थियों को शिक्षा के अधिकार को मूल अधिकारों में रखा गया हैं, यह भारत के 6 वर्ष से 14 वर्ष के विद्यार्थियों को शिक्षा पाने की स्वतंत्रता देता हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आप अपने मूल अधिकारों से अधिक अपने मूल कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहें क्योंकि आप अपने दायित्वों के आधार पर ही देश के उन्नति में

अपना बहुमूल्य योगदान दे सकते हैं। यदि किसी भी प्रकार के आपसी विवाद होते हैं तो उन्हें आप बात-चीत के माध्यम से सुलझाये, जिससे आपके समय और धन दोंनो की बचत होंगी। यदि किसी भी व्यक्ति को विधिक सहायता की आवश्यकता होती हैं तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया में एक प्रार्थना पत्र देकर निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकता हैं। इस दौरान न्यायाधीश ने विद्यार्थियों के कैरियर काउंसिलिंग पर व्यापक स्तर पर चर्चा की जिसमें बच्चों ने अपने भविष्य के लक्ष्य को न्यायाधीश के साथ साझा की, जिसमें कई बच्चों नेन्यायिक अधिकारी, आई0ए0एस0, चिकित्सक, अध्यापक तथा सैनिक बनने की बात बतायी। न्यायाधीश ने विद्यार्थियों को उनके लक्ष्यों के प्राप्ति हेतु उनसे संबंधित विषयों पर चर्चा करते हुये, भिन्न-भिन्न तरह की प?ाई करने की बात बतायी। विद्यार्थियों ने संबंधित जानकारी को अपने डॉयरी में लिखी। न्यायाधीश ने कहा कि आपका लक्ष्य चाहे जो भी हो, उसे ब? ही सिद्दत के साथ पूर्ण करें, आप अपने अनुशासन, दृ? निश्चय, कठिन परिश्रम और सतत प्रयास से कोई भी लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। न्यायाधीश ने विद्यार्थियों को भारतीय संविधान के मूल अधिकारों तथा मूल कर्तव्यों के प्रति शपथ दिलाया तथा राष्ट्र के सर्वांगीण विकास में अपने योगदानों के प्रति एक साथ आगे आने का आह्वान किया। राजकीय इण्टर कॉलेज देवरिया के प्रधानाचार्य प्रदीप शर्मा ने न्यायाधीश का धन्यवाद ज्ञापित करते हुये विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये प?ाई पर ध्यान देने की बात कहीं। उन्होंने विद्यार्थियों को बिना फल के निःस्वार्थ भाव से प?ाई करने की बात बतायी। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजकीय इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रदीप शर्मा, प्रवक्ता गोविन्द सिंह, योगेन्द्र नाथ मिश्र, श्वाती तिवारी, सहायक अध्यापक पुष्पा, स्काउट अध्यापक रमाकान्त मिश्र, डॉ विकास मणि त्रिपाठी, डॉ सुनैना वर्मा तथा सैक?ों की संख्या में छात्र/छात्राएं उपस्थित रहें।।

# विश्वविद्यालय की मांग को लेकर मुख्यमंत्री से मिलने पर अड़े छात्र नेताओं को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गाजीपुर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनपद में निर्माणाधीन पूर्वांचल एक्सप्रेसवें की समीक्षा, निरीक्षण एवं जनसंवाद कार्यक्रम के तहत आज हो रहे गाजीपुर आगमन के दौरान छात्रहित में जिले में विश्वविद्यालय स्थापना की मांग को लेकर उनसे मिलने का मन बना चुके छात्र प्रतिनिधि मंडल के मंसूबों पर तब पानी फिर गया।

जब मुख्यमंत्री के आगमन के पूर्व ही जिला प्रशासन के निर्देश पर प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व कर रहे पूर्व छात्र संघ उपाध्यक्ष दीपक उपाध्याय सहित छात्र प्रतिनिधि मंडल को पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया। इससे एक तरफ जहां छात्र प्रतिनिधि मंडल सहित यहां के समस्त छात्र समुदाय में मायूसी की लहर व्याप्त हो गयी, वही दूसरी तरफ प्रदेश के मुखिया से मिलकर छात्र हित में




विश्वविद्यालय की मांग उठायें जाने से जिला प्रशासन द्वारा रोके जाने के इस प्रयास से छात्रों में आक्रोश व्याप्त है। अपने निजी आवास पर छात्र दल के साथ नजरबंद दीपक उपाध्याय ने मीडिया को बयान जारी करते हुए बताया की गाजीपुर जिले में विश्वविद्यालय का न होना सबके लिए एक अभिशाप जैसा है।

फलस्वरूप पूर्वांचल के पिछडें जनपद में यहां के छात्र- छात्राएं उच्च शिक्षा को लेकर प्रायः कुंठा और निराशा के शिकार होते रहें हैं। आखिर कब तक हमारी भावनाओं का दमन होता है हमें यह देखना है।

घर में नजरबंदी के दौरान पूर्व छात्र संघ उपाध्यक्ष दीपक उपाध्याय, छात्र संघ अध्यक्ष अनुज कुमार भारती, प्रवीण पाण्डेय, आकाश तिवारी,आकिब खां, दीपक कुमार, विकास यादव, कमलेश गुप्ता के साथ अपने निजी आवास में नजरबंद थें।

# जीवन में खेल से मिलता है आत्मबल : मायाशंकर शुक्ला

**गोरखपुर**

हाटा बाज़ार क्षेत्र के खखाइजखोर मे एक दिवसीय खखाइचजखोर प्रीमियम लीग गर्गवंशी क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में आयोजित किया गया। जिस प्रतियोगिता मे आठ टीमों ने प्रतिभाग किया,फाइनल मैच बाल भीटी व खखाइजखोर के बिच खेला गया, टास जीत के खखाइजखोर ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, अंशु शुक्ला और पंकज शुक्ला के 14 गेंदों मे 49 रन की साझेदारी के मदद से व आकाश यादव द्वारा 4 बाल मे 20 रन की मदद से 7 ओवर के निर्धारित मैच मे 103 रन का लक्ष्य बाल भीटी को दिया। बाल भीटी के बल्लेबाज बल्लेबाजी करते हुए निशांत सिंह ने 12 बाल 37 रन निशांत और विशाल के बिच 60 रनो की साझेदारी हुई पर अपनी टीम को जीत ना दिला सके खखाइजखोर ने 7 रन से फाइनल मुकाबला जीत लिया। जिस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलापंचायत सदस्य मायाशंकर शुक्ल रहें। जिन्होंने फीता काटकर समस्त खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी, और क्षेत्र में खेल की बढ़ावा की बात कहते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन को आत्मबल देता है और हमारे युवा पीढ़ी को खेल में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। जीवन में खेलकूद मानसिक और शारीरिक रूप से भी स्वस्थ रखता है।

कार्यक्रम में गजानन शुक्ल, योगेन्द्र शुक्ल, प्रशान्त शुक्ल, संजय शुक्ल, गोबिन्द शुक्ल, श्रीधर शुक्ल, शैलेंद्र यादव, वकील साहनी, अमित श्रीवास्तव, गौरव शुक्ल, अफजल अन्सारी, कृष्ण कुमार सिंह, विनोद कन्नौजिया, साजिद अन्सारी, कल्लू खान आदि उपस्थित रहे।

# एसडीएम, सीएचसी प्रभारी ने अस्पतालों के प्रपत्र जांचे

**जालौन।** रविवार की देर शाम एसडीएम अशोक कुमार और सीएचसी प्रभारी डॉ. आरके शुक्ला ने अलग अलग संचालित अस्पतालों पर छापेमारी की और उनके प्रपत्रों की जांच पड़ताल की जिसमें तमाम अस्पताल बिना रजिस्ट्रेशन के पाए गए जिसको लेकर उन्हें सप्ताह भर की मोहलत दी गई कि अपने रजिस्ट्रेशन करा लें अन्यथा कार्यवाही की जाएगी।

गांव कस्बों में फर्जी डॉक्टरों की भरमार और मरीजों की जान से खिलवाड़ को रोकने की दिशा में शासन ने सख्त रुख अपनाया है और ऐसे अस्पतालों व चिकित्सकों पर शिकंजा कसना शुरू हो गया है जो फर्जी डिग्री की आड़ में मरीजों की जान के दुश्मन बन जाते हैं। इसके अलावा जो बिना रजिस्ट्रेशन के अस्पताल चला रहे हैं, उन्हें भी रजिस्ट्रेशन कराना जरूरी होगा।

# डीएम ने हेल्थ वेलनेस सेंटरों की बैठक में की समीक्षा

**उरई/जालौन**

जिलाधिकारी डा. मन्नान अख्तर की अध्यक्षता में हेल्थ वेलनेस सेन्टर प्रगति समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में हेल्थ वेलनेस सेन्टर उपकेन्द्रों की ब्राडिंग एवं कक्ष निर्माण की जानकारी की जिस पर डॉ. धीरेन्द्र ने बताया कि जनपद जालौन में वर्ष 2018-19 में आरईडी ऐजेन्सी के द्वारा ब्लाक डकोर में गढ़र उपकेन्द्र में सीएचओ कक्ष का निर्माण अभी शुरू नही हुआ है।

मिनौरा कालपी एवं मड़ोरा उपकेन्द्र में सीएचओ कक्ष का निर्माण कार्य पूर्ण हैं, ब्लाक कोंच के बिलाया, पनयारा, अण्डा, अमीटा, पचीपुरी, पचीपुरा, भदेवरा में कार्य पूर्ण हो गया है तथा एट एवं बड़ागांव में सीएचओ कक्ष हेतु भूमि अभी उपलब्ध नही हैं। ब्लाक महेवा में नसीरपुर, अटरकला, मुसमरिया, निपनियां, सरसेला, पिथउपुर, मड़ईया में कक्ष का निर्माण पूर्ण हो गया है तथा देवकली, सिम्हारा कासिमपुर में कक्ष हेतु भूमि उपलब्ध नही हैं। ब्लाक जालौन में उपकेन्द्र सिहारी दाउदपुर, ऐदलपुर, कुसमरा, गधेंला, गड़गुवां, सहाब, खर्रा, धन्तौली तथा धनौराकलां में कक्ष का निर्माण पूर्ण कर लिया गया हैं।

ब्लाक कदौरा में वर्ष 2019-20 में छौंक, चमारी, पिपराया, इटौरा, करमचन्द्रपुर, कुरहेना में कक्ष हेतु निर्माण कार्य शुरू नही हुआ हैं। ब्लाक नदीगांव में उपकेन्द्र लोहाई, महेशपुरा, बसीठ, अकनीबा, जगनपुरा, खकसीस, तीतरा में कक्ष हेतु निर्माण कार्य शुरू नही हुआ है तथा धन्जा में निर्माण कार्य पूर्ण छपाई कार्य अवशेष है एवं क्योलारी में लेन्टर तक का कार्य पूर्ण हैं। ब्लाक माधौगढ़ में उपकेन्द्र अमखेड़ा, अटागांव, जैतपुरा, कैलोर, महाराजपुरा, रूद्रपुरा, सूपा, सुल्तानपुरा, सुरावली में कक्ष हेतु निर्माण कार्य शुरू नही हुआ हैं तथा विजदुआ में दिवार तक कार्य पूर्ण, डिकोली में फाउण्डेशन तक कार्य पूर्ण, कुरसेण्डा में पिलर तक कार्य पूर्ण, अकबरपुरा में दिवार तक कार्य पूर्ण, मिझौना तथा गोरा भुपका में फाउण्डेशन तक कार्य पूर्ण हुआ हैं।

उन्होने बताया कि यूपी सिडको द्वारा ब्लाक डकोर में वर्ष 2019-20 में उपकेन्द्र बरसार, कुरकुरू में दिवार तक कार्य पूर्ण हैं। ब्लाक रामपुरा में उपकेन्द्र मिर्जापुर, निनवाली जागीर तथा कुठौन्द ब्लाक के बावली, रोमई मुस्तकिल, कुरेपुरा कनार में छत तक का कार्य पूर्ण कर लिया गया हैं तथा शेष कार्य शीघ्र पूर्ण कर लिये जायेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### विवाद में मारपीट के बाद हुई फायरिंग

**जालौन।** रंगबाजी को लेकर रविवार को दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद के बाद आधा दर्जन लोगों ने घर पर पहुंच कर उपद्रव किया तथा महिलाओं व पुरुषों के साथ मारपीट की तथा फायरिंग कर दी। कोतवाली क्षेत्र तोपखाना निवासी नारायण दास राठौर, मीरा देवी, मीना देवी, वेदिका आदि ने पुलिस को बताया कि संदीप व तिलक के बीच किसी बात को लेकर सांय को गाली-गलौज हो गयी था। गाली-गलौज को लेकर रविवार की रात करीब 10 बजे तिलक सिंह अपने साथियों मोन्टू, राहुल, अर्जुन, रिषी के आ गये तथा गाली-गलौज करने लगे। दरवाजे खुलने से पहले ही लातों से दरवाजे को क्षतिग्रस्त कर दिया है। जब नारायणन दास आये इन लोगों ने मारपीट शुरू कर दी तभी एक युवक ने हवाई फायरिंग कर दी। जब महिलाएं उन्हें बचाने आयी तो उनके साथ भी मारपीट कर दी। इसी मारपीट के दौरान मीरा देवी का मंगलसूत्र गिर गया। पीड़ितों ने रात में ही घटना की शिकायत की।

### 18 फरवरी को सामूहिक विवाह कार्यक्रम

**एटा।** जिलाधिकारी सुखलाल भारती के निर्देशों के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी अजय प्रकाश ने बताया कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति, अन्य पिछडा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग एवं सामान्य वर्ग के व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 51 हजार रुपए का जोड़े का वजट है। 35,000 रूपए कन्या के खातें में, 10000 रूपए की वैवाहिक सामग्री यथा कपडे, बिछिया, पायल चांदी के बर्तन एवं 6000 रुपए विवाह कार्यक्रम आयोजन में पण्डाल, फर्नीचर, भोजन, जलपान, पेयजल, विद्युत, प्रकाश एवं अन्य व्यवस्था हेतु शासन द्वारा कुल 51,000 रूपए प्रत्येक जोडे हेतु बजट का प्राविधान किया गया है। सामूहिक विवाह कार्यक्रम 18 फरवरी 21 को आयोजित किया गया है।

### जनभागीदारी से होगा भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण :पवन मिश्र



**देवरिया ।**आचार्य व्यास मिश्र स्मृति देवरिया महोत्सव समिति के भीखमपुर रोड स्थित कार्यालय पर अयोध्या में निर्मित होने वाले श्रीराम मंदिर के निर्माण के लिए चलाए जा रहे निधि समर्पण अभियान के तहत गोरक्ष प्रान्त के सह प्रान्त प्रचारक रमेश जी और प्रान्त कार्यवाह वीरेन्द्र जी के समक्ष लोगो ने चेक और नगद धनराशि के माध्यम से समर्पण राशि दिया। समर्पण कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीराम जी के पूजन से हुआ। इस अवसर पर उपस्थित सह प्रान्त प्रचारक रमेश जी ने कहा कि मंदिर निर्माण के लिये चलाए जा रहे महाअभियान में हर व्यक्ति अपनी भागीदारी सुनिश्चित करा है। प्रान्त कार्यवाह वीरेंद्र जी ने कहा कि मन्दिर निर्माण में दी जाने वाली धनराशि से अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण होना है समिति अध्यक्ष एवं भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य पवन कुमार मिश्र ने कहा कि कई पी?ियों के संघर्ष के फलस्वरूप जन- भागीदारी के माध्यम से ही अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण होना है। भाजपा जिला मंत्री निर्मला गौतम ने कहा कि समर्पण अभियान में देश का हर व्यक्ति ब?-च?कर अपना योगदान दे रहे है। इस अवसर पर पवन कुमार मिश्र, श्रीमती निर्मला गौतम , विष्णुदेव त्रिपाठी,श्रीमती सिमा जायसवाल, श्रीमती प्रेमा,रामचन्द्र मिश्र अमित मिश्रा,रितेश शर्मा,रितिका जायसवाल, संकल्प मिश्र, प्रिन्स शर्मा,मनीष मिश्र, श्रीमती प्रभा मिश्र, नागेंद्र गुप्ता, दुर्गावती सहित दर्जनों लोगों ने श्री राम मंदिर निर्माण हेतु समर्पण राशि दिया। नगर प्रचारक नागेंद्र जी और त्रिलोकनाथ ने लोगो को समर्पण राशि की रसीद दिया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को सुंदरकांड की पुस्तक भेट किया गया।

### राज्यपाल के आगमन को लेकर डीएम ने ली बैठक

**देवरिया।** आगामी 10 फरवरी को प्रदेश के मा0 राज्यपाल श्रीमती आनन्दी बेन पटेल के आगमन को लेकर जिलाधिकारी अमित किशोर एवं पुलिस अधीक्षक डा0श्रीपति मिश्र द्वारा कार्यक्रम स्थल पुलिस लाइन/प्रेक्षागृह का निरीक्षण कर तैयारियो का जायजा लिया गया। इस दौरान मनोरंजन कक्ष में अधिकारियों की एक बैठक भी की गयी। इस दौरान सभी जुडे अधिकारियों को सुरक्षा प्रबंध से लेकर साफ-सफाई एवं अन्य आवश्यक सभी व्यवस्थाओं को पूर्ण किये जाने का निर्देश दिया गया। यह भी कहा गया कि सुरक्षा की चाक-चैबंद एवं साफ-सफाई की व्यवस्था पूरी तरह से दुरुस्त होनी चाहिये। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही नही होनी चाहिये। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि कार्यक्रम से जुडे जिन विभागो का प्रस्तुतिकरण होना है, वे उसकी तैयारी पूरी तरह से सुनिश्चित कर लें। सभी कार्यक्रम पुलिस लाइन/प्रेक्षा गृह में आयोजित होगा। प्रोटोकाल के कार्यक्रम अनुसार 10 फरवरी को पूर्वान्ह् 10.05 बजे जनपद गोरखपुर से देवरिया के लिये प्रस्थान कर पूर्वान्ह् 11 बजे कार्यक्रम स्थल पुलिस लाइन में वे पहुँचेंगी। तत्पश्चात पूर्वान्ह् 11.30 बजे तक महिला स्वयं सहायता समूह के साथ मिटिंग करेंगी।

# बाबू गोवर्धन चंद का शिक्षा की अलख जगाने में अहम योगदानः डॉ. धर्मेंद्र सिंह




**गोरखपुर**

जनपद के दक्षिणांचल अंतर्गत बेलघाट द्वावा क्षेत्र स्थित ओनापार गांव मे बने बच्चा चंद स्मारक द्वावा विकास महाविद्यालय ओनापार पर हर वर्ष आयोजित होने वाले वार्षिकोत्सव समारोह को विद्यालय प्रबंधक शिवाजी चंद ने अपने स्व पिता व विद्यालय संस्थापक एव पूर्व प्रधानाचार्य भारतीय इंटर मीडिएट कालेज पिपरसण्डी के बारहवीं पून्य तिथि पर मनाते हुए उनके द्वारा द्वावा क्षेत्र में जगाये गये शिक्षा जगत की अलख को निरंतर अग्रसर करने का संकल्प लिया है। आयोजन के शुरूआत में सर्व प्रथम मुख्य अतिथि डा धर्मेंद्र सिंह द्वारा मां सरस्वती के चित्र का माल्यार्पण व पूजन किया गया तत्पश्चात विद्यालय संस्थापक स्वर्गीय गोबर्धन चंद के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके दिवंगत आत्मा की शांति के लिए कामना किया गया।

कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष डा धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि जानकारी के अनुसार बाबू गोबर्धन चंद आजीवन इस द्वावा क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाते रहे और तमाम गरीब परिवार के बच्चो के शैक्षणिक जीवन में आने वाली अड़चनो को दूर करने का प्रयास करते रहे। ऐसे महापुरुषो के जीवनी से समाज को नया आयाम देने की प्रेरणा मिलती हमे उनके बताये मार्गो पर चलने की जरूरत है।

विशिष्ट अतिथि भिखारी प्रसाद प्रजापति प्रदेश अध्यक्ष विश्व हिन्दू महासभा ने भी स्वर्गीय चंद के जीवनी व उनके द्वारा शिक्षा जगत मे दिये गये योगदान को याद करते हुए कहा कि वे एक दृढ़ निश्चयी व कर्मठ शील शिक्षक के साथ साथ कुशल समाज सेवी भी थे। उन्होने द्वावा क्षेत्र के शैक्षणिक विकास के लिए अहम भूमिका निभाई थी।

# चोरों को ग्रामीणों ने खदेड़ा तो हवाई फायरिंग कर भागे

**जालौन।** थाना क्षेत्र के बिलायां गांव में बीती रात्रि चोरों ने धमाचौकड़ी मचाते हुए एक साथ गांव के 4 घरों के ताले काटकर प्रवेश कर गए और घर में रखे नगदी व जेवरात ले जाने में कामयाब हो गए एक मोहल्ले में आहट सुनकर गांव के लोग जाग गए और उन्होंने उन्हें लाठी डंडे लेकर खदेड़ा तो हवाई फायरिंग करते हुए भाग गए वही गांव में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरों की चहल कदमी कैद हो गई। सुबह सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की।

रविवार रात्रि करीब 12.30 बजे आधा दर्जन से ज्यादा चोरों ने धावा बोलते हुए राकेश उर्फ छिंगे पुत्र पूरनलाल राठौर के मकान में प्रवेश कर गए और दरवाजे का ताला काटकर अलमारी में रखें 1 लाख 30 हजार रुपए तथा पायल चूड़ी मनचली मंगलसूत्र तथा कुछ चांदी के सिक्के सहित 1 लाख कीमत के जेवरात ले जाने में कामयाब हो गए। तो गांव के ही मामिन के दरवाजे का ताला काटकर 5 हजार की सोने की अंगूठी तथा झुमकी ले गए। जबकि किशोर के घर की ताली काटकर अंदर प्रवेश कर गए।

# कोतवाली से 25 और खुखुन्दू से 53 गॉव काटकर नया थाना प्रस्तावित

**देवरिया ।** जनपद देवरिया में थाना कोतवाली एवं थाना खुखुन्दू का क्षेत्रफल बड़ा होने के फलस्वरुप इन थानों से गॉवों को काटकर नया थाना जिसका नाम कोतवाली देहात होगा, का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। इस नये प्रस्तावित थाना कोतवाली देहात में कुल 78 गॉव होगें, जिसमें 25 गॉव थाना कोतवाली व 53 गॉव थाना खुखुन्दू के होगें। थाना कोतवाली के जिन गॉव को नये थाने में सम्मिलित किया जाएगा। उनके नाम इस प्रकार हैङ्क 1-कठनईया 2-परसिया अहिर 3-अगस्तपार 4-सोन्दा 5-दानोपुर 6-पिपराचन्द्रभान 7-सोनूघाट 8-चकसराय बदलदास 9-परसिया मिस्कारी 10-तिलईबेलवा 11-खरजरवा, 12-बरवॉ गोरस्थान 13-इजरही 14-सहरौली 15-चन्दौली 16-तेनुआ 17-इमिलियाडीह 18-मलकौली 19-परसिया भण्डारी 20-सकरापार 21-चितामनचक 22-घटैला गाजी 23-ब?हरा 24-पगरा उर्फ परसिया 25-रानीघाट इसी प्रकार थाना खुखुन्दू के जिन गॉवों को नये प्रस्तावित थाने में सम्मिलित किया जाएगा उनके नाम इस प्रकार है-1-नदौली 2-बैरौना 3-सोनरापार 4-शाहपुर 5-सुविखर 6-मुण्डेरा बुजुर्ग 7-महराजपुर 8-बरेजी 9-भरौली चैराहा 10-पिपरा मिश्र 11-देवरिया दूबे 12-दोघरा 13-मुण्डेरा खुर्द 14-बरडीहा लाला 15-परसिया मिश्र 16-सोन्हुला 17-नरायनपुर 18-सरयॉ 19-सझवलियॉ 20-मोतीपुर 21-बासुदेवपुर 22-ट?वा 23-डुमरिया लाला 24-एकडंगा 25-करौदी 26-अखनपुरा 27-खुजरी करौता 28-भैंसवा 29-भवानी छापर 30-भलुआं 31-मठकेश्वरराम 32-सिरसिया 33-बतरौली 34-बरवा उपाध्याय 35-दुल्हू 36-पक?ी खास 37-धोबीछापर 38-गुलली परसिया 39-विशुनपुरा 40-नरौली खेम 41-बसडीला 42-अहिरौली 43-बासदेवचक 44-अमवॉ पाण्डेय 45-असना 46-रूपई 47-सठियॉव 48-परसिया 49-करकटहीं 50-पवनार 51-बजरंगियाशुक्ल 52-अघैला 53-पिपराशुक्ल। पुलिस अधीक्षक डॉ0 श्रीपति मिश्र द्वारा प्रेस वार्ता में बताया गया कि इस सम्बन्ध में लोगों से सुझाव मागें गये है

# किसानों की परेशानी से भाजपा बेखबर

**एटा**

तीनों कृषि विधेयकों को रद्द कराने के लिए धरना प्रदर्शन कर रहे किसानों की फसलों को उजाड़ रहे आवारा पशुओं की ओर भाजपा कोई ध्यान नहीं दे रही है। इस समस्या को लेकर बैठक कर कांग्रेसियों ने चिंता व्यक्त की है और किसानों को न्याय दिलाने की मांग की।

कांग्रेसियों ने किसानों की मांगों को उठाते हुए कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य को वैधानिक दर्जा देते हुए देश के किसानों की सभी फसलों का उचित और लाभकारी न्यूनतम समर्थन मूल्य डॉ स्वामीनाथन द्वारा सुझाए गए फार्मूले के अनुसार वास्तविक लागत के आधार पर तय किया जाए व उस पर कम से कम 50 प्रतिशत लाभ जोड़कर समर्थन मूल्य घोषित किया जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि मंडी में गुणवत्ता मापदंड के उत्पादन का भाव किसी भी कीमत पर समर्थन मूल्य से कम न हो, ऐसा न होने पर दंड का प्रावधान किया जाए, सभी फसलों की शत-प्रतिशत सरकारी खरीद की गारंटी दी जाए। इसके अलावा अन्य मांगे शामिल थीं।

बैठक के दौरान भाजपा के संदीप कुमार दिवाकर अपने समर्थक प्रदीप कुमार, मोहित कुमार, कालीचरण बघेल, पप्पू दिवाकर, दीनदयाल बघेल, जयवीर सिंह माथुर, अखिल प्रताप सिंह, संतोष शर्मा, कमलेश शर्मा, आकाश सिंह, अनूप वास्तव, फतेह सिंह यादव, संतोष गौतम, सुनील कुमार, ऋषभ सिंह,आशीष दिवाकर, मनिक चंद गौतम आदि कांग्रेस में शामिल हुए। पार्टी में आए लोगों का जिलाध्यक्ष गंगासहाय लोधी व अन्य कांग्रेसियों ने स्वागत किया। बैठक में बैठक में आदर्श मिश्रा, अम्बरीश यादव, विनीत पाराशर, मुनेद्र राजपूत, जिला उपाधयक्ष अनिल सोलकी, नैना शर्मा, नीरज मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# फरियादियों की शिकायतों का शीघ्र करें समाधान : एएसपी

**एटा।** अपर पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश सिंह द्वारा अलीगंज थाने का आकस्मिक निरीक्षण किया। थाना कार्यालय में रखे अभिलेखों को चेक कर शस्त्रागार, मालखाना, बैरिक, मेस, हवालात, बाथरूम, कम्प्यूटर कक्ष आदि का भी निरीक्षण किया गया। सभी अभिलेखों के सही रखरखाव व अभिलेखों को अद्यावधिक कराये जाने हेतु प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया गया। साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा। थाने पर बड़ी संख्या में लावारिस, मुकदमाती मालों, वाहनों के शीघ्र निस्तारण एवं उनकी नीलामी हेतु परिवहन अधिकारी से समन्वय स्थापित कर प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया गया। थाने पर आये फरियादियों के साथ नम्र एवं मधुर व्यवहार करते हुये उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए।

# मिशन प्रेरणा विद्यालय कायाकल्प पर आधारित प्रशिक्षण का उद्घाटन

**कालपी/जालौन ।**

ब्लॉक संसाधन केंद्र महेवा स्थान कालपी के सभाकक्ष मे मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक झाँसी गंगासिंह राजपूत ने मिशन प्रेरणा विद्यालय कायाकल्प पर आधारित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। ब्लाक संसाधन केन्द्र महेवा स्थान कालपी सभा कक्ष मे खंड शिक्षा अधिकारी आनंद भूषण की मौजूदगी मे आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये सहायक शिक्षा निदेशक ने अपने सम्बोधन मे कहा कि ब्लॉक के सभी शिक्षक अपने - अपने विद्यालयों मे शौचालय, शयन पट्ट, रंगाई, पुताई, टाइलीकरण, दिव्यांग शौचालय एवं रैंप आदि 14 बिन्दुओं की व्यवस्था कराना सुनिश्चित



करें। उन्होंने उल्लेख किया कि ब्लॉक जखौरा जिला ललितपुर के प्राथमिक विद्यालयों के सुंदर व्यवस्था का सभी लोग मॉडल के रूप अपनाकर स्कूलों का सौन्दर्यीकरण कराये। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि ब्लॉक मे 81 विद्यालय है इनमें चरणबद्ध तरीके से कायाकल्प किया जायेंगा।

उन्होंने हस्त पुस्तिका प्रिंट रिच मटेरियल एवं गणित किट पर आधारित जानकारियां दी। उन्होंने कहा प्रशिक्षण की ऑनलाइन अनुश्रवण सी मेट प्रयागराज एवं राज्य परियोजना लखनऊ के द्वारा किया जा रहा है। सात चरणों मे आयोजित कार्यक्रम में सहायक शिक्षक एवं संकुल शिक्षकों की भी बैठक हुई। खंड शिक्षा अधिकारी आनंद भूषण ने कहा कि सरकार की गाईड लाईन के अनुसार सभी छात्र- छात्रायें यूनीफार्म मे आयें और समयावधि में सभी शिक्षकगण अपने-अपने विद्यालय पहुंचकर नियमित रुप से मिड डे मील गुणवत्ता पूर्ण बनवायें।

# सीएम ने जैविक खेती को बढ़ावा दिए जाने के लिए प्रभावी प्रयास करने के दिए निर्देश



**लखनऊ ।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि जैविक खेती में अपार सम्भावनाएं मौजूद हैं। इसे अपनाने से प्रधानमंत्री के किसानों की आय को दोगुना करने के संकल्प को साकार करने में बड़ी मदद मिलेगी। उन्होंने जैविक खेती को बढ़ावा दिए जाने के लिए प्रभावी प्रयास करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री आज यहां लोक भवन में एक उच्चस्तरीय बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जैविक खेती को प्रोत्साहित किया जाना वर्तमान समय की मांग है। लोग ऑर्गेनिक कृषि उत्पादों के उपयोग को वरीयता प्रदान कर रहे हैं। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कृषि उत्पाद को ऑर्गेनिक प्रमाणित करने की विकेन्द्रित व्यवस्था का होना आवश्यक है। उन्होंने इस सम्बन्ध में मण्डल स्तर पर प्रयोगशाला की स्थापना बल देते हुए कहा कि सभी मण्डलों में ऑर्गेनिक कृषि उत्पाद प्रमाणित करने वाली प्रयोगशालाओं की स्थापना को गति दी जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि विविधीकरण किसानों की आय को बढ़ाने का एक अच्छा माध्यम है। प्रदेश के कई जनपदों के किसानों ने अभिनव प्रयोग करते हुए ऐसी फसलें उगाई, जिनके बारे में यह धारणा थी कि वे स्थानीय जलवायु और भूमि के अनुकूल नहीं हैं। प्रदेश में स्ट्रॉबेरी, ड्रैगन फ्रूट तथा ब्लैक राइस की खेती ने देश व दुनिया को नया सन्देश दिया है। जनपद झांसी में स्ट्रॉबेरी महोत्सव के आयोजन से इस फल की खेती के सम्बन्ध में बुन्देलखण्ड क्षेत्र के किसानों में व्यापक जागरूकता आयी है। उन्होंने इसी प्रकार प्रदेश में ड्रैगन फ्रूट महोत्सव का आयोजन किए जाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार ज्यादा से ज्यादा किसानों को एम0एस0पी0 का लाभ उपलब्ध कराने के लिए शुरू से ही प्रयासरत रही है। वर्तमान समय में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत धान की खरीद तेजी से संचालित की जा रही है। उन्होंने क्रय किये गए धान के सुरक्षित भण्डारण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि खरीद वर्ष 2021-22 में गेहूं क्रय की सभी तैयारियां समयबद्ध ढंग से की जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार दुग्ध उत्पादन के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए कृतसंकल्पित है। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा ग्रामों में दुग्ध समितियों का तेजी से गठन करते हुए दुग्ध सेक्टर को सुदृढ़ किए जाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन मण्डलों में उच्च शिक्षा से सम्बन्धित विश्वविद्यालय नहीं हैं, वहां पी0पी0पी0 मोड पर विश्वविद्यालय की स्थापना के सम्बन्ध में विचार किया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य में स्थापित किये जा रहे उ0प्र0 पुलिस एवं फॉरेंसिक साइंस इंस्टीट्यूट को सेन्टर ऑफ एक्सिलेंस के रूप में विकसित किया जाए।

## राज्य सरकार जनपद उत्तराखण्ड की आपदा से प्रभावित परिवारों के साथ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि राज्य सरकार जनपद चमोली, उत्तराखण्ड की आपदा से प्रभावित परिवारों के साथ है। प्रदेश सरकार पीड़ित परिवारों को हर सम्भव राहत उपलब्ध कराने के लिए कृतसंकल्पित है। उन्होंने अधिकारियों को प्रभावित लोगों की पूरी मदद करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड सरकार के अधिकारियों से समन्वय बनाकर इस आपदा में घायल हुए प्रदेश के लोगों के उपचार की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। उत्तराखण्ड की त्रासदी में दिवंगत व्यक्ति के परिजनों को सम्बन्धित जिला प्रशासन द्वारा आर्थिक सहायता व अन्य राहत उपलब्ध कराई जाए। दिवंगत व्यक्ति के पार्थिव शरीर को वापस लाने के लिए परिवार को हर सम्भव सुविधा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रभावित परिवारों को कोई समस्या न हो।

# मुख्यमंत्री ने टीकाकरण के आगामी चरण के लिए व्यवस्थाएं समय से करने के दिए निर्देश

**लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में कोविड-19 के टीकाकरण की कार्यवाही भारत सरकार की गाइडलाइन्स एवं क्रम के अनुरूप संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि टीकाकरण अभियान की प्रत्येक कार्यवाही केन्द्र द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप सम्पन्न की जाए। उन्होंने टीकाकरण के आगामी चरण के लिए सभी व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री आज यहां लोक भवन में एक उच्चस्तरीय बैठक मे अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा कोविड-19 को नियंत्रित करने के लिए किये गए प्रभावी उपायों के परिणामस्वरूप इस महामारी को प्रदेश में नियंत्रित करने में सफलता मिली। उन्होंने नियंत्रण की इस दर को बनाए रखते हुए आने वाले समय में भी कोविड-19 से बचाव तथा उपचार के बेहतर प्रबन्ध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि संक्रमण की दर में उल्लेखनीय गिरावट के बावजूद अभी कोविड-19 समाप्त नहीं हुआ है। इसके दृष्टिगत प्रत्येक स्तर पर पूरी सावधानी बरती जाए। कोरोना से बचाव के सम्बन्ध में लोगों को निरन्तर जागरूक किया जाए। मेडिकल टेस्टिंग, सर्विलांस सिस्टम तथा कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग को सक्रियता से संचालित किया जाए। उन्होंने कोविड चिकित्सालयों में उपचार की प्रभावी व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार जनता को उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कृतसंकल्पित है। इसके दृष्टिगत नवीन मेडिकल कॉलेजों की स्थापना की कार्यवाही प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने मेडिकल कॉलेज विहीन 16 जनपदों में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए पूरी सक्रियता से कार्य किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना, स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह, कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक हितेश सी0 अवस्थी, अपर मुख्य सचिव एम0एस0एम0ई0 एवं सूचना नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव राजस्व रेणुका कुमार, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एस0पी0 गोयल, अपर मुख्य सचिव कृषि देवेश चतुर्वेदी, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद, अपर मुख्य सचिव पंचायतीराज एवं ग्राम्य विकास मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा आलोक कुमार, प्रमुख सचिव पशुपालन श्री भुवनेश कुमार, सचिव मुख्यमंत्री आलोक कुमार, सूचना निदेशक शिशिर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# डिफेन्स एक्सपोः यूपी 2020 में तमिलनाडु 2018 से घटा खर्च,बड़ी आय और बढे डेलीगेट्स

**लखनऊ ।**

एक साल पहले यूपी की राजधानी लखनऊ में आयोजित हुआ डिफेन्स एक्सपो 2020 उससे दो साल पहले तमिलनाडु में आयोजित हुए डिफेन्स एक्सपो 2018 के मुकाबले कई मायनों में अधिक सफल साबित हुआ है. इस बात का खुलासा लखनऊ के राजाजीपुरम क्षेत्र की निवासी आरटीआई एक्टिविस्ट उर्वशी शर्मा की आरटीआई पर डिफेन्स एक्सपो की आयोजक संस्था रक्षा प्रदर्शनी संगठन के प्रदर्शनी अधिकारी अरुण कुमार द्वारा दी गई सूचना से हुआ है। दरअसल उर्वशी शर्मा ने बीते साल के 31 दिसम्बर को भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय में एक आरटीआई अर्जी देकर इन दोनों डिफेन्स एक्सपो के सम्बन्धमें 10 बिन्दुओं पर सूचना माँगी थी. अरुण ने समाजसेविका उर्वशी शर्मा को बीती 27 जनवरी को पत्र भेजकर बताया है कि डिफेन्स एक्सपो की आयोजक संस्था रक्षा प्रदर्शनी संगठन का कार्यालय नई दिल्ली के चाणक्यपुरी स्थित होटल 'द अशोका' के कमरा संख्या 102 से 107 में स्थित है. उर्वशी को दी गई सूचना के अनुसार तमिलनाडु में आयोजित हुए डिफेन्स एक्सपो 2018 के आयोजन के लिए केंद्र सरकार ने 121 करोड़ 38 लाख रुपये खर्चे थे तो वहीं यूपी की राजधानी लखनऊ में आयोजित हुए डिफेन्स एक्सपो 2020 के लिए केंद्र सरकार को 115 करोड़ 60 लाख रुपये ही खर्च करने पड़े. अरुण ने उर्वशी को बताया है कि तमिलनाडु में आयोजित हुए डिफेन्स एक्सपो 2018 के आयोजन से केंद्र सरकार को 77 करोड़ 39 लाख रुपये का राजस्व ही मिला था जबकि यूपी की राजधानी लखनऊ में आयोजित हुए डिफेन्स एक्सपो 2020 से केंद्र सरकार को 95 करोड़ 70 लाख रुपये के राजस्व की प्राप्ति हुई. अरुण द्वारा दी गई सूचना के अनुसार तमिलनाडु में आयोजित हुए डिफेन्स एक्सपो 2018 में 284 देशी-विदेशी डेलीगेट्स आये थे जबकि यूपी की राजधानी लखनऊ में आयोजित हुए डिफेन्स एक्सपो 2020 में दसियों गुना अधिक 3000 देशी-विदेशी डेलीगेट्स और 600 मीडिया प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया. उर्वशी को यह भी बताया गया है कि एचएएल (हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड) ने डिफेन्स एक्सपो 2018 में 284 देशी-विदेशी डेलीगेट्स और पत्रकारों को दिए जाने वाले बैग्स और प्रिंटेड सामग्री पर रु. 34,59,032/-खर्चे थे तो वहीं डिफेन्स एक्सपो 2020 में 3000 देशी-विदेशी डेलीगेट्स और 600 मीडिया प्रतिनिधियों को दिए जाने वाले बैग्स और प्रिंटेड सामग्री पर एचएएल (हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड ) ने महज रु. 41,62,946/- ही खर्च किये जो प्रति नग खर्च के हिसाब से काफी कम था। उर्वशी की आरटीआई अर्जी के कई बिन्दुओं की सूचना का सम्बन्ध तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश की राज्य सरकारों से होने की बात कहते हुए अरुण ने उर्वशी हो सलाह दी है कि वे इस सम्बन्ध में राज्य सरकारों से पत्राचार करें. सोशल एक्टिविस्ट उर्वशी ने बताया कि उन्होंने इस सम्बन्ध में राज्य सरकारों को भी आरटीआई अर्जियां दे दी हैं और वे जल्द ही इन दोनों डिफेन्स एक्सपो के अन्य अहम पहलुओं को भी उजागर करेंगी।

# नगर निकाय केन्द्रीय राजस्व कर्मचारियों ने मंत्री को बताई समस्याएं

### मांगों की प्रतिपूर्ति के लिए वार्ता के लिए मांगा समय

**लखनऊ ।**

उत्तर प्रदेश नगर निकाय केन्द्रीय राजस्व सेवा कर्मचारी एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रशान्त मिश्रा, महामंत्री अभय प्रताप सिंह और संरक्षक चन्द्रवीर यादव सहित एक प्रतिनिधि मण्डल ने प्रदेश के नगर विकास मंत्री आशुतोष टण्डन का स्वागत करने के दौरान उन्हें अपनी समस्याओं से सम्बंधित प्रत्यावेदन देते हुए वार्ता के लिए समय मांगा है। प्रत्यावेदन देखने के बाद विभागीय मंत्री द्वारा उन्हें समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया गया। इस सम्बंध में एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष प्रशान्त मिश्रा ने बताया कि नगर विकास मंत्री को दिये गए वार्ता प्रत्यावेदन में राजस्व निरीक्षकों को 4200 वेतनमान, आयोग से चयनित कार्मिकों को दो वर्ष का सेवाकाल पूरा करने पर त्वरित स्थायीकरण और राजस्व निरीक्षकों की जेष्ठता सूची जारी करने की मांग की गई है। इसके साथ ही राजस्व संवर्ग के लिए जारी शासनादेश सं.2284ध्बी-5-19-02 नियम,05टीसी, 24 जुलाई 2019 के अनुसार कर अधीक्षक के पद पर पदोन्नति के लिए राजस्व निरीक्षकों की दस वर्ष की निरन्तर सेवा को समाप्त करते हुए पूर्व की भाँति प्रोन्नति दिये जाने और कोविड काल में रोके गए डीए को पुनः नियमित करने, उ.प्र. राजस्व निरीक्षक सेवा के केन्द्रीयत कार्मिकों में राजस्व निरीक्षकों एवं अन्य कर्मचारी के कार्य को मूल पद के अनुसार कार्य लिए जाने के लिए समुचित आदेश करने की मांग की गई।

## एक नज़र में

### गोरखपुर के सोनबरसा क्षेत्र में रिपोर्टिंग पुलिस चौकी सिक्टौर-बालापार की स्थापना

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद गोरखपुर के थाना चिलुआताल अन्तर्गत सोनबरसा क्षेत्र में रिपोर्टिंग पुलिस चौकी सिक्टौर-बालापार की स्थापना किये जाने के निर्देश दिये हैं। यह निर्णय इस क्षेत्र में शांति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने, अपराधों पर और अधिक प्रभावी तरीके से अंकुश लगाये जाने, महिलाओं एवं जन-सामान्य को और अधिक सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से लिया गया है।

### एमिटी विवि ने जीती पीसीआरए की क्लीन एण्ड ग्रीन एनर्जी ग्रैफिटी प्रतियोगिता

**लखनऊ ।** एमिटी स्कूल ऑफफाइन आर्ट्स, एमिटी यूनिवर्सिटी लखनऊ कैंपस के विद्यार्थियों ने पेट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान संघ (पीसीआरए) द्वारा आयोजित संरक्षण क्षमता महोत्सव में पेट्रोलियम उत्पादों के कुशल उपयोग के प्रति जागरूकता हेतु आयोजित वाल पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। क्लीन एण्ड ग्रीन एनर्जी थीम पर आधारित इस प्रतियोगिता का आयोजन निदेशक बेसिक शिक्षा कार्यालय, निशातगंज, लखनऊ कार्यालय में किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य लोगों को पेट्रोलियम उत्पादों के संरक्षण और उनके उपभोग की कुशलता को बढ़ाने के लिए आगे का रास्ता दिखाना था। यह ईंधन संरक्षण की आवश्यकता को समझने और इसके समाधान खोजने में मदद करता है। इसके जरिए जनता को शिक्षित करने का प्रयास है कि कैसे ऊर्जा का कुशल और इष्टतम उपयोग स्वास्थ्य और पर्यावरण की रक्षा कर सकता है।

# मेडिकल ऑफिसर बेसिक कोर्स के समापन पर ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज में एक सेरेमोनियल परेड आयोजित

**लखनऊ**

मेडिकल ऑफिसर बेसिक कोर्स (एमओबीसी)-233 के सफल समापन पर ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज, आर्मी मेडिकल कोर सेंटर एवम कॉलेज, लखनऊ में एक सेरेमोनियल परेड आयोजित की गई। यह कार्यक्रम कोविड-19 दिशानिर्देशों का अनुपालनकरते हुये आयोजित किया गया। नौ सप्ताह का फाउंडेशन कोर्स युवा सशस्त्र सेना चिकित्सा और दंत चिकित्सा अधिकारियों को गहन युद्ध चिकित्सा सहायता प्रशिक्षण प्रदान करता है ताकि उन्हें शांति और परिचालन क्षेत्रों में अपने कर्तव्यों का प्रभावी ढंग से पालन करने के लिए सशक्त बनाया जा सके। 113 युवा डॉक्टरों और सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं (एएफएमएस) के अधिकारियों, जिनमें 17 महिला अधिकारी, 13 वायु सेना अधिकारी, 05 नौसेना अधिकारी और 10 दंत अधिकारी शामिल हैं, ने इस सेरेमोनियल परेड में भाग लिया। इस मौके परएएमसी सेंटर और कॉलेज लखनऊ के कमांडेंट और एएमसी रिकॉर्ड्सके प्रभारी लेफ्टिनेंट जनरल संदीप मुखर्जीनेपरेड की समीक्षाकी। इस अवसर पर कैप्टन प्रभजोत सिंह को पाठ्यक्रम का सर्वश्रेष्ठ ऑल-राउंडर अधिकारी घोषित किया गया और कमांडेंट की रोलिंग ट्रॉफी से सम्मानित किया गया ।कैप्टन नरेंद्र सिंह को फील्ड इवेंट्स में सर्वश्रेष्ठ अधिकारी होने के लिए मेजर लैशराम ज्योतिन सिंह, अशोक चक्र मेमोरियल ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। युवा अधिकारियों को संबोधित करते हुए, लेफ्टिनेंट जनरल संदीप मुखर्जी ने पेशेवर योग्यता के उच्चतम क्रम को बनाए रखते हुए सेना चिकित्सा कोर की परंपरा को बनाए रखने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने अधिकारियों को ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज में पाएग ज्ञान को आधार बनाकरऔर भी ज्ञान उन्नयन करने की सलाह दी। सशस्त्र बलों द्वारा प्रदान किए गए अवसरों पर जोर देते हुए, उन्होंने अधिकारियों कोअपनी पेशेवर आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। लेफ्टिनेंट जनरल संदीप मुखर्जी ने परेड के उत्कृष्ट संचालन और सावधानीपूर्वक आचरण के लिए उन सभी की सराहना की।

## हास्य नाटय कंजूस ने दर्शको को खूब हँसाया

**लखनऊ ।** सूर्या महिला जन कल्याण समिति लखनऊ द्वारा आयोजित पाँच दिवसीय लखनऊ फेस्टिवल के अंतर्गत हास्य नाटय प्रस्तुति कंजूस का आयोजन आज संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ में किया गया। आज की प्रस्तुति के मुख्य अतिथि बृजेश पाठक न्याय एवं कानून मंत्री एवं रमेश चंद्र गुप्ता निदेशक, बीनए ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। हास्य नाटक कंजूस के माध्यम से मैंने मिर्जा की कंजूसी और दिल्लगी के बीच का ताना-बाना एक नए रूप से बुना है, ऐसा कहना था, नाटक का निर्देशन कर रही रमा जायसवाल। इस नाटक के लेखक मोलियर के लेखन में मुख्य पात्र मिर्जा सखावत बेग जो की अमीर मगर कंजूस व्यक्ति है, उसने अपने बाग में दस हजार अशर्फियाँ गाड़ राखी है। फारूक उनका बेटा पड़ोस में रहने वाली लड़की मरियम से प्यार करता है, वह चाहता है की कुछ पैसो का इंतजाम हो जाए तो वह मरियम से शादी कर ले। मजे की बात यह की मिर्जा साहब खुद मरियम से शादी करना चाहते। अपनी इस दिलग्गी और पैसो की कंजूसी के बीच फसे मिर्जा साहब का ताना-बाना बहुत ही मज्जेदार एवं हास्य से भरपूर रहता है जो की दर्शको को खूब हँसाता है।

# छह से आठ तक कि कक्षाएं आज से होंगी गुलजार

**लखनऊ ।**



कोरोना काल के बाद से बंद चल रहे स्कूल कल यानी बुधवार से गुलजार हो रहे हैं। कक्षा 6 से आठ और पहली मार्च से सभी कक्षाएं यानी कक्षा एक से पांच तक के सभी स्कूलों खुल जाएंगे। राजधानी के सरकारी परिषदीय विद्यालय व निजी स्कूलों ने तैयारियां पूरी करने का दावा किया हैं। अनएडेड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के स्टेट प्रेसिडेंट अनिल अग्रवाल ने कहा कि निजी स्कूल पूरी तरह तैयार हैं। कोरोना संक्रमण को लेकर जारी एसओपी के तहत स्कूलों में सिटिंग अरेंजमेंट का काम पूरा कर लिया गया है। सभी स्कूलों में प्रवेश और निकासी के लिए अलग-अलग द्वार बनाए गए हैं। कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों के लिए स्कूल खोलने के लिए शासन द्वारा जारी किये गये आदेश के बाद सिटी मोन्टेसरी स्कूल के सभी जूनियर कैम्पसों (जापलिंग रोड, अलीगंज द्वितीय कैम्पस, राजेन्द्र नगर द्वितीय कैम्पस तथा राजाजीपुरम द्वितीय कैम्पस) को 10 फरवरी से खोलने की पूरी तैयारी की जा चुकी है। साथ ही बाकी सभी सीनियर कैम्पसों में आई.सी.एस.ई. एवं आई.एस.सी. के चल रहे प्री-बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए इन कैम्पसों में 15 फरवरी से कक्षा 6 से 8 तक के बच्चे अपने अभिभावकों की सहमति से विद्यालय आकर पढ़ाई करेंगे। अभी तक जिन जूनियर कैम्पसों को 10 फरवरी से खोला जा रहा है, वहां के 50 प्रतिशत से अधिक अभिभावकों ने अपनी सहमति दे दी है। सैनिटाइजेशन और हैंड वॉश की व्यवस्था की गई है। सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार अभी आधी संख्या में ही बच्चों को स्कूल बुलाना है इस तरह एक बच्चा हफ्ते में सिर्फ एक बार स्कूल आएगा। मगर निजी स्कूलों के पास एक साथ सभी बच्चों को बिठाने के लिए क्षमता है। वहीं जिला विद्यालय निरीक्षक दिनेश कुमार (बीएसए) ने बताया कि कोरोना संक्रमण को लेकर जारी प्रोटोकॉल व दिशा निर्देशों के तहत बच्चों को कक्षा में बिठाने के संबंध में शिक्षकों को दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

# महान संत थे बाबा नीब करोरी महाराजः आर एल पांडेय

**लखनऊ ।**

बाबा नीब करोरी महाराज के कलैण्डर का विमोचन रू भक्तों के भगवान पूज्य बाबा नीब करोरी महाराज को हनुमान जी की सिद्धियां मिली थी. उनके चमत्कार आज भी भक्तों को बखूबी याद हैं. वह साधारण दिखने वाले असाधारण संत थे. देह त्यागने के बाद भी वह अपने भक्तों की करुण पुकार सुनकर उनकी दिक्कतों से दूर कर देते हैं. यह बात आज रवींद्र पल्ली (फैजाबाद रोड़) स्थित हनुमत कृपा पत्रिका के कार्यालय में बाबा नीब करोरी महाराज के कलैण्डर का विमोचन करते हुए पत्रिका के संपादक नरेश दीक्षित ने कही.

उन्होंने कहा कि लखनऊ में गोमती के किनारे स्थित हनुमान सेतु मंदिर की स्थापना वर्ष 1967 में गुरुदेव महाराज ने ही कराई थी. पूज्य बाबा जी के इस कलैण्डर में खास बात यह है कि हनुमान जी को प्रभु श्रीराम द्वारा दिये गये आशीर्वाद वाला पावन चित्र स्वयं बाबा जी ने मढ़वा कर इलाहाबाद में मुकर्जी दादा के घर 4- चर्च लेन लाल मकान के कीर्तन कक्ष में लगवाया था. ए. डी. फार्मा के अध्यक्ष अवधेश सिंह ने कहा कि बाबा नीब करोरी महाराज साक्षात हनुमान जी के अवतार थे. वह त्रिकालदर्शी थे.

उन्हें हनुमान जी का वरदान था कि वह जो कह देंगे, जरूर हो जाएगा. मॉम्स ग्रुप के मालिक सुनील मिश्र ने कहा कि गुरुदेव महाराज के आशीर्वाद से ही वह सफल व्यवसायी हो सके. बाबा जी के कलैण्डर छापकर हनुमत कृपा पत्रिका के संपादक नरेश दीक्षित ने बहुत पुण्य का कार्य किया है.

इस मौके पर पत्रिका के डिजाइनर जीतेन्द्र कुमार, नीतेंद्र कुमार, रमेश शर्मा, आचार्य आर. एल. पाण्डेय, वंदना प्रजापति अशोक द्विवेदी, विक्रमवीर शुक्ल, राजीव,धर्मेंद्र सक्सेना आदि लोग मौजूद रहे.

# मुख्य सचिव की अध्यक्षता में पशुओं में आक्सीटोसिन के प्रयोग विषयक बैठक आयोजित

**लखनऊ ।**

उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी की अध्यक्षता में पशुओं में आक्सीटोसिन के प्रयोग विषयक बैठक आहूत की गई। अपने सम्बोधन में मुख्य सचिव ने कहा कि आक्सीटोसिन औषधि शेड्यूल एच-1 औषधि है।

पशुओं में दूध उतारने के लिये आक्सीटोसिन इन्जेक्शन का दुरुपयोग पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम-1960 के अधीन दण्डनीय अपराध है। उन्होंने निर्देश दिये कि आक्सीटोसिन इंजेक्शन की बिक्री पंजीकृत चिकित्सकध्पशुचिकित्सक के प्रिसक्रिप्शन पर ही पंजीकृत मेडिकल स्टोर के माध्यम से की जाये। साथ ही औषधि की बिक्री से सम्बन्धित पर्याप्त अभिलेखीकरण प्रत्येक स्तर पर अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि आक्सीटोसिन इंजेक्शन का अनुचित प्रयोग रोकने के लिये आवश्यकतानुसार पुलिस व प्रशासन की सहायता से चेकिंग की कार्यवाही की जाये।

इसके अलावा आक्सीटोसिन इंजेक्शन के दुरुपयोग को रोकने हेतु समय-समय पर आयोजित होने वाले पशु मेलेध्प्रदर्शनियों, पशुहाटों, पशुपालन एवं पशुचिकित्सा शिविरों, पशुपालन गोष्ठियों एवं पशुबांझपन निवारण शिविरों में आक्सीटोसिन इंजेक्शन के दुष्प्रभावों के बारे मे पशुपालकों के साथ चर्चा की जाये तथा जन सामान्य को जागरूक भी किया जाये। उन्होंने कहा कि आक्सीटोसिन इंजेक्शन की नियम विरुद्ध बिक्री, भण्डारण व अनुचित प्रयोग पाये जाने पर सख्त कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि आक्सीटोसिन इंजेक्शन के दुरुपयोग की शिकायत दर्ज कराने तथा फोटोग्राफ्स,वीडियो भेजने हेतु टोल फ्री और व्हाट्सएप नम्बर जारी किया जाये, जिसका नियमित अनुश्रवण खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा किया जाये। बैठक में प्रमुख सचिव पशुधन भुवनेश कुमार द्वारा प्रस्तावित आक्सीटोसिन औषधि बिक्री एवं दुरूपयोग को रोकने तथा आक्सीटोसिन के प्रयोग से पशुओं में होने वाले प्रभावों के अध्ययन हेतु नीति-2020 का प्रस्तुतीकरण भी किया गया। बैठक में अपर मुख्य सचिव श्रम सुरेश चन्द्रा, प्रमुख सचिव खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन अनीता सिंह, प्रमुख सचिव पशुधन एवं दुग्ध विकास भुवनेश कुमार, सचिव गृह तरुण गाबा सहित सम्बन्धित विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

## विधानमंडल के बजट सत्र में बहाल हो सकती है विधायक निधि

**लखनऊ ।** योगी सरकार उत्तर प्रदेश का बजट 2021 पेश करने की तैयारियों में जुटी हुई है। उत्तर प्रदेश विधानमंडल का बजट सत्र 18 फरवरी से शुरू हो रहा है। जिसमें 22 फरवरी को सुबह 11 बजे उत्तर प्रदेश का बजट पेश किया जाएगा। इस बजट में यूपी के विधायकों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। पूरी उम्मीद है कि बजट 2021 में योगी सरकार, विधायक निधि बहाल कर सकती है। यूपी में विधायक निधि को कोरोना वायरस संक्रमण की वजह से रोक दिया गया था।उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार 22 फरवरी को पांचवां बजट 2021 पेश करेगी। बजट 2021 में भाजपा सरकार का फोकस 2022 के विधानसभा चुनाव पर भी रहेगा। इस वजह से पूरी उम्मीद है कि एक साल से बंद विधायक निधि को बहाल कर दिया जाए। विधायक निधि की राशि पिछले बजट में दो करोड़ रुपए से बढ़ाकर तीन करोड़ रुपए की गई थी, कोविड 19 की वजह से विधायक निधि को बंद किया गया है।

उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (ओ. एंड एफ.) के द्वारा **ई-टेंडर संख्या 44-M-O&F-Line box-DDU-Tender-2020** के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य के लिए खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती है। जिसके बंद होने की तिथि व समय **02.03.2021, 15.00 बजे** है जो उसी दिन **15.30 बजे** वेबसाइट पर खोली जाएंगी। इस टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 44-M-O&F-Line box-DDU-Tender-2020 |
| 2 | कार्य का नाम | मैनेजमेंट ऑफ लोडिंग/अनलोडिंग एंड ट्रासपोर्टेशन ऑफ लाइन बॉक्सेस ऑफ लोको पायलट्स ऑफ एलकेओ डिवीजन मेल/एक्स./पैसे./गुड्स ट्रेन्स एट डीडीयू फॉर 730 डेज। |
| 3 | बिडिंग सिस्टम | एकल पैकेट सिस्टम |
| 4 | ई-निविदा टाइप | खुली निविदा |
| 5 | अपलोडिंग दिनांक | 10.02.2021 |
| 6 | निविदा बंद होने का दिनांक एवं समय | 02.03.2021, 15.00 बजे |
| 7 | प्री बिड यस/नो | नो |
| 8 | प्री बिड क्वेरी डेट एंड टाइम | नॉट एप्लीकेवल |
| 9 | एडवरटाइज्ड वैल्यू | रु. 37,85,206.95 |
| 10 | धरोहर राशि | निल |
| 11 | निविदा वैल्यू | निल |
| 12 | टेंडरिंग सेक्शन | यांत्रिक ओ. एंड एफ. |
| 13 | बिडिंग स्टाइल | सिंगल रेट फॉर ईच शेड्यूल |
| 14 | कार्य की अवधि | दो वर्ष (730 दिन) |
| 15 | ऑफर वैधता | 45 दिन |
| 16 | बिडिंग स्टार्ट डेट | 16.02.2021 |

विनिधान सं.: 080242-32
सं.: 44-M-O&F-Line box-DDU-Tender-2020 दिनांक: 09.02.2021 282/2021
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# संपादकीय

## प्रकृति से छेड़छाड़ का नतीजा है तबाही

सात फरवरी की सुबह तबाही से समूचे उत्तराखंड में हाहाकार मचा है. ग्लेशियर पिघलने के बाद पानी के दबाव से धौलीगंगा का बांध टूटा, जिससे धौली नदी में बाढ़ आ गयी. तपोवन रैणी स्थित ऋषि गंगा पावर प्रोजेक्ट बराज पूरी तरह ध्वस्त हो गया. बांध टूटने और जल सैलाब से हर ओर तबाही का मंजर है. समीपस्थ गांवों का शेष दुनिया से संपर्क टूट गया है. जोशीमठ-मलाटी पुल ध्वस्त हो गया है, जो सेना को ऊपरी सीमावर्ती इलाकों में जाने के काम में आता था. बाढ़ का पानी छिनका होते हुए चमोली तथा नंद प्रयाग तक जा पहुंचा है. टिहरी बांध का पानी रोक दिया गया है, ताकि नदी के बहाव में बढ़ोतरी न हो. इस आपदा में प्रशासन द्वारा तकरीब सवा दो सौ लोगों के लापता होने का अंदेशा जाहिर किया जा रहा है. कई लोगों को आशंका है कि यह तादाद इससे अधिक भी हो सकती है. वास्तविक संख्या के बारे में निश्चित जानकारी कुछ दिनों के बाद ही मिल सकेगी. मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत का कहना है कि यह तबाही भारी बारिश से ऋषि गंगा प्रोजेक्ट में यकायक पानी आने से हुई है. पर्यावरण कार्यकर्ता व जाने-माने किसान नेता भोपाल सिंह चौधरी का कहना है कि स्थानीय निवासी इस आपदा को धारी देवी के अपमान से जोड़ कर देखते हैं. वैज्ञानिक इस घटना को ग्लोबल वार्मिंग से जोड़ कर देख रहे हैं. वे बरसों से चेता रहे हैं कि समूची दुनिया में ग्लोबल वार्मिंग के चलते ग्लेशियर लगातार पिघल कर खत्म होते जा रहे हैं. दुनिया की सबसे ऊंची पर्वत चोटी माउंट एवरेस्ट बीते पांच दशकों से लगातार गर्म हो रहा है. नतीजतन, उसके आस-पास के हिमखंड तेजी से पिघल रहे हैं. यह भी सच है कि वह चाहे हिमालय के ग्लेशियर हों या तिब्बत के या फिर आर्कटिक ही क्यों न हो, वहां बर्फ के पिघलने की रफ्तार तेजी से बढ़ रही है. विभिन्न अध्ययन रेपोर्ट सबूत हैं कि बढ़ते तापमान के चलते हिमालय के तकरीब साढ़े छह सौ से अधिक ग्लेशियरों पर अस्तित्व का संकट मंडरा रहा है. उनकी पिघलने की रफ्तार दोगुनी हो गयी है. कोलंबिया यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ अर्थ के अनुसार, भारत, नेपाल, भूटान और चीन में तकरीब दो हजार किलोमीटर के इलाके में फैले 650 से ज्यादा ग्लेशियर ग्लोबल वार्मिंग के चलते लगातार पिघल रहे हैं. साल 1975 से 2000 और 2000 से 2016 के बीच हिमालयी क्षेत्र के तापमान में एक डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी का दुष्परिणाम ग्लेशियरों के तेजी से पिघल कर खंड-खंड होने के रूप में सामने आया. साल 1975 से 2000 के बीच जो ग्लेशियर हर साल दस इंच की दर से पिघल रहे थे, वह 2000 से 2016 के बीच हर साल बीस इंच की दर से पिघलने लगे. बीते बरसों में डॉ मुरली मनोहर जोशी की अध्यक्षता वाली संसदीय समिति ने अपनी रिपोर्ट में चिंता जाहिर करते हुए कहा था कि हिमालयी ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं. उसने सरकार से सिफारिश की थी कि हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र के व्यापक अध्ययन के लिए पर्याप्त वित्तीय आवंटन और आधारभूत ढांचा मुहैया कराये जाने की बेहद जरूरत है. साथ ही, यहां पर्यटन की गतिविधियों को भी नियंत्रित किया जाना बेहद जरूरी है. यदि समय रहते ऐसा नहीं किया गया, तो इसके दुष्परिणाम बहुत भयावह होंगे. संयुक्त राष्ट्र की संस्था आइपीसीसी दस साल पहले यह चेता चुकी है कि हिमालय के सभी ग्लेशियर 2035 तक और आइसलैंड के सभी ग्लेशियर आने वाले 200 सालों में ग्लोबल वार्मिंग के चलते खत्म हो जायेंगे. अब यह स्पष्ट है कि हिमालय के कुल 9600 के करीब ग्लेशियरों में से तकरीब 75 फीसदी ग्लेशियर पिघल कर झरने और झीलों का रूप अख्तियार कर चुके हैं. यदि यही सिलसिला जारी रहा, तो बर्फ से ढंका यह पर्वत आनेवाले कुछ सालों में बर्फ विहीन हो जायेगा. यह सब हिमालयी क्षेत्र में तापमान में तेजी से हो रहे बदलाव के साथ-साथ अनियोजित विकास का परिणाम है. हिमालय के जंगलों में लगी आग से निकला धुंआ और कार्बन से ग्लेशियरों पर एक महीन सी काली परत पड़ रही है. यह कार्बन हिमालय से निकलनेवाली नदियों के पानी के साथ बहकर लोगों तक पहुंच रहा है, जो मानव स्वास्थ्य के लिए बहुत बड़ा खतरा है. गर्म हवाओं के कारण इस क्षेत्र की जैव विविधता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है. यह बेचौन कर देनेवाली स्थिति है. दरअसल, जलवायु परिवर्तन के अलावा मानवीय गतिविधियां और जरूरत से ज्यादा दोहन भी ग्लेशियरों के पिघलने का एक बड़ा कारण है. इसमें दो राय नहीं कि हिमालयी क्षेत्र में सबसे ज्यादा तकरीब 10,000 ग्लेशियर हैं. अकेले उत्तराखंड में 900 से ज्यादा ग्लेशियर हैं. हमारे जीवन में इनके महत्व को नकारा नहीं जा सकता. इनसे निकली नदियां हमारी जीवनदायिनी हैं. यह अब किसी से छिपा नहीं है कि ग्लेशियर के दिनों-दिन तेजी से पिघलने से झीलों के बनने की दर में भी बढ़ोतरी होगी, जो भयावह खतरे का संकेत है. यह अगर इसी रफ्तार से बढ़ता रहा, तो एक दिन ऐसा भी आयेगा, जब पेयजल समस्या तो भयावह रूप धारण कर ही लेगी, पारिस्थितिक तंत्र भी प्रभावित हुए बिना नहीं रहेगा.इसलिए जहां बढ़ते तापमान और जलवायु परिवर्तन से प्राथमिकता के आधार पर लड़ना बेहद जरूरी है. वहीं ग्लेशियर से बनी झीलों से उपजे संकट का समाधान भी बेहद जरूरी है. तभी कुछ बदलाव की आशा की जा सकती है। वैज्ञानिक डॉ डीपी डोभाल कहते हैं कि यदि तापमान इसी तरह बढ़ता रहा, तो हिमालय के एक-तिहाई ग्लेशियरों पर मंडराते संकट को नकारा नहीं जा सकता. इससे पहाड़ी, मैदानी इलाके के 30 करोड़ लोग प्रभावित होंगे. निश्चित है कि मानव जीवन और कृषि उत्पादन पर तो विपरीत प्रभाव पड़ेगा ही, पेयजल संकट भयंकर रूप ले लेगा और बाढ़ तथा जानलेवा बीमारी जैसी समस्याएं सुरसा के मुंह की तरह बढ़ जायेंगी. गौरतलब है कि ग्लेशियर पिघलने से ऊंची पहाड़ियों में कृत्रिम झीलों का निर्माण होता है. इनके टूटने से बाढ़ की सआशंका बढ़ती है. नतीजतन ढलान में बसी आबादी पर खतरा बढ़ जाता है. ग्लेशियरों से निकलनेवाली नदियों पर भारत, चीन, नेपाल और भूटान की कमोबेश 80 करोड़ आबादी निर्भर है. इन नदियों से सिंचाई, पेयजल और बिजली का उत्पादन होता है. यदि यह पिघल गये, उस हालत में सारे संसाधन खत्म हो जायेंगे और ऐसी आपदाओं में बढ़ोतरी होगी।

## सरकारी बॉन्ड में रिटेल

रिजर्व बैंक ने बीते शुक्रवार छोटे निवेशकों को डायरेक्ट ऑनलाइन ऐक्सेस के जरिए सरकारी बॉन्ड खरीदने की इजाजत देने की बड़ी घोषणा की। उम्मीद है कि यह कदम न केवल सरकार के संसाधनों में इजाफा करके इकॉनमी को गति देने की उसकी कोशिशों को मजबूती देगा बल्कि छोटे निवेशकों को सुरक्षित निवेश का एक अच्छा विकल्प भी मुहैया कराएगा। संसद में पेश आर्थिक सर्वे और फिर 2021-22 के बजट से साफ है कि सरकार की योजना इन्फ्रास्ट्रक्चर के मद में निवेश अधिकाधिक बढ़ाकर इकॉनमी को मंदी के दौर से निकालने और विकास की रफ्तार तेज करने की है। जाहिर है, इसके लिए उसे अपने वित्तीय संसाधन बढ़ाने के नए इंतजाम करने पड़ेंगे। 2020-21 और 21-22 के बढ़े हुए वित्तीय घाटे के अनुमान को ध्यान में रखें तो सरकार को इन दोनों वर्षों में क्रमशः 12.8 लाख करोड़ और 12 लाख करोड़ रुपये उधार लेने होंगे। रिजर्व बैंक का ताजा फैसला इस मामले में सरकार की मुश्किल आसान कर सकता है। इससे इन्वेस्टर बेस बड़ा होगा और सरकार को बड़ी परियोजनाओं के लिए धन जुटाने का एक और जरिया मिल जाएगा। जहां तक निवेशकों का सवाल है, सुरक्षित निवेश के पारंपरिक ठिकाने जैसे जमीन, फ्लैट और सोना वगैरह अब सुरक्षित नहीं माने जा रहे हैं क्योंकि पैसा कहीं भी फंस सकता है। रियलिटी सेक्टर की बदहाली जगजाहिर है और सोने के भाव ने जिस तेजी से 50 हजार रुपये प्रति दस ग्राम की रेखा पार की है, उसे देखते हुए निवेशक की यह आशंका स्वाभाविक है कि इतने महंगे रेट के सोने या गोल्ड ईटीएफ में पैसा लगाने से कहीं लेने के देने न पड़ जाएं। रिटेल इन्वेस्टर्स की सरकारी बॉन्ड्स तक सीधी पहुंच बनाने की यह पहल सुरक्षित निवेश का ठिकाना ढूंढ रहे छोटे निवेशकों के लिए मुंहमांगी मुराद पूरी होने जैसी है। लेकिन ढांचागत सुधार के इस महत्वपूर्ण फैसले के साथ कुछ जोखिम भी जुड़े हुए हैं। अव्वल तो यही देखना होगा कि इससे निवेशकों का उत्साह वास्तव में बढ़ता भी है या नहीं। छोटे निवेशकों के पास अप्रत्यक्ष ढंग से ही सही पर बॉन्ड में निवेश करने का डेट फंड वाला विकल्प तो अब भी है ही। उसकी राह अब पहले के मुकाबले आसान जरूर हो रही है। ऐसे में अगर निवेशक सचमुच इस विकल्प की तरफ खिंचते हैं तो एक सवाल यह रहेगा कि कहीं इसका असर बैंकों की जमा पर न पड़े। यानी रिटेल इन्वेस्टर इसे बैंक डिपॉजिट्स का विकल्प न बनाने लग जाएं। हालांकि आरबीआई ने इस डर को खारिज किया है।

# भारतीय वैक्सीन हैं सुरक्षित

**- डॉ अश्विनी महाजन**

**भारत द्वारा अपनी स्वदेशी वैक्सीन विकसित करने के कारण निहित स्वार्थों का पूरा खेमा विचलित है. यह संभव है कि स्वदेशी वैक्सीन के खिलाफये शक्तियां शंका उत्पन्न कर अपना बाजार गर्म करने की कोशिश में हैं. ऐसा लगता है कि इस दुष्प्रचार के बारे में सरकार पूरी तरह से सजग है और टीकाकरण की तेजी से भारत दुनिया में बढ़त बना चुका है।**

भारत सरकार कोरोना महामारी से निबटने के लिए अपनी वैक्सीन विकसित कर स्वास्थ्यकर्मियों और कोरोना के खिलाफ युद्ध में संलग्न अन्य कर्मियों समेत तीन करोड़ लोगों को वैक्सीन लगाने की मुहिम के शुरू से ही कुछ निहित स्वार्थी तत्वों द्वारा स्वदेशी वैक्सीन के खिलाफ दुष्प्रचार किया जा रहा है. इस दुष्प्रचार और कुछ अन्य कारणों से कुछ लोग वैक्सीन के प्रति हतोत्साहित हो रहे हैं. इस कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से अपील की है कि वे इस दुष्प्रचार से प्रभावित न हों. प्रधानमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री और सरकारी प्रतिनिधियों के द्वारा बार-बार समझाया भी जा रहा है कि भारतीय वैक्सीन सुरक्षित भी है और प्रभावी भी. लगभग एक सदी के बाद मानवता एक भयानक महामारी से गुजर रही है. विशेषज्ञों को इससे निबटने के लिए कोई भी इलाज नहीं सूझ रहा था. ऐसे में इस बीमारी के प्रति शरीर में प्रतिरोधात्मक शक्ति विकसित करना ही एकमात्र हल सोचा जा रहा है. एलोपैथिक चिकित्साशास्त्र में इसके लिए वैक्सीन एक उपाय माना जाता है. सामान्य परिस्थितियों में एक वैक्सीन को विकसित करने में सात से 10 साल का समय लगता है, लेकिन इस महामारी में विशेषज्ञों पर दबाव था कि वे जल्द से जल्द वैक्सीन विकसित करें. दुनियाभर में 200 से अधिक प्रयास चल रहे हैं, जिनमें 18 प्रयास भारत में हो रहे हैं. गौरतलब है कि भारत लंबे समय से वैक्सीन के क्षेत्र में अग्रणी देश रहा है. यहां की लगभग सात कंपनियां वैक्सीन बना कर दुनियाभर में बेचती रही हैं. दुनिया में वैक्सीन कहीं भी विकसित हो, उसके बड़े स्तर पर उत्पादन में भारतीय कंपनियों को खासी महारत हासिल है. सीरम इंस्टीट्यूट और भारत बायोटेक नामक दो भारतीय कंपनियों ने कोरोना वैक्सीन का व्यावसायिक उत्पादन शुरू कर दिया है और कोरोना योद्धाओं के यह वैक्सीन दी जा रही है. लेकिन भारत बायोटेक की वैक्सीन कोवैक्सिन के खिलाफ दुष्प्रचार भी तेज हो गया है. पहले से ही कुछ अन्य कारणों और स्वाभाविक डर के कारण वैक्सीन के प्रति हिचकिचाहट के साथ यह दुष्प्रचार वैक्सीन के प्रति कुछ लोगों को हतोत्साहित कर रहा है. हालांकि दोनों भारतीय वैक्सीनों को सभी प्रक्रियाओं को पूरा करने के बाद आपातकालीन उपयोग की अनुमति दी गयी है, लेकिन कोवैक्सिन के बारे में प्रचारित किया जा रहा है कि चूंकि इसके तीसरे चरण के परीक्षण पूर्ण नहीं हुए हैं, इसलिए इसकी प्रभावी क्षमता सुनिश्चित नहीं है, जबकि सच यह है कि ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा विकसित और सीरम इंस्टीट्यूट द्वारा निर्मित 'कोविशील्ड' और भारत बायोटेक द्वारा विकसित एवं निर्मित 'कोवैक्सिन' दोनों को विषय विशेषज्ञ समिति की अनुशंसा पर ही अनुमति मिली है. कहा जा रहा है कि इस वैक्सीन को देने से पहले जिन्हें वैक्सीन दी जा रही है, उनकी सहमति जरूरी है. गौरतलब है कि विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में चयनित इन टीकों के बारे में किसी भी प्रकार की शंका का कोई स्थान नहीं है. समझना होगा कि वर्तमान में कोरोना योद्धाओं और अन्य ऐसे व्यक्तियों, जिन्हें इस संक्रमण का सबसे अधिक खतरा है, उन्हें ये वैक्सीन आपातकालीन व्यवस्था के अंतर्गत दी जा रही है, क्योंकि उनके जीवन को खतरे में नहीं डाला जा सकता. यही नहीं, विश्व के अत्यंत सम्मानजनक मेडिकल जरनल 'लैंसेट' द्वारा प्रकाशित दस्तावेज के अनुसार भारत बायोटेक द्वारा विकसित वैक्सीन 'कोवैक्सिन' सुरक्षित भी है

और प्रभावी भी. तकनीकी डाटा का विश्लेषण करते हुए दस्तावेज में कहा गया है कि इस वैक्सीन में सम्मिलित तत्व शरीर में प्रतिरोधात्मक शक्ति को बढ़ाने का कार्य करेंगे. कंपनी ने दूसरे चरण के ट्रायल का डाटा भी प्रकाशित कर दिया है, जिसका विश्लेषण जल्द ही प्रकाशित होगा. दूसरे चरण के परिणाम भी उत्साहवर्द्धक हैं. अन्य वैक्सीनों की अपेक्षा कोवैक्सिन की खासियत यह है कि ये कोविड के बदले हुए प्रकार के वायरस के खिलाफ भी प्रभावी है. यह दावा भारत बायोटेक की साझीदार संस्था आइसीएमआर का है. वैज्ञानिक विश्लेषण भी उनके समर्थन में हैं. फिर भी स्वदेशी वैक्सीन के खिलाफ लगातार दुष्प्रचार जारी है. हालांकि निश्चित तौर पर नहीं कहा जा सकता, लेकिन प्रतीत होता है कि भारत की इस पहल और दुनिया के कई देशों में मानवता की रक्षा हेतु वैक्सीन उपलब्ध कराने के कारण दुनिया की कई कंपनियों में अकुलाहट बढ़ गयी है. विश्व स्वास्थ्य संगठन और गेट्स फाउंडेशन सरीखी दुनिया की बड़ी-बड़ी एजेंसियां भी छद्म रूप से कुछ बड़ी दवा कंपनियों द्वारा विकसित वैक्सीन की बिक्री सुनिश्चित करने हेतु पहले से ही सक्रिय हैं. इन एजेंसियों द्वारा 'कोवैक्स फैसिलिटी' के नाम से एक व्यवस्था को आगे बढ़ाने का काम किया गया है, जिसमें विभिन्न देशों की सरकारों से इन वैक्सीनों को खरीदने के लिए दबाव भी बनाया गया और कई मुल्क उसके लिए राजी भी हो गये. यह एक खुला सत्य है कि इस व्यवस्था में बड़ी-बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियां शामिल हैं. भारत द्वारा अपनी स्वदेशी वैक्सीन विकसित करने के कारण निहित स्वार्थों का पूरा खेमा विचलित है. यह संभव है कि स्वदेशी वैक्सीन के खिलाफये शक्तियां शंका उत्पन्न कर अपना बाजार गर्म करने की कोशिश में हैं. ऐसा लगता है कि इस दुष्प्रचार के बारे में सरकार पूरी तरह से सजग है और टीकाकरण की तेजी से भारत दुनिया में बढ़त बना चुका है।

# किसान आंदोलन का अंतरराष्ट्रीयकरण

**- उपेन्द्र प्रसाद**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अभी भी अपनी जिद पर अड़े हुए हैं और कृषि कानूनों के पक्ष में लगातार बयानबाजी कर रहे हैं, लेकिन इस सवाल का उनके पास कोई जवाब नहीं है कि जब पूरा देश लॉकडाउन के कारण घरों में बंद था, तो अध्यादेश के द्वारा इन कानूनों को बनाने की क्या जरूरत थी। उनके पास इस सवाल का भी कोई जवाब नहीं है कि संसद में इस पर बहस कराए बिना इसे क्यों पारित कराया गया। उनके पास इस सवाल का जवाब भी नहीं है कि राज्यसभा में जब उनकी पार्टी अल्पमत में है और उनके राजग सहयोगी दलों में भी उन कानूनों को लेकर विरोध था, तो फिर राज्यसभा में मत विभाजन क्यों नहीं कराया गया। जाहिर है, कृषि कानूनों पर मोदी सरकार की मंशा सही नहीं है। यह सच है कि कृषि क्षेत्र में नीतिगत सुधार होने ही चाहिए, लेकिन इन सुधारों का केन्द्र किसान होने चाहिए और देश की खाद्यान्न सुरक्षा के ध्यान में रखकर नये कानून बनाए जाने चाहिए। लेकिन सरकार ने कानून बनाते समय न केवल किसानों की उपेक्षा की, बल्कि अध्यादेश के द्वारा उस समय कानून बना डाला, जब किसान सहित देश के सारे लोग घरों में बंद थे। इससे ज्यादा अनैतिक और कुछ नहीं हो सकता था। सरकार नियंत्रित मीडिया द्वारा, जिसे देश के लोग अब गोदी मीडिया के नाम से जानते हैं, अपने पक्ष में माहौल बनाती है। लोगों का ब्रेनवाश कर गलत को सही ठहराया जाता है। वही काम करने के लिए एक सोशल मीडिया पर एक मजबूत आईटी सेल भी है। लेकिन इस बार सरकार गलत को सही ठहराने में विफल रही और किसान उसके झांसे में नहीं आए। इसका एक कारण यह है कि अब गोदी मीडिया पर वे विश्वास नहीं करते और उनको यह भी पता चल गया है कि हजारों या लाखों की संख्या में पेड साइबर कुली आईटी सेल का हिस्सा हैं और वे जो कहते हैं, उन पर भी विश्वास नहीं किया जा सकता। जब किसान सरकार की बात को मानने से इंकार कर रहे थे और कानूनों की वापसी से कम पर वे अपने आंदोलन वापस लेने को तैयार नहीं थे, तो 26 जनवरी को लाल किले पर हुई एक अप्रिय और शर्मनाक घटना की आड़ में उसने सारे आंदोलनकारियों को दिल्ली की सीमा से खदेड़ने की योजना बनाई और गोदी मीडिया से एक झूठा प्रचार एक साथ कराया गया कि जहां वे लोग धरने पर बैठे हैं, वहां के स्थानीय लोग बलपूर्वक हटा रहे हैं, जबकि सच्चाई कुछ और थी। सच्चाई मनदीप पूनिया नाम के एक स्वतंत्र पत्रकार ने दुनिया के सामने दिखाने का काम किया और वह सच्चाई यह थी कि वे स्थानीय लोग नहीं थे, बल्कि भाजपा के लोग थे, जो पुलिस के संरक्षण में वहां गुंडागर्दी कर रहे थे। पूनिया द्वारा उस सच का खुलासा करने के बाद उसे ही गिरफ्तार करके जेल में डाल दिया गया। यानी गोदी मीडिया झूठ फैलाए और उसके झूठ को झूठ साबित कोई करे, तो पुलिस उसे ही गिरफ्तार कर ले। यह सब देश में हो रहा था। उसी समय रिहाना ने एक ट्वीट करते हुए विश्व समुदाय को लताड़ लगाई कि भारत में किसान आंदोलन पर ध्यान दो। फिर तो भारत में आईटी सेल ने उसके खिलाफ हमला बोल दिया। फिर मियां खलीफा नाम की पॉर्न इंडस्ट्री में काम करने के लिए चर्चित एक महिला ने भी किसान आंदोलन के पक्ष में पोस्ट डाला। पर्यावरणविद ग्रेटा ने भी वही काम किया। ग्रेटा पर तो दिल्ली पुलिस ने मुकदमा भी कर दिया। हालांकि बाद में उसने कहा कि उसने कोई एफआईआर नहीं किया है। क्या पता गोदी मीडिया के अति उत्साह के कारण ग्रेटा के खिलाफ दिल्ली पुलिस द्वारा मुकदमा किए जाने की खबर उभरी। यह सब हो ही रहा था कि अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हेरिस की भांजी मीना हेरिस भी किसानों के समर्थन में ट्वीट करने लगीं। उन चारों महिलाओं के खिलाफ इधर भारत के सत्तातंत्र के द्वारा जो प्रतिक्रिया हुई, उसके कारण अब पूरा किसान आंदोलन का अंतरराष्ट्रीयकरण हो चुका है।

वे चारों महिलाएं अपनी निजी हैसियत से किसान आंदोलन के खिलाफ भारत सरकार के रुख की आलोचना कर रही थी, लेकिन आईटी सेल ने उसे भारत की संप्रभुता पर ही हमला बोल दिया। उस हमले में लगा मंगेशकर, सचिन तेंदुलकर, अक्षय कुमार और विराट कोहली जैसे लोगों की सहायता ली जाने लगी। वह बहुत ही हास्यास्पद था, क्योंकि व्यक्तिगत स्वतंत्रता के तहत हम भारतीय लेखक और पत्रकार भी अमेरिका, रूस, चीन, ईरान, इराक, पाकिस्तान, अरब और अन्य देशों की अंदरूनी घटनाओं पर खूब प्रतिक्रिया करते रहे हैं। हमारी प्रतिक्रिया को उन देशों ने कभी भी अपनी संप्रभुता पर हमला नहीं माना। लेकिन सचिन जैसे लोगों की सहायता से मीडिया सेल एक और झूठ फैलाने की कोशिश कर रहा था कि वे चार महिलाएं भारत की संप्रभुता पर ही हमला कर रही हैं।

बाद में तो अमेरिकी सरकार ने भी भारत के किसान आंदोलन पर अपना बयान जारी कर दिया और आंदोलन के स्थल पर से इंटरनेट सेवा हटाने की सरकार की कार्रवाई को गलत बताते हुए किसानों से बात करने की सलाह दे दी। सवाल उठता है कि क्या सरकार समर्थक गोदी मीडिया और आईटी सेल क्या अमेरिकी प्रशासन के उस बयान को भी भारत की संप्रभुता पर हमला मानता है? यह मसला सिर्फ अमेरिकी सरकार तक ही सीमित नहीं है। संयुक्त राष्ट्र संघ का अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने भी किसान आंदोलन पर अपना बयान जारी कर दिया है। आने वाले दिनों में अंतरराष्ट्रीय स्तर से और भी बयान आ सकते हैं। सच कहा जाय, तो किसान आंदोलन का अंतरराष्ट्रीयकरण हो चुका है। पूरी दुनिया की नजर अब इस पर आ चुकी है। इसके समर्थन करने वालों के खिलाफ होने वाले सरकारी दमन पर दुनिया की नजर रहेगी और दुनिया अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करेगी। आंदोलन तो अब निकट भविष्य में समाप्त होने वाला नहीं और कृषि कानूनों पर मोदी सरकार अपनी लड़ाई हार चुकी है। इसलिए बेहतर यही होगा कि सरकार फिर से नया कानून बनाने की घोषणा कर दे और वर्तमान कानून को वापस ले ले। यही देश के हित में होगा और सरकार के हित में भी।

# आज का राशि फल




**मेषः-** निकट संबंधों में शंकाओं को हावी न होने दें। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति होने के आसार बनेंगे। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। सगे-संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**बृषभः-** आर्थिक क्षेत्र में लाभ के आसार हैं। अवरोधित कार्य हल होंगे। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी।

**मिथुनः-** संबंधों में कटु वचनों का प्रयोग न करें। माता के स्वास्थ के प्रति सचेत रहें। अच्छे कायरे द्वारा प्रशंसा के पात्र बनेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा।

**कर्कः-** बीती बातों को भूलने की कोशि करें। रोजगार में कुछ अच्छे अवसर मिलेंगे। भौतिक इच्छाएं बलवती होंगी। अभिभावकों के भावनात्मक सहयोग से उत्साह में वृद्धि होगी। आकांक्षाओं की पूर्ति होगी।

**सिंहः-** नकारात्मक चिंताओं का त्याग करें। महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। वर्तमान में आपको सकारात्मक सोच के साथ सकारात्मक दिशा में प्रयास करना चाहिए।

**कन्याः-** किसी नये कार्य की ओर आपका रुझान बढ़ेगा। किसी महत्वपूर्ण फैसले के लिए मन केंद्रित होगा। नवीन योजनाओं द्वारा प्रगति होगी। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।

**तुलाः-** महत्वाकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरें में अत्याधिक व्यय का योग है। कार्यक्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी। परिवार में सुखद स्थिति प्रसन्नता लाएगी। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

**वृश्चिकः-** परिश्रम का समुचित लाभ प्राप्त होगा। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। परिवार में किसी मेहमान का आगमन संभव।

**धनुः-** मन सुंदर कल्पनाओं से प्रभावित रहेगा। नये संबंधों के प्रति निकटता बढ़ेगी। उपस्थित साधनों में सन्तुष्ट व तृप्त होने का प्रयत्न करें। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है।

**मकरः-** विभागीय परिवर्तनों से कुछ दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। अपने अन्दर धैर्य व वाणी में मधुरता लावें। कुछ नई अभिलाषाएं मन में जागृत होंगी। प्रियजनों का सनिध्य प्राप्त होगा।

**कुंभः-** राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा। अच्छे कायरे के लिए प्रशंसनीय होंगे। शासन-सत्ता से लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा।

**मीनः-** आवोश में किये गये कार्य से कष्ट संभव। भावनात्मक समस्याओं पर सगे-संबंधियों के बीच खुलकर बात करें। कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। महत्वपूर्ण कायरें को कल पर न टालें।

# ग्रामीणों को बताए जल संचयन करने के उपाय



**कार्यक्रम**
- जागरुकता कार्यक्रम कैच-द-रैन का आयोजन

उन्नाव ।

नेहरू युवा केन्द्र के तत्वावधान में जागरुकता कैच द रैन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे ब्लाक कृषि रक्षा इकाई व विधायक प्रतिनिधि ने सभा को सम्बोधित कर जल संचयन करने की अपील की।

नेहरू युवा केन्द्र के तत्वाधान में ब्लाक के ग्राम पंचायत बरौना न्यामतपुर में कार्यक्रम का उद्घाटन मोहान विधानसभा विधायक ब्रजेश रावत के प्रतिनिधि सत्यपाल सिंह ने फीताकर किया। सभा को सम्बोधित करते हुए हसनगंज कृषि रक्षा अधिकारी साहब लाल ने ग्रामीणों को जल संचयन करने के उपाय बताए। साहब लाल ने कहा कि हम सभी को जल संचयन करने के लिए आगे आना चाहिए। गाँवो में लगभग हर घर के पास सरकारी नल होता है। जिसका पानी नालियों में बहता है। हम सभी गांव का पानी एक जगह एकत्रित कर सकते है तथा पूरे गांव का पानी तालाब में कैसे जाए इसकी भूमिका बनांनी चाहिए। तालाब अगर पानी से भरा होगा तो नलों का वाटर लेबल सही रहेगा।

ग्राम विकास अधिकारी मृगांक गौतम ने युवाओ से अपील की कि युवा पीढ़ी आगे आकर जल संचयन पर अहम कदम उठाये। जिससे गांव का पानी रोका जा सके। झलोतर मण्डल अध्यक्ष आशीष मिश्र ने ग्रामीणो को जल संचयन को लेकर घर-घर पम्प प्लेट बांटकर महिला पुरुषों समेत युवाओ से जल संचयन करने की अपील की तथा कहा कि आज अगर हम सभी नही सचेत हुए तो आने वाले समय में युवा पीढ़ियों के लिए जल के लिए युद्ध की स्थित बन जाएगी इसलिए सभी जल संचयन करे।

ब्लॉक एनवाई प्रताप सिंह, अमीशा सिंह ने बताया की ब्लाक क्षेत्र के 20 से 40 गाँवो में हमारे यूथ समेत सदस्य जल संरक्षण के बारे में दस-दस परिवार को जागरूक करेंगे। उन्होंने कहा कि जल संचयन बहुत ही महत्वपूर्ण विषय बन चुका है। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि सत्यपाल सिंह, लाल बहादुर, अभिषेक मिश्र, प्रधान राम जानकी, दिलीप सिंह, आशीष मिश्र समेत ग्रामीण मौजूद रहे।

## मामूली बात पर दो पक्षों में मारपीट

**उन्नाव।** थाना आसीवन क्षेत्र में मामूली बात पर दो पक्षों के बीच लाठी डंडे चलने लगे। जिससे तीन लोग घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डाक्टर ने तीनों की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के विरूद्ध पुलिस को तहरीर दी है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कादिरपुर गांव निवासी शिवशंकर पुत्र रमेश का परिवारिक फूलचंद पुत्र द्वारिका से खेत में सरसों उखाड़कर फेक देने की बात पर गाली गलौज से शुरू हुआ। विवाद मारपीट तक पहुंच गया। एक पक्ष से शिवशंकर पुत्र रमेश, रमेश पुत्र जगदेव, रमाकांती पत्नी रमेश में पिता पुत्र घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष के फूलचंद पुत्र द्वारिका, चंदेश्वरी पत्नी फूलचंद, बिट्टो उर्फ ज्योति पुत्री फूलचंद घायल हुए। लक्ष्मी पुत्री पप्पू व गुड्डी पत्नी पप्पू के बीच हुई मारपीट की घटना में रमेश शिवशंकर व बिट्टो उर्फ ज्योति गंभीर रूप से घायल हो गये जिन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है । इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि मारपीट की घटना हुई है घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# कोल ट्रांसपोर्टरों ने खदानों के बैरियर पर दिया धरना



कानपुर

रविवार को कोल ट्रांसपोर्टरों व ट्रक मालिकों ने एनसीएल के विभिन्न परियोजनाओं मे भाड़ा वृद्धि को लेकर विरोध प्रदर्शन किया व अनिश्चितकालीन के लिए धरने पर बैठ गये। जिस कारण कोयला खदानों से कोयले की ढुलाई पूरी तरह बंद रहा। एनसीएल बीना परियोजना के बैरियर पर धरना दे रहे ट्रक मालिकों ने बताया कि कोरोना महामारी के कारण ट्रांसपोर्टिंग का क्षेत्र काफी प्रभावित रहा।

महामारी के दौरान सरकार ने परमिटए टैक्स एवं फाइनेन्स कंपनी द्वारा जो छूट दिया गया था अब उसका भार ब्याज के साथ ट्रक मालिकों के ऊपर पड़ रहा है। ट्रक मालिकों को फाइनेन्स कंपनी द्वारा नोटिस दिया जा रहा है। ऐसे मे भाड़ा न बढ़ने से ट्रक मालिकों की स्थिति और खराब होते जा रही है। उर्जान्चल ट्रक ऐसोसिएशन के क्षेत्रीय अध्यक्ष रवि राय ने कहा कि महामारी से ट्रक मालिक वैसे ही परेशान है। गाड़ियों की किस्त जमा नही हो पा रही है। डीजल का रेट और अन्य खर्चे भी बढ़ गयें हैं। ऐसे मे जिला पंचायत की वसूली ट्रक मालिकों की कमर तोड़ दे रही है। जगह.जगह जबरन वसूली की जा रही है। जबकि कोयला क्षेत्र जिला पंचायत के क्षेत्र से बाहर है। जिला पंचायत वसूली वहीं कर सकता है जिस मार्ग का निर्माण व रख-रखाव जिला पंचायत खुद करता है। यह क्षेत्र साडा के अन्तर्गत आता है और यह राष्ट्रीय राजमार्ग है। इस पर राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के अलावा कोई वसूली नही कर सकता। सभी ट्रक मालिकों व ट्रांसपोर्टरों ने भाड़ा बढ़ाने की मांग के साथ.साथ जिला पंचायत की अवैध वसूली बंद कराने की मांग की है।

विरोध प्रदर्शन मे लालसा राम, बंटी गुर्जर, सत्य प्रकाश राय, गोपाल सिंह, रिंकू दुबे, विकास जायसवाल, हंसराज सिंह, अरूण सिंह, मिस्टर भाई व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## घर में लगी आग, गृहस्थी राख

उन्नाव ।

कोतवाली सफीपुर क्षेत्र में अज्ञात कारणों के चलते फूस के छप्पर में आग लग गयी। आग की लपटें देख कर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और निजी संसाधनों से आग पर काबू पाया। तब तक घर गृहस्थी के काफी सामान के साथ पांच हजार रुपए की नगदी सहित एक लाख रुपये का सामान जल गया। सूचना पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल ने नुकसान का आंकलन कर रिपोर्ट भेज दी है। कोतवाली सफीपुर क्षेत्र के अतहा गांव निवासी सुंदर लाल पुत्र श्रीरामराज मिस्त्री का काम करता है। सोमवार को वह काम करने चला गया था। घर पर पत्नी सुमन थी वह बच्चों को घर पर छोड़ कर कोटे की दुकान पर राशन लेने चली गई थी। घर पर चार पुत्रियाँ व दो पुत्र थे इसी बीच किन्ही कारणों से घर के बाहर छप्पर में आग लग गयी। आग की लपटें देख कर बच्चों ने शोर मचाया।

जिस पर ग्रामीण एकत्र हुए और निजी संसाधनों से आग पर काबू पाया तब तक आनाज व कपड़े सहित घर गृहस्थी का अन्य सामान जल गया और पोटली में रखी पांच हजार रुपये की नगदी जल कर राख हो गयी। लेखपाल संतोष कुमार ने नुकसान का

## पति ने पत्नी को पीटा मुकदमा दर्ज

**उन्नाव।** पति की बेजा हरकतों व मारपीट को लेकर महिला ने थाना पुलिस में तहरीर देकर शिकायत की। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया। बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम नयाखेड़ा मजरे गौरा में नशे के लती पति नीरज लोधी ने रविवार की रात नशे की हालत में पत्नी की जमकर पिटाई कर दी। मारपीट की इस घटना में पत्नी का सर फूट गया वही शरीर के अन्य अंगों में गंभीर चोटें आई। घटना की शिकायत पत्नी लक्ष्मी देवी ने पति नीरज लोधी के विरुद्ध थाना बिहार में तहरीर देकर की। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

## पंडित जटाशंकर मिश्र की पुण्यतिथि पर लगाया गया नेत्र शिविर



कानपुर

देश की मोतियाबिंद में अग्रणी सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट के तत्वावधान में मिर्जापुर के ग्राम विजयपुरा में एक विशाल नेत्र शिविर का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रघुवीर मिश्रा विशेष अतिथि सालिकराम मिश्रा गुलाब अंबेडकर हेमराज यादव एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पंडित सत्यदेव मिश्रा के कर कमलों द्वारा पंडित स्वर्गीय जटाशंकर मिश्र की पुण्यतिथि एवं स्वर्गीय हीरावती मिश्र की याद में विशाल नेत्र शिविर का आयोजन किया गया।

अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए भगवान से प्रार्थना कर उक्त शिविर का शुभारंभ किया गया शिविर में करीब 250 आंखों से पीड़ित मरीजों ने अपने नेत्रों का सफल परीक्षण करवाया इस दौरान परीक्षण उपरांत 31 मरीज ऑपरेशन योग्य पाए जाने पर उनका इलाज करने के लिए सद्गुरू नेत्र चिकित्सालय द्वारा निशुल्क अपने बस के माध्यम से चित्रकूट में स्थापित विशाल नेत्र शिविर में ले जाकर ऑपरेशन किया जाएगा और ऑपरेशन उपरांत स्वस्थ होने पर उनके गृह ग्राम घर पहुंचाया जाएगा जिन मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया उनको निशुल्क चश्मा दवा एवं भोजन सहित कंबल वितरण किया गया। इस आयोजन के कर्ता.धर्ता पंडित सत्यदेव मिश्र पंडित शंकर देव मिश्र पंडित गोविंद देव मिश्र

## कोरोना काल में भी विकास के पथ पर आगे बढ़ा देश: मोहसिन रजा

बांगरमऊ-उन्नाव ।

नगर के उन्नाव मार्ग पर स्थित एक मैरिज लॉन में भाजपा कार्यकर्ता स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में संगठन के प्रदेश मंत्री शंकर लाल लोधी एवं प्रदेश सरकार में मंत्री मोहसिन रजा ने पुष्प वर्षा एवं अंग वस्त्र भेंट कर क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री मोहसीन रजा ने कहा कि इस पंडाल में अल्पसंख्यकों की भारी तादाद में मौजूदगी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी का नारा सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास चरितार्थ कर रही है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री की सूझबूझ और इच्छा शक्ति के चलते कोरोना काल में भी देश विकास के पथ पर आगे बढ़ा। उन्होंने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि विपक्षी दल हमेशा नकारात्मक राजनीति करते हैं। उन्होंने कहा कि पहले देश की राजनीति विदेशों से संचालित होती थी। आज नरेंद्र भाई मोदी के कार्यकाल में विदेशों की राजनीति भारत से संचालित होती है। उन्होंने कृषि कानूनों को किसानों की आय दोगुनी करने वाला बताया।

अंत में उन्होंने कहा कि थाली और ताली बजाने से हम देशवासी आज कोरोना मुक्त हुये है। कार्यक्रम को पूर्व सांसद अंजूबाला, क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार, पुरवा विधायक अनिल सिंह, विसवा सीतापुर विधायक महेंद्र सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संगीता सेंगर, बाला राव गुप्ता, नीरज गुप्ता आदि ने भी संबोधित किया।

## आशाओं और एनएम को दिया गया प्रशिक्षण

**उन्नाव।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार कक्ष में शहरी क्षेत्र की आशाओं एवं एनएम को संचारी रोगों तथा एईएस/जेई रोगों से बचाव के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिससे आगामी माह से आरम्भ हो रहे संचारी रोग नियंत्रण अभियान का क्रियान्वयन सफलतापूर्वक किया जा सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित आशा एवं एनएम के जिला मलेरिया अधिकारी द्वारा डेंगू एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों से बचाव के उपाय बताए गए तथा आने वाले माह में सोर्स रिडक्शन की कार्यवाही प्रभावी ढंग से किए जाने के निर्देश प्रदान किए गए।

इसी प्रकार पाथ संस्था के जिला प्रतिनिधि बुन्देल सिंह द्वारा जेई एएईस से बचाव के सम्बन्ध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया तथा जनपद में स्थापित किये गये ईटीसी सेण्टरों के बारे में जानकारी प्रदान की गयी। प्रशिक्षण के साथ-साथ प्रभारी अधिकारी डा0 रानू कटियार द्वारा कन्या सुमंगला योजना की प्रगति के बारे में भी आशाओं को बताया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम नगरीय क्षेत्र की समस्त आशायें एवं एनएम के साथ-साथ कन्या सुमंगला योजना कार्यक्रम के प्रभारी उपमुख्य चिकित्साधिकारी डा0 विजय गुप्ता, जिला मलेरिया अधिकारी रमेशचन्द्र यादव, पाथ संस्था के जिला समन्वयक बुन्देल सिंह मानिटर पवन तिवारी डीपीएम आदि उपस्थित रहे।

# सीएसआर अनुभाग ने विद्यालयों को उपलब्ध कराया फर्नीचर



सोनभद्र

एनटीपीसी-सिंगरौली विद्युत गृह के मानव संसाधन-सीएसआर अनुभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित तीन विद्यालयों में फर्नीचर का वितरण किया गया।

एनटीपीसी-सिंगरौली विद्युत गृह का सी एस आर अनुभाग क्षेत्र के आर्थिक एवं शैक्षणिक विकास के लिए सतत प्रयास रत रहा है इस कार्यक्रम के अन्तर्गत शैक्षणिक स्तर में उत्तरोत्तर सुधार के मकसद से सीएसआर अनुभाग आवश्यकता नुसार ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित विद्यालय भवनों में विस्तार सहित नये विद्यालय भवनों के निमार्ण किये गये हैं। इसी क्रम में विद्यालयों के बच्चों के बैठने एवं समुचित पठन पाठन के उददेष्य से फर्नीचर उपलब्ध कराया है। 200 की संख्या में डियूल डेस्क, 25 की संख्या में टेबिल, 25 नं0 अलमारी उपलब्ध कराया है। कोविड को देखते हुए 2000 मास्क 1000 सेनिटाइजर की बॉटल विद्यालय के प्रधानाचार्य गण को उपलब्ध कराये गये है। विद्यालयों में फर्नीचरों का प्रेषण के दौरान वि. शिवा प्रसाद, अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन, परषोत्तम लाल, नोडल अफीसर सीएसआर ललित कुमार एवं सीएसआर अनुभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बेसहारा बच्चों के मदद को आगे आया एलायंस क्लब



प्रतापगढ़।

एलायंस क्लब इंटरनेशनल प्रतापगढ़ के द्वारा आज पांच अनाथ बच्चों को राहत पहुंचाई गई ग्रामसभा बरियार का पुरवा निवासी जगेसरगंज थाना कोहडौर और तहसील पट्टी निवासी मोहनलाल सुत रामआधार यादव की मृत्यु छः माह पहले हो गई थी मां पहले ही कहीं चली गई थी। मोहनलाल रिक्शा चलाकर बच्चों को पालता था उसकी मृत्यु हो जाने पर यह पांचो बच्चे बिना मां बाप के अनाथ हो गए और खाने के भी लाले पड़ गए। इसमें बड़ी बेटी ज्योति 15 वर्ष पवन 13 वर्ष चंदन 11 वर्ष करन 9 वर्ष व खुशी 7 वर्ष की इन अनाथ बच्चों के पास घर भी नहीं है। इसकी जानकारी क्लब को हुई क्लब ने सभी बेसहारा बच्चों को आज 3 महीने का राशन में चावल, आटा, दाल, सरसों का तेल, चीनी, मसाला, हल्दी, धनिया, मिर्चा, साबुन, बच्चों के लगाने के लिए तेल, सब्जी, सोयाबीन, टॉफी, बिस्कुट, सभी बच्चों को दो-दो सेट कपड़े एवं सभी को पढ़ने लिखने के लिए कापी, किताब,पेन एवं 15 सौ नगद भी देकर कहा कि आप लोगों को कोई भी दिक्कत नहीं होने पाएगी। क्लब के इंटरनेशनल एडवाइजर रोशनलाल उमरवैश्य ने उपरोक्त सामग्री देते हुए कहा कि क्लब को जानकारी मिली थी की यह बेसहारा बच्चों के पास खाने और रहने की कोई व्यवस्था नहीं है। उसी क्रम में क्लब ने यथासंभव 3 महीने का राशन, किताब व पूरी खाद्य सामग्री व नगद पैसा दिया गया रोशनलाल ने बताया कि माननीय जिलाधिकारी महोदय को भी क्लब ने इन अनाथ बच्चों के विषय में जानकारी दी है तथा मांग की है कि इन अनाथ बच्चों को आवास, अंतोदय कार्ड, आवासीय शिक्षा, पट्टे की जमीन व आर्थिक सहायता दिलाने की कृपा करें जिससे यह अनाथ बच्चे एक बार फिर समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें। इस अवसर पर संतोष कुमार, डॉ दयाराम मौर्य, देवानंद, छेदीलाल, आनंद कुमार, राजेश कुमार, रेखा उमरवैश्य, पूनम गुप्ता, अर्चना खंडेलवाल, आशीष कुमार, विवेक कुमार, सुनील कुमार यादव आदि रहे।

# डिप्टी रजिस्ट्रार ने के किया स्काउट गाइड कैम्प का निरीक्षण




प्रतापगढ़।

आचार्य सदाशिव शिक्षण संस्थान में चल रहे स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर चौथे दिन छात्र छात्राओं को प्राथमिक उपचार का प्रक्षिक्षण दिया गया। इस दौरान छात्र छात्राओं को स्ट्रेचर के प्रयोग की जानकारी दी गयी। उसके बाद प्राथमिक उपचार का तरीका बताया गया। उसके बाद छात्र छात्राओं ने तंबू निर्माण कर टोली बनाकर भोजन बनाया। कैम्प की मुख्य अथिति प्रो. राजेन्द्र सिंह रज्जू भैया विश्वविद्यालय प्रयागराज की उपकुलसचिव दीप्ति मिश्रा ने कैम्प का निरीक्षण किया। छात्र छात्राओं से उन्होंने कैम्प के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इसके बाद छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अथिति उपकुलसचिव दीप्ति मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर किया। उसके बाद शिक्षकों ने मुख्य अथिति को अंगवस्त्र और माल्यर्पण कर स्वागत किया। उसके बाद उन्हें प्रतीक चिन्ह दिया गया।

विशिष्ट अथिति डॉ. लालजी त्रिपाठी का भी स्वागत किया गया। उसके बाद छात्र छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मुख्य अथिति उपकुलसचिव दीप्ति मिश्रा ने कहा कि स्काउट गाइड न्यूनतम संशाधनों में भी अपनी आवश्कयता को पूरा किया जा सकता है। इसके द्वारा समूह में कार्य करने का अनुभव भी प्राप्त होता है। अनुशासन और चरित्र का निर्माण करना भी स्काउट गाइड के द्वारा होता है । संस्थान के अध्यक्ष पं. हरिशंकर उपाध्याय ने अथिति का स्वागत किया। प्राचार्य डॉ. मृतुन्जय प्रसाद ने उपस्थित लोगों के प्रति आभार जताया। इस मौके पर प्रीति मिश्रा, मयंक श्रीवास्तव, अश्विनी पाल,सरिता मौर्या, गायत्री तिवारी,आशीष यादव,संदीप उपाध्याय,विजय पांडेय,देवी उपाध्याय,ललिता विश्वकर्मा,जागृति शुक्ला, श्वेता मिश्रा,अंजुम,निरूपमा श्रीवास्तव मौजूद रहे।

# राम मंदिर निर्माण हेतु आगामी समर्पण संकल्प यात्रा का प्रारंभ



प्रतापगढ़।

श्री राममंदिर निर्माण के निमित्त आगामी निधि समर्पण संकल्प यात्रा का आरंभ करते हुए पूर्व विधायक बृजेश मिश्रा श्सौरभश् ने मां चंद्रिका देवी धाम का आशीर्वाद लेते हुए वहां के स्थानीय लोगों से बातचीत की और मंदिर निर्माण में उनके द्वारा आस्थास्वरूप योगदान करने की अपील की। बृजेश सौरभ के इस उत्तम कार्य की स्थानीय लोगों ने सराहना की और उत्तरप्रदेश में रामराज्य स्थापित करने इस आयाम को उत्तम कदम भी बताया।

हमारे राष्ट्रवासी श्रीराम के चरित्र से पूर्णतः प्रेरित हैं। स्थानीय निवासी रजनीश ने कहा मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम में मेरी दृढ़ आस्था है। और जब से विधायक जी ने इस यात्रा का आरंभ किया। तब से मैं स्वयं प्रेरित होकर अपने समाज के लोगों में भी आस्था के प्रति विचारों को पर संवाद करता रहता हूँ एवं रामराज संकल्प निधि समर्पण यात्रा में वैश्विक स्तर पर योगदान कराने का काम कर रहा हूं। बृजेश मिश्रा श्सौरभश् खुद भी वहां के स्थानीय लोगों से बातचीत की और कहा आप सभी योगदान ईमानदारी एवं निष्ठा पूर्वक दीजिए।

## हरिश्चन्द्र पाण्डेय को सौंपी गयी जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी



**प्रतापगढ़।** अखिल भारतीय ब्राम्हण महासभा रा के प्रदेश प्रभारी प्रवीण मिश्र द्वारा ब्राम्हण महासभा के युवा शाखा परशुराम सेना के जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी हरिश्चन्द्र पाण्डेय को सौंपी गयी।गौरतलब है कि प्रवीण मिश्र द्वारा उनके उडैयाडीह स्थित कार्यालय पर दो दर्जन से अधिक लोगों को सदस्यता दिलायी गयी साथ में हरिश्चन्द्र पाण्डेय को परशुराम सेना के जिलाध्यक्ष की कमान सौंपी गयी।इस मौके पर विवेक पांडेय,रमन मिश्र,अर्पित मिश्र,आशुतोष मिश्र,चंचल तिवारी,निखिल पांडेय,सूरज मिश्र,बबलू पांडेय आदि लोग मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक तथा मुद्रक विनीता तोमर द्वारा ए.वी.बी. रेप्रोग्राफिक्स ए-59, तालकटोरा इंडस्ट्रियल एरिया, लखनऊ से मुद्रित, सी-5/2, सपना इन्कलेव, सेक्टर 18 वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक विनीता तोमर*
RNI.: UPHIN/1999/01690 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे। मो. 9415349400. email- vvtimes.news@gmail.com

# कुंडली जमाए कर्मचारियों के खिलाफ मैदान में उतरे वकील

**विरोध**

- जिलाधिकारी को भी मात देने की कोशिश करने से नहीं चूकते यहां के कर्मचारी
- वकीलों के विरोध व समृद्धि न्यूज की खबर के असर के बाद कुछ कर्मचारियों का किया गया था ट्रांसफर, अधिकारी चहेते कर्मचारियों को नहीं कर रहे रिलीव



रायबरेली

मुख्यमंत्री की पारदर्शी नीति को सफल बनाने के लिये जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने एक ही पटल पर जमे कुछ कर्मचारियों का स्थानांतरण तो कर दिया लेकिन स्थानांतरित कर्मचारी अपने मलाईदार पटल को छोड़ना नही चाहते जिसके लिये तरह तरह के हथकंडे अपनाने से बाज नही आ रहे। वहीं स्थान्तरण रोके जाने व जिलाधिकारी को मैनेज करने की अफवाह भी उड़ाई जा रही है। बताते चलें कि विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर अभी पिछले कुछ दिन पहले जिला अधिकारी को वकीलों द्वारा एक ज्ञापन सौंपा गया था कि एक ही पटल पर जमे भ्रष्ट कर्मचारियों को तत्काल स्थानांतरित कर भ्रस्टाचार पर तुरंत लगाम लगाई जाय। जिसके बाद जिलाधिकारी ने कुछ कर्मचारियों का स्थानांतरण भी कर दिया। अभी दर्जनों ऐसे कर्मचारी व बाबू अपने मलाईदार पद पर डटे हुए हैं। इतना ही नही कुछ नटवर लाल कर्मचारी अपनी पूरी नौकरी कलक्ट्रेट या तहसील में ही पूरी कर ले रहे हैं।

### लेनदेन करके स्थानांतरण रूकवाने में लगे स्थानांतरित कर्मचारी

अभी भी स्थान्तरित नटवरलाल जुटे हैं स्थान्तरण रुकवाने के जुगाड़ में बरसों से कलेक्ट्रेट परिसर में जुगाड़ तंत्र के जरिये टिके पुराने चावल का जिले के तेज तर्रार जिलाधिकारी ने जब से स्थान्तरण किया तब से हड़कम्प मचा हुआ है। सूत्रों की माने तो जिन अधिकारियों पर डीएम साहब ने स्थान्तरण का चाबुक चलाया है वे अब जुगाड़ तंत्र में जुट गए हैं कि पहले की किसी तरह दोबारा उनका यह स्थान्तरण रुक जाए और उनकी जमी जमाई भ्रस्टाचार की दुकान फिर से गुलजार ही जाय। अब देखना यह है कि ये भ्रस्टाचारी अपने इन मनसूबे में सफल होकर जिलाधिकारी के आदेश को पटखनी देते हैं या फिर जिलाधिकारी का पक्का इरादा इनको जड़ से उखाड़ने में सफल होता है।

"तहसीलों में जमे एक ही पटल पर कर्मचारियों को लेकर हम लोगों ने आज जिलाधिकारी को ज्ञापन देने गए तो वहां पर बैठे एडीएम प्रशासन ने कहा जिलाधिकारी अभी आधे घंटे बाद आ रहे हैं और जब आधे घंटे बाद भी वह नहीं आए तो हम लोगों ने नारेबाजी की और यह मांग की कि ऐसे कर्मचारियों का स्थानांतरण हो अन्यथा हम लोग न्यायिक कार्य से अलग रहेंगे क्योंकि इससे पहले भी हम लोगों ने एक ज्ञापन दिया था जिस पर 15 दिन का समय दिया गया था हम लोगों को मगर अभी तक इस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

**सुशील कुमार श्रीवास्तव**
**अध्यक्ष कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन रायबरेली**

## ट्रेनरों ने छात्रों को सिखायी प्रयोगात्मक विधियां



फत्तेहपुर।

शहर के अमरजई मुहल्ला स्थित मदर सुहाग इण्टर कालेज में मंगलवार को विज्ञान प्रयोगशाला का प्रयोगात्मक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कानपुर शहर से आये ट्रेनरों ने छात्र-छात्राओं को प्रयोगात्मक विधियां सिखायीं। कार्यक्रम में छात्रों के बीच हर्षोल्लास का माहौल रहा और कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

छात्र-छात्राओं के बीच विज्ञान के प्रति रूचि बढ़ाने के उद्देश्य से विज्ञान प्रयोगशाला का प्रोगात्मक कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें सोपान आश्रम कानपुर से एचसी वर्मा व उनके सहयोगी प्रोफेसर अमित बाजपेयी व रंजीत ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच गजब का उत्साह देखने को मिला। ट्रेनरों ने छात्र-छात्राओं को भौतिक विज्ञान के अनेकों प्रयोग करके दिखाये एवं उन्हें प्रयोगात्मक विधियां सिखायीं। कक्षा नौ से बारह तक के सभी छात्र-छात्राओं ने अदभुत प्रयोग सीखे और कार्यक्रम अवलोकित किया। विद्यालय के प्रबन्धक एवं प्रधानाचार्य मोहित सिंह चंदेल ने आये हुए अतिथियों का स्वागत किया और उनके कार्यक्रम की प्रशंसा की।

## विद्युत मीटर रीडिंग कर्मचारी उपभोक्ताओं को कर रहे परेशान

रायबरेली ।

नगर पंचायत डलमऊ के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत मीटर की रीडिंग लेने के लिए तैनात कर्मचारियों द्वारा अवैध कनेक्शन चेक करने के नाम पर मकान में बिना अनुमति प्रवेश करते हुए विद्युत लाइन की जांच की जाती है और अवैध कनेक्शन पाए जाने पर अवैध वसूली की मांग की जाती है।

मांग पूरा ना होने पर विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों की टीम को दूरभाष पर सूचना देकर जांच कराने की धमकी तक दे डालते हैं और मांग पूरी हो जाने पर अवैध कनेक्शन होने के बावजूद भी मुंह फेर कर चले जाते हैं क्षेत्र के राजकुमार विनोद शंकर कमल किशोर देव कुमार आदि ने बताया कि मीटर रीडिंग के नाम पर बिना अनुमति के ही घर में कर्मचारी घुस जाते हैं और विद्युत तार कटिंग पाए जाने पर रुपए भी उसूलते हैं और ना देने पर उच्च अधिकारियों की टीम को बुलाकर जांच कराने की धमकी देते हैं मांग की गई रकम पूरी कर देने पर अवैध कनेक्शन होने के बावजूद भी अनदेखी कर चले जाते हैं जिससे क्षेत्रीय कनेक्शन धारियों में आक्रोश व्याप्त है। अधिशासी अभियंता डलमऊ धीरेंद्र सिंह ने बताया कि इस प्रकार की जानकारी नहीं है और शिकायत मिलने पर जांच की जाएगी।

## व्यापारियों के साथ बैठक कर बांट-माप की दी जानकारी

फत्तेहपुर।



शहर के चौक बाजार स्थित हनुमान मंदिर में मंगलवार को बांट-माप अधिकारी ने फत्तेहपुर आदर्श व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों व स्थानीय व्यापारियों के साथ बैठक करके नये बांट-माप नियमों की विस्तार से जानकारी दी। जिससे आने वाले त्योहार में व्यापारियों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

फत्तेहपुर आदर्श व्यापार मण्डल के संस्थापक/प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप गर्ग की अगुवई में बांट-माप अधिकारी के साथ एक बैठक आयोजित हुयी। जिसमें बड़ी संख्या में व्यापारियों ने हिस्सा लिया। बैठक के दौरान बांट-माप अधिकारी ने नये नियमों की जानकारी व्यापारियों के साथ साझा की। उन्होने बताया कि होली त्योहार के पहले सरकार की ओर से कैम्प लगवाया जायेगा। शहर क्षेत्र में प्रचार-प्रसार करवाया जायेगा। जिससे आने वाले त्योहार में व्यापारियों को कोई दिक्कत न हो। बैठक को सम्बोधित करते हुए व्यापारियों ने कहा कि बिना सूचना दिये जबरन नोटिस न भेजी जाये और कार्यालय का समय निश्चित किया जाये। जिससे व्यापारी वहां से वापस न आये और उसका कार्य समय से हो जाये। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि व्यापारियों का किसी भी तरह से शोषण नहीं होने दिया जायेगा। जिसका बांट-माप अधिकारी ने आश्वासन दिया कि कोई भी दिक्कत नहीं होने दी जायेगी। बैठक में जिलाध्यक्ष इन्द्रेश श्रीवास्तव, नगर अध्यक्ष तरूण पुरवार, सोनू गुप्ता, शिव कुमार, अजय पुरवार, साजन गुप्ता, रमेश सोनी आदि व्यापारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस की हीलाहवाली से बेधड़क घूम रहे अपराधी

**खखरेरू-फत्तेहपुर।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के अपराधों व अपराधियों पर शिकंजा कसने के बावजूद भी खखरेरू पुलिस अपराधियों को पकड़ने में कोताही बरत रही है और अपराधियों का बेधड़क घूम-घूम कर अपराधिक घटनाओं का सिलसिला जारी है। बताते चलें कि खखरेरू थाना क्षेत्र के पौली गांव में इंटर कॉलेज के समीप से मुखबिर की सूचना पर 27 जनवरी को 70 किलो गौमांस बरामद किया था। घटना के 10 दिन बीत जाने के बाद भी अभियुक्त पुलिस पकड़ से बाहर है। बताया जाता है कि पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एसआई हमराहियों के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर बरामदी के बाद तीन नामजद व दो अज्ञात में गौमांस अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया। जिसमें से पुलिस ने 30 जनवरी को एक आरिफ नामक अपराधिक व्यक्ति को पकड़कर जेल भेज कर तीर मार लिया, लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी दो नामजद व दो अज्ञात अभियुक्त अभी भी पुलिस के पकड़ से दूर बेधड़क घूम रहे हैं। पुलिस हाथ में हाथ रखकर कुम्भकरणी नींद सो रही है। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि हल्का पुलिस की हीलाहवाला के चलते अभियुक्त बेधड़क घूम रहे हैं। जिसके कारण गौकसी दूसरे स्थानों पर कर रहे हैं। पुलिस की ऐसी नीतियों के कारण खाकी वर्दीधारियों पर जनता का विश्वास धीरे धीरे उठ रहा है।

### आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को किया जा रहा प्रशिक्षित

**खखरेरू-फत्तेहपुर।** नई शिक्षा नीति 2020 के अनुसार आंगनबाड़ी केंद्रों पर प्री प्राइमरी कक्षाओं के गुणवत्तापूर्ण संचालन हेतु आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को चार दिवसीय प्रशिक्षण बीआरसी धाता में दिया जा रहा है। प्रशिक्षण का शुभारंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार सिंह द्वारा किया गया।

प्री प्राइमरी कक्षाओं में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के चार दिवसीय प्रशिक्षण की शुरुआत 8 फरवरी से की गई है। प्रशिक्षण दो कमरों में दिया जा रहा है। कक्ष संख्या एक में प्रशिक्षक सौष्ठव त्रिपाठी एवं मुख्य सेविका आशा देवी जबकि दूसरे कक्ष में आंगनबाड़ी कार्यकत्री पप्पी देवी एवं मुख्य सेविका सिया दुलारी द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रत्येक कक्ष में 25-25 आंगनबाड़ी कार्यकत्री प्रशिक्षण ले रही हैं। दूसरा बैच 12 फरवरी से प्रारंभ होगा। जिसमें इन्हीं प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बच्चों को आधारभूत बातों का ज्ञान देना जिसमें रंगों की पहचान, आकार की पहचान, शारीरिक स्वच्छता, मानसिक स्वास्थ्य के संबंध में विशेष जानकारी शामिल है। प्रशिक्षण में नाश्ता एवं भोजन की भी व्यवस्था की जा रही है।

### इंडो नेपाल बॉर्डर पर तस्करी का सिलसिला लगातार जारी

**तिकुनियां खीरी।** आपको बताते चलें कि भारत नेपाल सीमा से 2 से 3 किलोमीटर दूरी पर स्थित बनवीरपुर बाजार में रननगर रोड पर स्थित दुकान पर कुछ दिनों से लगातार तस्करी हों रहीं हैं।इसे रोकने में नाकाम हैं तमाम एजेसियां जो लगभग तिकुनियां से नेपाल बॉर्डर पर स्थित है। फिर भी यह तस्कर बड़ी आसानी से भारत से नेपाल को तस्करी करते हैं ।जबकि रननगर में शस्त्र सीमा बल का कैम्प स्थित है जिसके कुछ ही कदमों पर यह तस्कर चीनी, श्यामल,काली पन्नी व अन्य प्रतिबंध सामान आसानी से नेपाल को लेकर चलें जातें हैं। जबकि इस तस्करी की जानकारी सभी एजेंसियों को है फिर भी इन्हें रोका नहीं जा रहा है। वहीं तस्करी का केन्द्र बनी हुई यह रननगर रोड पर स्थित दुकान जिसमें कई प्रतिबंध सामान है । वहीं कई गोदामों में चीनी है जो बार्डर एरिया में अधिक नहीं हो सकती इसे चैक करने वाला कोई नहीं है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार ये सब कुछ सबकी मिली भगत से यह तस्करी हो रही है। जिसमें कुछ 50 रुपए बोरी के हिसाब से लेते हैं कुछ 20 रुपए बोरी के हिसाब से लेते हैं तो कुछ मुर्गा व दारु लेते हैं । वहीं कुछ को दुकान मालिक देता है तो कुछ को तस्कर देते हैं। वहीं यह तस्करी शाम 4 बजे से शुरू हो जाती है और रात 9 बजे तक चलती है। क्योंकि पिछली दो बार अखबार में न्यूज भी निकली और एजेंसियों को अवगत भी कराया गया फिर भी यह तस्करी नहीं रुक रही है।

## पुलिस मुठभेड़ को ग्रामीणों ने बताया फर्जी, एसपी कार्यालय घेरा

**फत्तेहपुर।** बिन्दकी कोतवाली पुलिस जहां मुठभेड़ करके पकड़े गये युवकों को दोहरे हत्यायुक्त डकैती का आरोपी बताकर अपनी पीठ थपथपाने का काम कर रही है वहीं पकड़े गये युवकों के परिजनों व ग्रामीणोंने मुठभेड़ को फर्जी बताते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव किया। परिजनों एवं ग्रामीणों ने मामले की एसटीएफ की टीम से जांच कराकर न्याय दिलाये जाने की गुहार लगायी है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय आये कंचनपुर डेरा मजरा सेलावन के ग्रामीणों व परिजनों ने एसपी को दिये गये शिकायती पत्र में बताया कि सात फरवरी को अनिल उर्फ ओम प्रकाश पुत्र बच्चीलाल व उसका भाई बब्लू चांदपुर थाना क्षेत्र के दरियापुर गांव में शहद निकालने गये थे। शहद निकालकर वापस आते समय पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया और बिन्दकी कोतवाली ले गयी। जहां पुलिस ने दोनों को दो दिन हिरासत में रखा। परिजनों को जब इसकी जानकारी हुयी तो वह बिन्दकी कोतवाली पहुंचे। जहां उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। इसके बाद आठ फरवरी की शाम अनिल उर्फ ओम प्रकाश को खजुहा चौकी पुलिस अपने साथ ले गयी। इस परिजन भी खजुहा चौकी पहुंचे। जहां सिपाहियों ने पारिवारिक लोगों के आधार कार्ड मंगवाये। उधर शाम लगभग साढ़े सात बजे पुलिस भाई बब्लू को तेंदुली गांव के समीप ले गयी और फर्जी मुठभेड़ दिखाकर पैर में गोली मार दी। पुलिस द्वारा परिजनों को कोई पारदर्शी जानकारी नहीं दी जा रही है। दोनों भाई आपराधिक प्रवृत्ति के नहीं हैं। दोनों युवकों को पुलिस द्वारा फर्जी मुकदमें में फंसाया जा रहा है। जिसकी उच्च स्तरीय जांच होना जरूरी है। ग्रामीणों व परिजनों ने जिला स्तर के अलावा एसटीएफ टीम से मामले की जांच कराकर न्याय दिलाये जाने की गुहार लगायी है। इस मौके पर ओम प्रकाश गिहार, हितेन्द्र, किशनलाल, वकील सिंह, शिवपाल, अनिल, रिंकू, संदीप, दयाशंकर, रविशंकर, बनवारी, विमला देवी, राजे देवी, प्रेमा आदि मौजूद रहे।

### हिंदी भाषा विशाल नदी के समान विकास विमल

**सीतापुर**. हिंदी साहित्य परिषद के वार्षिक समारोह का आयोजन अग्रसेन भवन में किया गयाद्य मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी हरिराम बंसल ने साहित्यकारों व पत्रकारों का सम्मान किया छाया त्यागी ने संचालन करते हुए हिंदी की योजनाओं का वर्णन कियाद्य संयोजन हरिओम अग्रवाल ने करते हुए छह साहित्यकारों का सम्मान किया और उन्हें साहित्य अभिनन्दनम से सम्मानित कियाद्य सम्मानित साहित्यकारों में कविवर डा प्रवीण श्रीवास्तव छंदकार अम्बरीश अम्बर समाजसेवी हरिराम बंसल शायर मुजीब सीतापुर पत्रकार चन्द्रभाल राठौर कवि अरुण शर्मा बेधड़क शामिल रहे अवधेश शुक्ल ने परिषद की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा

## चमोली त्रासदी में लापता मजदूरों के परिवारीजनों से मिलने पहुंचे डीएम और एसपी

लखीमपुर ।

खीरी जिले की निघासन तहसील के कई गांवो से उत्तराखंड के चमोली में पेट पालने के लिए गए ऐसे वाशिंदे जिनसे त्रासदी आने के उपरांत परिवारी जनों का संपर्क नहीं हो पा रहा। ऐसे परिवारों से मिलने हेतु सोमवार को डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह एसपी विजय दुल के साथ उनके गांव पहुंचे।

सोमवार को डीएम-एसपी ने तहसील निघासन के ग्राम बाबू पुरवा, भैरमपुर, इच्छानगर समेत कई अन्य गांव का भ्रमणकर उन परिवारों से मुलाकात की। जिनके परिवार के सदस्यो (जो उत्तराखंड में मजदूरी का काम करते थे) से आपदा आने के उपरांत संपर्क नहीं हो पा रहा। डीएम-एसपी ने एक-एक कर परिवारों से मुलाकात के दौरान ढाढस बंधाया। कहा कि प्रशासन सभी ऐसे लोगों को चिन्हित कर सूचीबद्ध कर रहा है। जिनका अपने परिवारों से संपर्क नहीं हो पा रहा है। सूचीबद्ध लोगों के संबंध में राहत आयुक्त, उप्र समेत उत्तराखंड के अधिकारियों को सूचित करते हुए उनके बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। जानकारी मिलते ही सभी परिवारिक जनों से जानकारी साझा की जाएगी। इस दौरान डीएम-एसपी ने उत्तराखंड के चमोली में खीरी के ऐसे मजदूर जिनसे संपर्क हो रहा है।

## जिला टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न

सीतापुर

जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में को बेसिक शिक्षा विभाग की जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति तथा जिला टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि जिला टास्क फोर्स एवं ब्लॉक टास्क फोर्स के अधिकारी निर्धारित संख्या में विद्यालयों का निरीक्षण करते हुये उसका विवरण 'प्रेरणा' एप पर अवश्य प्रेषित करें। निरीक्षण न करने वाले अधिकारियों का विवरण प्रस्तुत करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिये। आउट आफ स्कूल बच्चों के चिन्हीकरण के कार्य की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि लक्ष्य के सापेक्ष 60 प्रतिशत से कम प्रगति वाले विकास खण्डों के खण्ड शिक्षा अधिकारियों का स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाये। आधार प्रमाणीकरण का कार्य शतप्रतिशत पूर्ण किये जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये।आगामी 10 फरवरी से कक्षा 06 से 08 तक के विद्यालय खोलने हेतु शासन द्वारा जारी निर्देशों का शतप्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि विद्यालय के सेनेटाइजेशन एवं स्वच्छता का पूर्ण प्रबंध ससमय सुनिश्चित किया जाये। विद्यालयों को मास्क, सेनेटाइजर, सोशल डिस्टेंसिंग, थर्मल स्कैनिंग आदि का भी पूरा प्रबंध भी एस0ओ0पी0 के अनुसार रखा जाये। आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि समय से कार्यों को पूर्ण कराया जाये। जिलाधिकारी ने पाठ्य पुस्तक वितरण, यूनीफार्म वितरण, स्वेटर वितरण आदि की समीक्षा भी की।कन्या सुमंगला योजना के अन्तर्गत सभी पात्र छात्राओं को लाभान्वित किये जाने के निर्देश दिये। स्वयं सहायता समूहों की निरक्षर महिलाओं एवं विद्यालयों में कार्य करने वाली निरक्षर रसोइयों को चिन्हित करने एवं विशेष अभियान चलाकर साक्षर किये जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। निर्वाचन में डाटा फीडिंग का कार्य भी समय से पूर्ण करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दियेबैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी संदीप कुमार, जिला विकास अधिकारी राकेश कुमार पाण्डेय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकपूर, जिला पूर्ति अधिकारी संजय कुमार प्रसाद सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### मातृशक्ति समर्पण का अभियान किया गया सम्पन्न

**बिसवां सीतापुर** ।श्री राम मंदिर का निर्माण राष्ट्रीय अस्मिता का प्रतीक है प्रत्येक भारतीय नागरिक को अपनी सामर्थ्य के अनुसार मंदिर निर्माण में सहयोग करना चाहिए।उक्त बातें श्री राम मंदिर निर्माण निधि समर्पण अभियान के अंतर्गत आयोजित मातृशक्ति सम्मेलन में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिला संयोजक कंचन प्रभा पांडे ने कही उन्होंने आगे कहा कि श्री राम मंदिर निर्माण से भारत के नागरिकों को आत्मसम्मान की अनुभूति होगी। विदित हो कि निर्माण निधि समर्पण अभियान के अंतर्गत आयोजित मातृशक्ति समर्पण अभियान के अंतर्गत सरस्वती शिशु मंदिर में महिला मोर्चा के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें भारी संख्या में महिलाओं ने बढ़ चढ़कर अपनी सहभागिता की। इस अवसर

## सेवानिवृत्त अवर अभियंता को दी भवभीनी विदाई

फत्तेहपुर।



विभाग में अपनी सेवा पूर्ण करने के पश्चात लोक निर्माण विभाग के निर्माण खण्ड द्वितीय के सहायक अभियंता वीसी मोहन को सेवनिवृत्त के अवसर पर साथी कर्मियों द्वारा भावभीनी विदाई दी गयी। उत्तर प्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ के बैनर तले आयोजित विदाई कार्यक्रम में साथी सहायक अभियंता के कार्यकाल को याद करते हुए साथी कर्मियों ने उनके कार्यो की सराहना करते हुए साथ काम करने को यादगार बताया। संघ के जिलाध्यक्ष व अवर अभियंता शिवकरन व सचिव डीके आर्या ने सेवनिवृत्त सहायक अभियंता को रामचरित्र मानस की किताब व अन्य उपहार देकर भावभीनी विदाई दी गयी। विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए अधिशाषी अभियंता आरके सोनकर ने कहा कि विभाग से सेवनिवृत्त सेवा का ही एक अंग है। व्यक्ति सेवा से रिटायर होता है जिसके बाद समाज के प्रति उसके नये दायित्व शुरू होते है।

उन्होंने सेवा मुक्त रहे सहायक अभियंता से उनके अनुभव व दक्षता को हमेशा विभागीय कर्मियों को लाभान्वित कराते रहने की आशा व्यक्त करते हुए युवा अभियंताओं से सदैव वरिष्ठों से सम्पर्क बनाये रखने का आह्वान किया। मौके पर मनोज सैनी, अब्दुल रशीद, धर्मेंद्र, मृतुंजय यादव डीके श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## अल्पसंख्यक महिलाओं का छः दिवसीय नेतृत्व विकास प्रशिक्षण के तृतीय बैच का हुआ शुभारम्भ

बाराबंकी




अल्पसख्यंक कार्य मंत्रालय भारत सरकार की नई रोशनी योजना के तहत अवध कल्चरल सोसायटी बाराबंकी द्वारा अल्पसख्यंक महिलाओं का छः दिवसीय नेतृत्व विकास प्रशिक्षण के तृतीय बैच का शुभारम्भ मदरसा जामिया अरबिया इमदादुल उलूम छेदा कटरा जैदपुर, में किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सभासद मो. अबसार ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण किट वितरित किया और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया प्रशिक्षिका सय्यद खुशनुमा ने कहा की महिलाओं की ताकत, उसकी जागरूकता और ज्ञान से आती है इसलिए महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए अधिक से अधिक ज्ञानार्जन करना चाहिए और सरकार की योजनाओं की जानकारी कर उसका लाभ लेना चाहिए प्रशिक्षिका तरन्नुम बानो ने कहा कि यदि आपको घर से निकलने का मौका मिला है तो आप इन छः दिनों में मन लगाकर जानकारी हासिल करें। जिससे अपना वह अपने परिवार के साथ-साथ समाज के नेतृत्व कर सके और कही भी समाज में आप लोग अपने पैरों पर खड़ी होकर समाज में अपनी पहचान बना सके। संचालन संस्था के सचिव मो. गुलफाम ने किया इस अवसर पर

### डीसीएम और मैक्सिमो में हुई जबरदस्त टक्कर यात्री सुरक्षित

**बाराबंकी।** टिकैतनगर अंतर्गत ग्राम खुटौली पुलिया के पास सोमवार दोपहर एक मैक्सिमो ने डीसीएम के पीछे से टक्कर मार दी और टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मैक्सिमो के आगे के भाग के परखच्चे उड़ गए और क्षतिग्रस्त हो गई लेकिन गनीमत यह रही कि मैक्सिमो में बैठे मयाराम व मीनू निवासी ग्राम मरकामऊ को मामूली चोटे ही आई। जिन्हें ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र टिकैतनगर में 108 से लाया गया।

## अखिल भारतीय दिव्यांगजन कल्याण परिषद ने बाल वैज्ञानिक समृद्धि कुंवर को किया सम्मानित



बाराबंकी

शीला भवन, मकदूमपुर निवासी बहुमुखी प्रतिभा की धनी मात्र 9 वर्ष की बालिका समृद्धि कुंवर जो वर्तमान में कक्षा पांच की छात्रा है जिसे पूर्व में भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद से जिला बाल वैज्ञानिक पुरस्कार के साथ ही साथ तीन दर्जन से अधिक पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। अखिल भारतीय दिव्यांगजन कल्याण परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार हाजी सरवर अली ने सम्मानित किया है। इससे पूर्व महामहिम राज्यपाल महोदय ने समृद्धि कुंवर की वैज्ञानिक प्रतिभा की कोटि-कोटि प्रशंसा एवं सराहना करते हुए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा था कि समृद्धि कुंवर द्वारा नवाचार और वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कार्य करते हुए भविष्य में इसी प्रकार से देश, प्रदेश एवं जनपद को गौरवान्वित करती रहेगी।

# इंग्लैंड ने पहला टेस्ट 227 रन से जीता, भारत की राह मुश्किल




**चेन्नई,।**

लेफ्ट आर्म स्पिनर जैक लीच (76 रन पर चार विकेट) और तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन (17 रन पर तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी से इंग्लैंड ने भारत को पहले क्रिकेट टेस्ट के पांचवें और अंतिम दिन मंगलवार को 227 रन के बड़े अंतर से हराकर चार मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली।

इंग्लैंड ने भारत के सामने 420 रन का बेहद मुश्किल लक्ष्य रखा था और उसने मेजबान टीम की पारी अंतिम दिन दूसरे सत्र में 192 रन पर समेट दी। इंग्लैंड ने इस तरह विदेशी जमीन पर अपनी लगातार छठी जीत दर्ज की।

भारतीय कप्तान विराट कोहली ने संघर्षपूर्ण 72 और सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने 50 रन बनाये लेकिन वे टीम को हार से नहीं बचा सके। भारत के अन्य बल्लेबाज असमान उछाल और टर्न लेती पिच पर इंग्लैंड के गेंदबाजों का सामना नहीं कर पाए। इंग्लैंड की तरफ से लीच ने चार, एंडरसन ने तीन और जोफ्रा आर्चर, बेन स्टोक्स तथा डोमिनिक बेस ने एक-एक विकेट लिया। लेफ्ट आर्म स्पिनर जैक लीच (76 रन पर चार विकेट) और तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन (17 रन पर तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी से इंग्लैंड ने भारत को पहले क्रिकेट टेस्ट के पांचवें और अंतिम दिन मंगलवार को 227 रन के बड़े अंतर से हराकर चार मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। इस हार से भारत की आईसीसी टेस्ट चैंपियनशिप के फ़ाइनल में जगह बनाने की राह मुश्किल हो गयी है।

इंग्लैंड ने भारत के सामने 420 रन का बेहद मुश्किल लक्ष्य रखा था और उसने मेजबान टीम की पारी अंतिम दिन दूसरे सत्र में 192 रन पर समेट दी। इंग्लैंड ने इस तरह विदेशी जमीन पर अपनी लगातार छठी जीत दर्ज की। इंग्लैंड ने अपने कप्तान जो रुट को उनके 100वें टेस्ट में जीत का शानदार तोहफा दे दिया। रुट ने इस मुकाबले में पहली पारी में 218 रन की रिकॉर्डतोड़ पारी खेली और इस पारी के लिए मैन ऑफ द मैच बने। इस हार से भारत की आईसीसी टेस्ट चैंपियनशिप के फ़ाइनल में जगह बनाने की राह मुश्किल हो गयी है। भारत को फाइनल में जगह बनाने के लिए यह सीरीज 2-1 या 3-1 के अंतर से जीतनी है जबकि इंग्लैंड को 3-1, 3-0 या 4-0 से जीत हासिल करनी है। भारतीय कप्तान विराट कोहली ने संघर्षपूर्ण 72 और सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने 50 रन बनाये लेकिन वे टीम को हार से नहीं बचा सके। भारत के अन्य बल्लेबाज असमान उछाल और टर्न लेती पिच पर इंग्लैंड के गेंदबाजों का सामना नहीं कर पाए। इंग्लैंड की तरफ से लीच ने चार, एंडरसन ने तीन और जोफ्रा आर्चर, बेन स्टोक्स तथा डोमिनिक बेस ने एक-एक विकेट लिया।

भारत ने सुबह एक विकेट पर 39 रन से आगे खेलना शुरू किया था। लेकिन अगले दो सत्रों के अंदर भारतीय पारी सिमट गयी। गिल 50, चेतेश्वर पुजारा 15, विराट 72, उपकप्तान अजिंक्या रहाणे शून्य, ऋषभ पंत 11, वाशिंगटन सुन्दर शून्य और रविचंद्रन अश्विन नौ रन बनाकर आउट हुए। रोहित शर्मा कल 12 रन बनाकर आउट हुए थे।

भारत ने सुबह जब भारतीय पारी को आगे बढ़ाया तो उम्मीद की जा रही थी कि भारतीय बल्लेबाज संघर्ष कराएंगे और मैच को ड्रा कराने की कोशिश करेंगे लेकिन करिश्माई तेज गेंदबाज एंडरसन ने सुबह के सत्र में तीन विकेट लेकर भारतीय बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी।

गिल ने 15 और पुजारा ने 12 रन से भारतीय पारी को आगे बढ़ाया। भारत को पहला झटका जल्दी ही लग गया। पुजारा को लीच ने स्लिप में बेन स्टोक्स के हाथों कैच करा दिया। भारत का दूसरा विकेट 58 के स्कोर पर गिरा। पुजारा ने 38 गेंदों में एक चौके की मदद से 15 रन बनाये।

गिल और विराट ने दूसरे विकेट के लिए 34 रन की साझेदारी की लेकिन एंडरसन ने एक खूबसूरत इनस्विंगर से गिल को बोल्ड कर दिया। गिल ने 83 गेंदों पर 50 रन में सात चौके और एक छक्का लगाया। गिल का विकेट 92 के स्कोर पर गिरा।

रहाणे ने तीन गेंदों का सामना किया और एंडरसन ने एक और बेहतरीन इनस्विंगर से रहाणे का ऑफ स्टंप उखाड़ दिया। रहाणे ने अपने डिफेंस में ज्यादा गैप छोड़ दिया था। रहाणे का खाता नहीं खुला और उनका विकेट 92 के स्कोर पर ही गिरा। भारत को पंत से काफी उम्मीदें थीं जो लगातार अच्छा खेल रहे थे और उन्होंने पहले पारी में 91 रन बनाये थे लेकिन एंडरसन की गेंद पर वह रुट को कैच थमा बैठे। पंत ने 19 गेंदों में दो चौकों की मदद से 11 रन बनाये और उनका विकेट 110 के स्कोर पर गिरा।


पहली पारी में नाबाद 85 रन बनाने वाले सुंदर दूसरी पारी में खाता नहीं खोल पाए। सुंदर ऑफ स्पिनर डोमिनिक बेस की गेंद पर विकेटकीपर जोस बटलर को कैच थमा बैठे। सुंदर ने पांच गेंदों का सामना किया और भारत का छठा विकेट 117 के स्कोर पर गिरा। भारत की हार यहीं तय हो चुकी थी। हालांकि विराट और अश्विन संघर्ष करते हुए भारत के स्कोर को लंच तक 144 रन तक ले गए।

विराट और अश्विन ने लंच के बाद भारत का संघर्ष जारी रखा। दोनों ज्यादा सहजता के साथ खेल रहे थे लेकिन तभी अश्विन ने धैर्य खोया और लीच की गेंद को कट करने की कोशिश में विकेटकीपर बटलर को कैच थमा बैठे। भारत ने अपना सातवां विकेट 171 के स्कोर पर गंवाया। अश्विन ने 46 गेंदों पर एक चौके की मदद से नौ रन बनाये।

भारत की मैच बचाने की आखिरी उम्मीद उस समय टूट गयी जब कप्तान विराट मध्यम तेज गेंदबाज बेन स्टोक्स की नीची रहती गेंद पर बोल्ड हो गए। विराट ने 104 गेंदों में नौ चौकों के सहारे 72 रन बनाये। विराट का विकेट 179 के स्कोर पर गिरा। शाहबाज नदीम इसी स्कोर पर लीच का शिकार बने। नदीम का खाता नहीं खुला।

जोफ्रा आर्चर ने आखिरी बल्लेबाज जसप्रीत बुमराह को आउट कर भारतीय पारी समेट दी। बुमराह ने चार रन बनाये जबकि इशांत शर्मा पांच रन पर नाबाद रहे। इंग्लैंड की तरफ से लीच ने 76 रन पर चार, एंडरसन ने 17 रन पर तीन और जोफ्रा आर्चर ने 23 रन पर एक, बेन स्टोक्स ने 13 रन पर एक तथा डोमिनिक बेस ने 50 रन पर एक विकेट लिया।

इंग्लैंड की गेंदबाजी में दोनों पारियों में एक दिलचस्प समानता रही। ऑफ स्पिनर बेस ने पहली पारी में 26 ओवर में 76 रन पर चार विकेट लिए जबकि लेफ्ट आर्म स्पिनर लीच ने दूसरी पारी में 26 ओवर में 76 रन पर चार विकेट लिए। सीरीज का दूसरा मैच 13 फरवरी से चेन्नई के इसी मैदान पर होगा और दूसरे टेस्ट में 50 फीसदी दर्शकों को मैदान में प्रवेश की अनुमति होगी। भारत दर्शकों के समर्थन से सीरीज में बराबरी की उम्मीद कर सकता है।




## पेट्रोल-डीजल के दाम फिर बढ़े

**नई दिल्ली ।**

पेट्रोल और डीजल के दाम लगातार तीन दिनों तक स्थिर रहने के बाद मंगलवार को फिर से बढ़ गये। देश में पेट्रोल की कीमतें इस समय रिकॉर्ड स्तर पर हैं। दिल्ली को छोड़कर अन्य शहरों में डीजल के दाम भी ऐतिहासिक उच्चतम स्तर पर हैं।

घरेलू बाजार में सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पेट्रोल आज 35 पैसे महँगा हुआ और इसकी कीमत 87.30 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गई। मुंबई में पेट्रोल 34 पैसे बढ़कर 93.83 रुपये हो गया जबकि कोलकाता में 33 पैसे बढ़कर इसकी कीमत 88.63 रुपये प्रति लीटर हो गई।चेन्नई में इसकी कीमत 31 पैसे बढ़ी और एक लीटर पेट्रोल 89.70 रुपये का बिका। पेट्रोल मुंबई में पहली बार 93 रुपये और चेन्नई में पहली बार 89 रुपये प्रति लीटर के पार पहुँचा है। डीजल की कीमत दिल्ली में 35 पैसे चढ़कर 77.48 रुपये प्रति लीटर पर पहुँच गई जो 30 जुलाई 2020 के बाद का रिकॉर्ड स्तर है।

इसकी कीमत मुंबई में 37 पैसे बढ़कर 84.36 रुपये, चेन्नई में 33 पैसे बढ़कर 82.66 रुपये और कोलकाता में 35 पैसे बढ़कर 81.06 रुपये प्रति लीटर पर पहुँच गई।

## भारती एक्सा जनरल इंश्योरेंस ने 'हेल्थ एडवांटेज' लॉन्च किया


**नई दिल्ली**

भारती एक्सा जनरल इंश्योरेंस ने मंगलवार को अपना नया एवं अभिनव हेल्थ इंश्योरेंस प्लान, हेल्थ एडवांटेज लांच किया, जो मेडिकल आकस्मिकताओं एवं अन्य हेल्थकेयर सेवाओं पर बढ़ते खर्च से व्यावहारिक सुरक्षा प्रदान करता है।भारती एक्सा जनरल इंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकरी संजीव श्रीनिवासन ने हेल्थ एडवांटेज लांच करते हुए कहा, ''हम अप्रत्याशित दौर में जी रहे हैं, जिसमें हमारा शारीरिक स्वास्थ्य एवं सेहत पहले से ज्यादा महत्वपूर्ण हो गए हैं। लगातार बढ़ते मेडिकल खर्चों के बीच व्यक्ति की वित्तीय सेहत की सुरक्षा सुनिश्चित करना सर्वाधिक आवश्यक होना चाहिए। 'उन्होंने कहा कि यह नए युग का हैल्थ प्लान प्री-हॉस्पिटलाईज़ेशन से पोस्ट हॉस्पिटलाईज़ेशन, इन-पेशेंट इलाज एवं डे-केयर इलाजों के लिए व्यावहारिक कवर प्रदान करता है। यह 60 दिन के प्री एवं 90 दिन के पोस्ट हॉस्पिटलाईज़ेशन कवर तथा दो लाख से तीन करोड़ रुपए तक के सम इंश्योर्ड के साथ कैशलेस सुविधा एवं सुगम क्लेम प्रक्रिया के साथ आता है।

उन्होंने कहा कि भारती एक्सा हेल्थ एडवांटेज आयुष के फायदे यह है कि यह आयुर्वेद, योगा और नैचुरोपैथी यूनानी, सिद्ध एवं होम्योपैथी के अंतर्गत हॉस्पिटल में इलाज पर होने वाले खर्चों और अंग दान करने वाले के खर्चों के लिए भी कवर मिलता है।

यह प्लान 91 दिन से 65 साल की उम्र वाले व्यक्तियों को कवर करता है और उन्हें अतिरिक्त प्रीमियम पर हॉस्पिटल कैश बेनेफिट्स, एयर एवं रोड एंबुलैंस की सुविधा भी देता है।

## सोना 330 रुपये महंगा, चाँदी भी चमका



**मुंबई ।**

अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना और चांदी की कीमतों में आई तेजी के बीच दोनों कीमती धातुओं की घरेलू स्तर पर मांग बढ़ने से सोमवार को घरेलू वायदा बाजार में सोना 0.69 फीसदी महंगा हुआ जबकि चाँदी की कीमत में भी करीब 0.59 प्रतिशत की वृद्धि देखी गयी। एमसीएक्स वायदा बाजार में आज सोना 330 रुपये की यानी 0.69 प्रतिशत की तेजी के साथ 48,169 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुँच गया। सोना मिनी भी 294 रुपये बढ़कर 48,020 रुपये प्रति 10 ग्राम बोला गया।

चाँदी में 416 रुपये यानी 0.59 प्रतिशत की तेजी के साथ 70,500 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव बिकी। चाँदी मिनी 389 रुपये महंगी हुई और 70,410 रुपये प्रति किलोग्राम बोली गयी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना हाजिर 14.74 डॉलर बढ़कर 1,844.90 डॉलर प्रति औंस पर पहुँच गया। अप्रैल का अमेरिकी सोना वायदा भी 10.60 डॉलर की वृद्धि के साथ 1,842.50 डॉलर प्रति औंस बोला गया। चाँदी हाजिर 0.36 डॉलर की वृद्धि के साथ 27.62 डॉलर प्रति औंस के भाव बिकी।

## होंडा ने शुरू की अफ्रीका ट्विन एडवेंचर स्पोर्ट्स की डिलीवरी

**नई दिल्ली ।**

दोपहिया वाहन बनाने वाली कंपनी होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने भारतीय बाजार में अपनी प्रीमियम स्पोर्ट मोटरसाइकिल 2021 अफ्रीका ट्विन एडवेंचर स्पोर्ट्स की डिलीवरी शुरू कर दी है।

कंपनी ने मंगलवार को यहां बताया कि अखिल भारतीय स्तर पर इस नयी मोटरसाइकिल की मैनुअल ट्रांसमिशन संस्करण की एक्स शोरूम कीमत करीब 16 लाख रूपए और डुएल क्लच ट्रांसमिशन संस्करण की कीमत 17 लाख 50 हजार 500 रुपये है।

कंपनी ने कहा कि अभी इसकी डिलीवरी मुंबई और बेंगलुरु में दी जा रही है। इस प्रीमियम मोटरसाइकिल में 1084 सीसी का इंजन है।



## रुट ने की वान की बराबरी, संयुक्त रूप से बने इंग्लैंड के सबसे सफल कप्तान



**चेन्नई।** जो रुट इंग्लैंड के संयुक्त रूप से सबसे सफल कप्तान बन गए हैं और उन्होंने माइकल वान की बराबरी कर ली है। रुट की कप्तानी में इंग्लैंड ने भारत को पहले टेस्ट में मंगलवार को 227 रन से हराया और चार टेस्ट मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। रुट की अपनी कप्तानी में 47 टेस्टों में यह 26वीं जीत थी और इसके साथ ही उन्होंने माइकल वान की बराबरी कर ली है जिन्होंने अपनी कप्तानी में 51 टेस्टों में 26 मैच जीते थे। रुट ने एशिया में छह टेस्टों में कप्तानी की है और सभी छह टेस्ट जीते हैं। उन्होंने श्रीलंका में लगातार पांच मैच जीते हैं।

रुट ने 2018 में श्रीलंका को 3-0 से क्लीन स्वीप करने के बाद 2021 में श्रीलंका को 2-0 से क्लीन स्वीप किया। इंग्लैंड (2018-21) ने एशिया में लगातार छह टेस्ट जीत लिए हैं और वह अब एशिया में लगातार सात टेस्ट जीतने के ऑस्ट्रेलिया (2002-04) के रिकॉर्ड की बराबरी करने से एक जीत दूर रह गया है।

एशिया में किसी विदेशी कप्तान के सर्वाधिक मैच जीतने के मामले में रुट से आगे वेस्ट इंडीज के क्लाइव लॉयड ( 17 टेस्ट में सात जीत) और दक्षिण अफ्रीका के ग्रीम स्मिथ (21 टेस्ट में आठ जीत) हैं।

## हार के लिए कोई बहाना नहीं, अगले मैचों में देंगे कड़ी टक्कर: विराट

**चेन्नई।**

इंग्लैंड से पहले क्रिकेट टेस्ट के पांचवें और अंतिम दिन मंगलवार को 227 रन के बड़े अंतर से हारने के बाद भारतीय कप्तान विराट कोहली ने कहा कि वह हार के लिए कोई बहाना नहीं देंगे लेकिन अगले तीन मैचों में कड़ी टक्कर देंगे और स्थिति को अपने नियंत्रण से बाहर नहीं जाने देंगे।मैच के बाद विराट ने कहा, ''कोई बहाना नहीं। हम अपनी विफलताओं और गलतियों को स्वीकार करते हैं और उनसे सीखते हैं। एक चीज निश्चित है कि अगले तीन मैचों में हम कड़ी टक्कर देने जा रहे हैं और चीजों को अपने हाथ जाने नहीं देंगे। हमें अच्छी बॉडी लैंग्वेज से खेल की शुरुआत करनी होगी और विपक्षी टीम पर दबाव बनाना होगा। मैदान, पिच की स्थिति और गेंदबाजों के प्रदर्शन को समझना होगा। ये सभी चीजें महत्वपूर्ण होंगी।''उन्होंने कहा, ''हम वापसी की कोशिश कर रहे हैं। हम जानते हैं कि किस तरह से शानदार वापसी की जाती है और अगले मैचों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देंगे।''




विराट अपनी कप्तानी में अपने पिछले चार टेस्ट लगातार हार चुके हैं। उन्होंने न्यूज़ीलैंड में दो टेस्ट हारे, ऑस्ट्रेलिया में एक टेस्ट हारा और अब इंग्लैंड से भी टेस्ट गंवाया। विराट की कप्तानी में यह पहली बार है जब उन्होंने लगातार चार टेस्ट गंवाए हैं। भारतीय कप्तान ने कहा, ''मुझे नहीं लगता कि हम पहली पारी में गेंदबाजी से विपक्षी टीम पर पर्याप्त दबाव बना पाये। तेज गेंदबाजों ने पहली पारी में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन हमें कुछ और रन को बनने से रोककर दबाव बनाने की जरूरत थी।''

## भारत पहले से चौथे स्थान पर खिसका

**दुबई।**

भारत चेन्नई में मंगलवार को पहले टेस्ट में इंग्लैंड के हाथों 227 रन की हार के बाद आईसीसी टेस्ट चैंपियनशिप की तालिका में पहले से चौथे स्थान पर खिसक गया है जबकि इंग्लैंड की टीम चौथे से पहले स्थान पर पहुंच गयी है।

चेन्नई टेस्ट के बाद इंग्लैंड 70.2 प्रतिशत अंकों के साथ पहले, न्यूज़ीलैंड 70.0 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे, ऑस्ट्रेलिया 69.2 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे और भारत 68.3 प्रतिशत अंकों के साथ चौथे स्थान पर है।

न्यूज़ीलैंड की टेस्ट चैंपियनशिप में सीरीज पूरी हो चुकी हैं और उसने जून में लॉर्ड्स में होने वाले फ़ाइनल में जगह बना ली है क्योंकि उसकी स्थिति में अब कोई बदलाव नहीं होना है। पहला टेस्ट हार जाने के बाद भारत को फाइनल में जगह बनाने के लिए चार मैचों की यह सीरीज 2-1 या 3-1 के अंतर से जीतनी है जबकि इंग्लैंड को 3-1, 3-0 या 4-0 से जीत हासिल करनी है।

ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका का अपना दौरा स्थगित कर दिया था और वह अब तीसरे स्थान पर है। ऑस्ट्रेलिया की उम्मीदें भारत-इंग्लैंड सीरीज के परिणाम पर टिकी हैं और इस सीरीज का ड्रा होना ही उसे फ़ाइनल में पहुंचा सकता है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
विश्व विजेता टाइम्स

विविध

लखनऊ, बुधवार, 10 फरवरी, 2021

# नेतन्याहू के खिलाफ सुनवाई शुरू



**यरूशलम।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ यरूशलम की अदालत में भ्रष्टाचार के मामले में सुनवाई शुरू हो गई और उन्होंने स्वयं को निर्दोष बताया। कुछ ही हफ्तों बाद यहां आम चुनाव होने हैं। नेतन्याहू पर पिछले वर्ष तीन अलग मामलों में धोखाधड़ी, विश्वासघात और रिश्वत लेने के आरोप लगे थे. हाल के महीनों में इजराइल के लोग बड़ी संख्या में एकत्रित होकर हर सप्ताहांत पर प्रदर्शन कर भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे नेतन्याहू के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं. आलोचकों का कहना है कि नेतन्याहू ने कोरोना वायरस संकट का भी उचित तरीके से मुकाबला नहीं किया. नेतन्याहू ने सभी आरोपों से इनकार किया है। उन्होंने पद से इस्तीफा देने से भी इनकार कर दिया है. सोमवार को सुनवाई में, नेतन्याहू के वकीलों ने लिखित जवाब देते हुए कहा है कि उनके मुवक्किल दोषी नहीं हैं. सुनवाई के करीब 20 मिनट बाद नेतन्याहू अदालत कक्ष से निकल गए और फिर वहां से रवाना हो गए. नेतन्याहू के खिलाफ मामला पिछले वर्ष मई में शुरू हुआ था। आरोप है कि उन्होंने अपने सम्पन्न मित्रों से महंगे उपहार स्वीकार किए और अपने तथा अपने परिवार के पक्ष में खबरें दिखाने के बदले में मीडिया क्षेत्र के दिग्गजों को लाभ पहुंचाने के प्रस्ताव दिए।

# चीन पर कोरोना को लेकर झूठ बोलने का आरोप

बीजिंग। चीन में भले कोरोना संक्रमण की रफ्तार थम गई हो, लेकिन विशेषज्ञ अब उस पर वायरस से जुड़े मामलों को छिपाने और झूठ बोलने का आरोप लगाते हैं। अमेरिका के विदेश मंत्री टोनी ब्लिंकन ने कुछ दिनों पहले कोरोना के प्रसार के लिए न केवल बीजिंग को जवाबदेह ठहराया था बल्कि यह भी कहा था कि इससे संबंधित जानकारी पर उसे पारदर्शी रवैया अपनाना चाहिए।

एक न्यूज चैनल ने यूनिवर्सिटी ऑफ सदर्न कैलिफोर्निया के एक प्रोफेसर का हवाला देते हुए कहा कि चीन अब भी मरीजों की संख्या को लेकर झूठ बोल रहा है। प्रोफेसर स्टेनली रोसेन ने फॉक्स न्यूज को ई-मेल के माध्यम से बताया, आंकड़ों में अशुद्धि की सबसे बड़ी वजह स्थानीय अधिकारी हैं, जो केंद्र सरकार को डाटा उपलब्ध कराते हैं।



# पाक सुप्रीम कोर्ट के आयोग ने खोली पोल

**इस्लामाबाद।** भारत में अल्पसंख्यकों के साथ दुर्व्यवहार की दुहाई देने वाले पाकिस्तान में हिंदुओं की क्या स्थिति है यह किसी से छिपी नहीं है। अब खुद पाकिस्तानी सुप्रीम कोर्ट के बनाए आयोग ने अपनी रिपोर्ट में एक बार फिर से इसका खुलासा कर दिया है। आयोग की रिपोर्ट में बताया गया है कि पाकिस्तान में हिंदुओं के मंदिर कितनी बदतर हालात में हैं। पाकिस्तान के डॉन न्यूज के मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट ने हिंदू मंदिरों की स्थिति पर रिपोर्ट देने के लिए डॉक्टर शोएब सदल के नेतृत्व में एक सदस्यीय आयोग गठित किया था। आयोग ने अपनी सातवीं रिपोर्ट 5 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट को दी है। रिपोर्ट में अफसोस जताया गया है कि ईवैक्यूई ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड हिंदुओं के अधिकांश प्राचीन धर्म स्थलों को संभालने में विफल रहा है।




आयोग ने 6 जनवरी को चकवाल में कटास राज मंदिर और 7 जनवरी को मुल्तान के प्रह्लाद मंदिर का दौरा किया था. रिपोर्ट में पाकिस्तान के 4 सबसे ज्यादा प्रसिद्ध मंदिरों में से दो की जानकारी दी गई है और इनकी तस्वीरें भी रिपोर्ट में संलग्न हैं। हालांकि, पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने एक सदस्यीय आयोग का गठन किया था. लेकिन इस आयोग में 3 सहायक सदस्य भी हैं. रिपोर्ट में बताया गया है कि पाकिस्तान में 365 मंदिर हैं जिनमें से सिर्फ 13 के रखरखाव की जिम्मेदारी ट्रस्ट ने ली हुई है। वहीं, 65 मंदिर ऐसे हैं जिनकी देखरेख हिंदू समुदाय खुद कर रहा है तो वहीं 287 मंदिरों को भू-माफिआओं के हवाले छोड़ दिया गया है।

# चीन पर ट्रंप की सख्ती को अमेरिका के विदेश मंत्री टोनी ब्लिंकन ने ठहराया सही

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्री टोनी ब्लिंकन ने चीन के प्रति पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सख्त रवैये की सराहना की और उनके रुख को सही ठहराया। उन्होंने कहा कि चीन से मुकाबले के लिए बाइडन प्रशासन का रुख भी कुछ ट्रंप सरकार जैसा ही होगा। ब्लिंकटन ने सीएनएन को दिए एक इंटरव्यू में कहा कि हालांकि ट्रंप का तरीका गलत था, लेकिन मंशा सही थी।



उन्होंने कहा, मुझे ट्रंप के बारे में निष्पक्षता से लगता है कि उनका चीन को लेकर सख्त रवैया सही था। लेकिन हम भी पूरी मजबूती के साथ बीजिंग का सामना करेंगे। ब्लिंकन ने गत शुक्रवार को अपने चीनी समकक्ष यांग जेइची से बातचीत की थी। इस दौरान उन्होंने कहा था कि अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को नुकसान पहुंचाने वाले कामों के लिए चीन की जवाबदेही तय की जाएगी। यह सख्त संदेश देने के साथ ही ब्लिंकन ने शिनजियांग, तिब्बत व हांगकांग में मानवाधिकार उल्लंघनों के मुद्दों को भी उठाया था। अमेरिकी और चीनी विदेश मंत्रियों के बीच फोन पर यह वार्ता हुई थी। गत 20 जनवरी को जो बाइडन के राष्ट्रपति बनने के बाद दोनों देशों में यह पहली शीर्ष स्तरीय वार्ता है।

# भारत के साथ विवादों को कूटनीति से हल करेंगे: ओली



काठमांडू। नेपाल में चल रहे सियासी उठापटक के बीच प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने कहा कि भारत के साथ चल रहे सीमा विवादों को कूटनीतिक बातचीत के जरिए हल किया जाएगा। नेपाल और भारत ने पिछले महीने नई दिल्ली में मंत्रिस्तर की वार्ता की थी लेकिन हल नहीं निकला था। ओली ने यह टिप्पणी नेपाली सेना की ओर से 'नेपाल की अंतर्राष्ट्रीय सीमा सुरक्षा और सीमा प्रबंधन संबंधित एजेंसियों के बीच समन्वय' शीर्षक पर आयोजित सेमिनार में की।

रक्षा मंत्री का पद भी संभालने वाले ओली ने तर्क दिया कि पड़ोसी देशों के साथ संबंध सौहार्दपूर्ण बनाए जा सकते हैं। उन्होंने कहा, 'नेपाल-भारत के संबंधों को सौहार्दपूर्ण ढंग से मजबूत करने के लिए हमें मानचित्र प्रिंट करना होगा और भारत से बात करनी होगी। हमारे संबंध केवल बातचीत के जरिए ही सौहार्दपूर्ण हो सकते हैं।' नेपाल और भारत का सुस्ता और कालापानी क्षेत्र में सीमा को लेकर विवाद लंबे समय से चल रहा है। वर्ष 2014 में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेपाल यात्रा के दौरान दोनों पक्षों ने विदेश सचिवों के स्तर पर विवाद को हल करने के लिए प्रतिनिधिमंडल भेजे थे, लेकिन वे मिल नहीं पाए। इसके बाद नवंबर 2019 में नई दिल्ली ने कालापानी को अपने क्षेत्र में शामिल करते हुए एक नया राजनीतिक मानचित्र बनाया। नेपाल ने भारत के इस कदम पर आपत्ति जताई और बाद में नेपाल ने विवादित क्षेत्र को शामिल करते हुए नया राजनीतिक मानचित्र पेश कर दिया, जिसे भारत ने अस्वीकार कर दिया था।

# अमेरिकी यूनिवर्सिटी ने दी श्रीश्री रविशंकर को ग्लोबल सिटीजनशिप एंबेसडर की मान्यता

**वाशिंगटन ।** अमेरिका की एक प्रख्यात यूनिवर्सिटी ने भारतीय आध्यात्मिक गुरु श्रीश्री रविशंकर को ग्लोबल सिटीजनशिप एंबेसडर के तौर पर मान्यता दी है। यूनिवर्सिटी ने शांति और मानवीय कार्यों के साथ-साथ अंतरधार्मिक नेता के तौर पर काम करने के लिए यह सम्मान दिया है। सोमवार को जारी एक वक्तव्य के अनुसार, नार्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर स्पिरिचुअल्टी, डायलॉग एंड सर्विस ने रविशंकर को पिछले सप्ताह ग्लोबल सिटीजनशिप एंबेसडर के तौर पर मान्यता दी। यूनिवर्सिटी के कार्यकारी निदेशक और आध्यात्मिक सलाहकार अलेक्जेंडर लेवेरिंग कर्न ने कहा, हम श्रीश्री के आभारी हैं। ग्लोबल सिटीजनशिप एंबेसडर कार्यक्रम शुरू करने के लिए इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता था। हम एक प्रसन्नचित्त मानवीय कार्यकर्ता से वार्ता करेंगे और उनसे सीखेंगे। उन्होंने हमारे सर्वोत्तम साझा मानवीय मूल्यों को जीवन में उतारा है। बयान में कहा गया है कि श्रीश्री ने कई स्तरों पर बातचीत और रणनीतिक पहल के माध्यम से शांति को बढ़ावा दिया है। उन्होंने कई देशों में चल रहे संघर्ष को सुलझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है वहीं राहत कार्यक्रमों का भी नेतृत्व किया है।



# खबरें एक नजर में

## केंद्र ने बताया, गूगल ने प्लेस्टोर से हटाए सौ फर्जी इंस्टेंट लोन एप

**नई दिल्ली ।** इलेक्ट्रानिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने बताया कि गूगल ने अभी तक देश में करीब सौ फर्जी इंस्टेंट लोन एप अपने प्लेस्टोर से हटा दिए हैं। ये एप कथित रूप से निजी डाटा एकत्रित करने और उसके दुरुपयोग, धोखाधड़ी, धमकी देने की गैरकानूनी गतिविधियों और कर्ज की जबरन वसूली के अन्य तरीके अपनाने में संलिप्त थे।

लोकसभा में एक सवाल के जवाब में मंत्रालय ने बताया कि जांच एजेंसियों से ऐसे एप की सूचना मिलने के बाद गूगल ने पहले ही दिसंबर, 2020 से 20 जनवरी, 2021 के बीच करीब सौ एप को प्लेस्टोर से हटा दिया। मंत्रालय को इन एप के बारे में लोगों से कई शिकायतें प्राप्त हुई थीं। गूगल ने बताया कि उसने बाकी एप के डेवलेपर्स से भी यह दिखाने के लिए कहा है कि वे भारत में लागू स्थानीय कानूनों और नियमों का पालन करते हैं।

## कृषि कानून लागू करने की मांग पर सुप्रीम कोर्ट का सरकार को नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने तीनों कृषि कानून लागू करने की मैदा मिलों की मांग पर केंद्र व उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया है। इसके साथ ही कोर्ट ने कानून लागू करने की मांग वाली इन याचिकाओं को कृषि कानून के मुद्दे पर लंबित अन्य याचिकाओं के साथ सुनवाई के लिए संलग्न करने का आदेश दिया है। उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ की दो मैदा मिलों रामवे फूड्स लिमिटेड और आरसीएस रोलर फ्लोर मिल्स लिमिटेड ने कृषि कानूनों के समर्थन में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। याचिका में मांग की गई है कि केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देश दिया जाए कि वे तीनों नये कृषि कानूनों को लागू करें।

## केंद्र सरकार ने कार कंपनियों की लगाई फटकार, कहा- कम सुरक्षित वाहन बेचना बंद करें

**नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार ने अधिकतर कार कंपनियों द्वारा जानते-बूझते कम सुरक्षित वाहन बेचने पर गहरी नाराजगी जताई है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के सचिव गिरिधर अरमाने ने मंगलवार को कहा कि कार कंपनियां व्हीकल सेफ्टी रेटिंग्स सिस्टम नहीं अपना रही हैं। कुछ कंपनियां इन्हें अपना भी रही हैं तो वे कारों के टॉप मॉडल यानी सबसे अच्छे संस्करणों में ही इसका उपयोग करती हैं। बेस या उससे ठीक ऊपर के कई मॉडल में ऐसे इंतजाम नहीं दिखते । यह अक्षम्य अपराध है और कंपनियों को इससे बचना ही होगा।

दूसरे देशों की तुलना में भारत में वाहनों के सुरक्षा मानकों पर खरा नहीं उतरने संबंधी खबरों पर अरमाने ने कहा कि कंपनियों को इसे गंभीरता से लेना होगा। ऑटो उद्योग की संस्था सियाम के एक कार्यक्रम में उन्होंने ऑटो कंपनियों से दो-टूक कहा कि वे ऐसी कारें बेचना बंद करें, जिनमें सुरक्षा के पर्याप्त उपाय नहीं किए गए हैं। सुरक्षा बढ़ाने के लिए नई तकनीक अपनाने पर जोर देते हुए अरमाने ने कहा कि कंपनियों को थ्री-प्वाइंट सीट बेल्ट को भी अपनाना चाहिए। इस संबंध में उन्होंने मौजूदा दौर में सीट बेल्ट व एंटी-लॉक ब्रेकिंग सिस्टम का भी जिक्र किया।

## शेयर बाजार में उछाल से वित्त मंत्री खुश, बोलीं - पहली बार बजट के बाद पूरे हफ्ते बाजार सकारात्मक रहा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शांति निकेतन में गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की कुर्सी पर बैठने के आरोपों का संसद में सबूत के साथ जवाब दिया। गृह मंत्री ने तस्वीरें दिखाकर संसद में कहा कि वह नहीं, बल्कि पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू और फिर राजीव गांधी उस कुर्सी पर बैठ चुके हैं।

उन्होंने आगे कहा कि सदन में बात करते हैं तो बात करने से पहले तथ्यों को देखना चाहिए। कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया से उठाकर हम यहां पर रख दें तो इससे सदन की गरिमा को ठेस पहुंचती है। शाह ने तंज कसते हुए कहा कि लेकिन मैं इसमें इनका दोष नहीं देखता उनकी पार्टी का जो इतिहास है, उसके कारण इनसे गलती हो गई। मैं तो नहीं बैठा उस कुर्सी में, मेरे पास दो फोटो हैं, जिनमें जवाहर लाल नेहरू उस कुर्सी पर बैठे हैं, जहां टैगोर बैठा करते थे।

# सोफी चौधरी बेहद खास अंदाज में सेलिब्रेट करती दिखीं अपना 39 वां बर्थडे



बॉलीवुड अभिनेत्री सोफी चौधरी आज अपना 39वां बर्थडे सेलिब्रेट कर रही हैं। वैसे तो अक्सर सोफी अपनी बोल्ड फोटो को लेकर सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोरती रहती हैं। बर्थडे के खास मौके पर सोफी चौधरी ने अपने बर्थडे सेलिब्रेशन की कुछ स्पेशल फोटोज शेयर की हैं। अदाकारा ने इंस्टाग्राम पर केक के साथ तस्वीर शेयर कर इसके कैप्शन में लिखा है,मेक मी विश 5 एंड इट लॉट्स ऑफ केक,माय किंडा बर्थडे। वैसे सोफी की यह तस्वीर फैंस को बहुत पसंद आ रही है तभी तो उन्होंने धड़ल्ले से लाइक और बर्थडे विश करना शुरू कर दिया। मालूम हो अभिनेत्री अक्सर अपने इंस्टाग्राम पर अपनी नई-नई तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। वैसे सोफी ने यह भी बताया कि इस साल कोरोना की वजह से उनका बर्थडे हर साल की तरह नहीं बन सकेगा,लेकिर वो इस साल को खास बनाने की पूरी कोशिश कर रही हैं। सोफी ने कहा कि उनके दोस्त यार बहुत हैं और एक दिन में सभी से मिलकर पार्टी करना कोरोना टाइम में बहुत मुश्किल होगा,इस वजह से वो अपना बर्थडे एक दो दिन नहीं बल्कि पूरे तीन दिन तक सेलिब्रेट करेंगी। दरअसल सोफी का कहना है पिछले साल उन्होंने एक ही दिन अपने सभी दोस्तों,परिवार सभी को एक साथ एक ही दिन पार्टी कर अपना जन्मदिन मनाया था,परंतु इस साल कोरोना की वजह से उन्हें अपने बर्थडे पार्टी को तीन दिन मनाना पड़ रहा है। वहीं फिल्मों की बात करें तो अदाकारा शादी नंबर 1,शूटआउट एट वडाला और वंस अपॉन अ टाइम मुंबई दोबारा जैसी फिल्मों में काम कर चुकी हैं। खैर बतौर अभिनेत्री सोफी का करियर कुछ खास नहीं रहा है,मगर उनके गाने खूब चर्चा में रहे हैं।

# बिग बॉस 14 में शॉकिंग इविक्शन, अभिनव शुक्ल के इविक्शन पर फूट-फूटकर रोईं रुबीना

बिग बॉस 14 के घर में अभिनव शुक्ला सबसे मजबूत कंटेस्टेंट हैं। उन्होंने अपने गेम से हर किसी का दिल जीता है। शो अपने आखिरी दौर में है और फिनाले बस चंद दिनों की दूरी पर है। हालांकि अब जो खबरें आ रही हैं, उन्होंने हर किसी को चौंका दिया है। खबरें हैं कि शो के मेकर्स ने एक शॉकिंग इविक्शन करते हुए अभिनव शुक्ला को घर से बाहर कर दिया है। बिग बॉस 14 फिनाले से ठीक पहले मेकर्स ने एक बड़ा उलटफेर कर दिया है। मेकर्स ने शो के सबसे मजबूत कंटेस्टेंट अभिनव शुक्ला को घर से बाहर कर दिया है। खबर आते लोगों को बड़ा झटका लगा है। अभिनव शुक्ला के बाहर होने की खबर आते ही सोशल मीडिया पर लोगों ने मेकर्स की खिंचाई करना शुरू कर दिया है। वहीं अभिनव के बाहर होते ही बीवी रुबीना दिलाइक बहुत दुखी हैं। खबर सुनते ही रुबीना की आंखें नम हो गई। इस खबर पर कोई भी यकीन नहीं कर पा रहा है। दरअसल इस वक्त घर में कंटेस्टेंट्स का सपोर्ट करने के लिए कनेक्शनंस आए हुए हैं और उन्हीं की वोटिंग के आधार पर इस बार हफ्ते के बीच में ही एलिमिनेशन हो गया है। खबर आते ही अभिनव के फैंस को यकीन नहीं हो रहा है। द रियल खबरी की मानें तो अभिनव शुक्ला को फिनाले से पहले ही घर से बाहर कर दिया गया है। घर में आए सब कनेक्शंस से कहा गया कि आपको एक पावर दी जाती है। आपके हिसाब से घर से किस सदस्य को बाहर कर देना चाहिए। नॉमिनेशंस की ओर से अभिनव शुक्ला का नाम लिया गया और इसी के साथ अभिनव का इस साल का सफर खत्म हो गया। खबर आते ही सोशल मीडिया पर कोहराम सा मच गया है। अभिनव के फैंस को तो यकीन नहीं हो रहा है कि ऐसा कैसे हो गया। अभिनव के फैंस ने तो मेकर्स को खरी-खोटी सुनाना शुरू कर दिया है। लोगों का कहना है कि वोटिंग से नहीं निकाल पाए तो बाहर करने के लिए ये पैंतरा लगा लिया।



# हाजमा बिगाड़ देगा अजवाइन का ज्यादा सेवन, पहले जान लें इसके नुकसान

जीवन में हर चीज का संतुलन होना बहुत अच्छा है। खाने में स्वाद बढ़ाने के अलावा अजवाइन का सेवन छोटी-मोटी हैल्थ प्रॉब्लम्स के लिए रामबाण औषधी है। लोग वजन घटाने से लेकर हाजमा सही करने के लिए अजवाइन का सेवन करते हैं लेकिन हद से ज्यादा इसका सेवन आपको बीमार भी कर सकता है। जी हां, अगर गलत तरीके व मात्रा में अजवाइन का सेवन किया जाए तो इससे हाजमा सही होने के बजाए बिगड़ भी सकता है। चलिए आपको बताते हैं अजवाइन के नुकसान....

**कितनी मात्रा में करें सेवन?**

एक दिन में 10 ग्राम से अधिक अजवाइन का सेवन नहीं करना चाहिए। दरअसल, इसकी तासीर गर्म होती है इसलिए अधिक मात्रा में इसका सेवन हानिकारक हो सकता है।

**कैसे खाएं अजवाइन?**

अजवाइन को पानी में डालकर उबालें और फिर पानी को छानकर पी लें। आप इसे गुड़ के साथ भी ले सकते हैं।

**पेट में अल्सर:** पेट में अल्सर, इंटरनल ब्लीडिंग, अल्सरेटिव कोलाइटिस या मुंह में छाले हो तो भूलकर भी अजवाइन का सेवन ना करें। इससे आपकी समस्या बढ़ सकती है।

**हो सकती है कब्ज:** लगातार और ज्यादा मात्रा में इसका सेवन गैस , एसिडिटी और कब्ज की दिक्कत दे सकता है इसलिए हाजमा सही करने के लिए इसका अधिक मात्रा में सेवन ना करें। साथ ही इससे सीने में जलन या जठरांत्र की समस्या भी हो सकती है।

**स्किन संवेदनशील हो सकती:** इससे आपकी स्किन सेंसटिव हो सकती है। ऐसे में धूप के संपर्क में आने से स्किन पर अलग-अलग तरह के एलर्जिक रिएक्शन हो सकते हैं। यही नहीं, बाद में यह स्किन कैंसर का कारण भी बन सकता है।

**प्रेगनेंसी में ना करें सेवन:** प्रेगनेंसी में भूलकर भी अजवाइन का सेवन ना करें क्योंकि इससे शरीर में गर्मी का लेवल बढ़ जाता है, जो इस स्थिति में खतरनाक है। हालांकि आप कब्ज और एसिडिटी के लिए अजवाइन खा सकती हैं लेकिन दिन में 10 ग्राम से ज्यादा नहीं।

**दिल की बीमारी:** पानी के साथ अजवाइन लेने से दिल की धड़कन और ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है। ऐसे में आप कई तरह हार्ट डिसीज के घेरे में आ सकते हैं।

**लिवर की परेशानियां:** अधिक मात्रा में अजवाइन का सेवन लिवर संबंधित बीमारियों का कारण बन सकता है। डायवर्टीकुलिटिसऔर अल्सरेटिव कोलाइटिस से जूझ रहे लोगों को अजवाइन का सेवन नहीं करना चाहिए।

**चक्कर और उल्टी :** अजवाइन में थाइमोल व गामा टेरपीन होता है, जिससे उल्टी-मतली और चक्कर आ सकते हैं। वहीं, इससे अम्लता बढ़ती है, जिससे मुंह का स्वाह और मूड खराब हो सकता है।

**एलर्जी है तो रहें दूर:** अगर अजवाइन से एलर्जी है तो इसका सेवन भूलकर भी ना करें। इससे आपको सर्दी, रैशेज या पित्त की समस्या हो सकती है। इसलिए अजवाइन खाने से पहले पैच टेस्ट कर लें।



# कपूर परिवार पर फिर टूटा दुखों का पहाड़, ऋषि कपूर के छोटे भाई राजीव कपूर का हार्ट अटैक से निधन



राम तेरी गंगा मैली जैसी फिल्मों से मशहूर हुए एक्टर राजीव कपूर का मंगलवार को निधन हो गया है। 58 साल के राजीव का हार्ट अटैक से निधन हुआ है। तबीयत खराब होने पर रणधीर को इनलंक्स अस्पताल ले जाया गया था जहां करीना के पिता रणधीर भी पहुंचे। लाख कोशिशों के बाद भी डॉक्टर राजीव को नहीं बचा पाए। बताया जा रहा है कि दिल का दौरा पड़ने पर रणधीर कपूर छोटे भाई राजीव कपूर को लेकर अस्पताल पहुंचे थे, लेकिन डॉक्टर्स ने वहां उनको मृत घोषित कर दिया। रणधीर कपूर ने भी छोटे भाई के निधन की खबर की पुष्टि की है। उन्होंने कहा-मैंने अपने सबसे छोटे भाई राजीव को खो दिया है। वो अब इस दुनिया में नहीं रहा। डॉक्टरों ने पूरी कोशिश की लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। उन्होंने आगे कहा-मैं अस्पताल में हूं और अपन छोटे भाई का शव लेने का इंतजार कर रहा हूं। दिवगंत अभिनेता ऋषि कपूर की पत्नी नीतू कपूर ने भी सोशल मीडिया के जरिए राजीव कपूर के निधन की पुष्टि की है। उन्होंने राजीव कपूर की एक फोटो शेयर की है। राजीव तीनों भाइयों में सबसे छोटे हैं। पिछले साल ही ऋषि कपूर का निधन हुआ था जिससे परिवार अभी तक उबर भी नहीं पाया था और अब राजीव के निधन से परिवार को एक और बड़ा झटका लगा है। बता दें कि राजीव ने अपने करियर की शुरुआत फिल्म जिम्मेदार से की थी। हालांकि उन्हें असली पहचान फिल्म राम तेरी गंगा मैली से मिली थी। एक्टिंग में सक्सेस नहीं मिलने के बाद राजीव ने फिर प्रोड्यूसर के तौर पर अपना काम शुरू किया। राजीव ने हीना, प्रेम ग्रंथ और आ अब लौट चलें फिल्मों को प्रोड्यूस किया है।

# कैमरे को देख चादर लपेट कर वहां से दौड़ पड़ीं सारा अली खान, लोगों ने पूछा- इतनी तेज क्यों भाग रहीं?



फेमस सिलेब्रिटीज फोटोग्राफर विरल ने सारा अली खान का यह वीडियो शेयर किया है। इसे शेयर करते हुए पोस्ट में लिखा गया है, श्आज सबकुछ उल्टा हो गया। अमृता जी ने फोटो के लिए पोज दिया और सारा भाग गई। इसी के साथ अमृता सिंह के बर्थडे की बात भी लिखी गई है। इस वीडियो में करीना और करिश्मा कपूर भी दिख रही हैं। दोनों अपनी मां बबीता के साथ हैं। इस वीडियो पर फैन्स काफी मजेदार कॉमेंट कर रहे हैं। एक ने लिखा है- सारा ने जरूर कोई कांड किया है। किसे ने लिखा- सारा इतना तेजी से क्यों भाग रहीं? लोग सवाल कर रहे हैं- क्या सारा ठीक हैं? बता दें कि सारा अली खान की मां अमृता सिंह का बर्थडे है और इस मौके पर उन्होंने एक प्यार भरा पोस्ट किया है, जिसमें मां-बेटी के साथ इब्राहिम अली खान भी दिख रहा है। सारा ने लिखा है- उन्होंने लिखा है कि मेरी पूरी दुनिया को जन्मदिन की ढेर सारी बधाई, मेरा आईना, मेरी ताकत और मेरी प्रेरणा बनने के लिए आपका बहुत-बहुत शुक्रियां, मैं आपको ढेर सारा प्यार करती हूं।